सेंसेक्स 73,667.96 ▲ +165.32
डॉलर 82.784 ▼ +0.043

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 32.0 | 19.0 | 28.0 |
| धनबाद | 34.0 | 20.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 20.0 | 34.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 13 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 146, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय खलिस्तान समर्थकों से लोहा लेते हैं गुरुदेव ... 08
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
विकास योजनाएं सरकार बनाने का ... 12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,930
चांदी (किलो) 74,420

## एक नजर

### आठ आईएएस का तबादला, बालकिशुन बने पलामू के आयुक्त

**श्रीनिवासन बने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव**

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के निदेशक श्रीनिवासन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री श्रीनिवासन अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ ग्रामीण कार्य विभाग सचिव और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक के पद के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस कड़ी में चंद्रशेखर सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ जुडको का प्रबंध निदेशक और ग्रेटर रांची विकास एजेंसी का प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है ।बालकिशुन मुंडा को प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल से प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू प्रमंडल,अंजनी कुमार मिश्रा को विशेष सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिण छोटानागपुर , सुनील कुमार को अपर सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उत्पाद आयुक्त रांची का अतिरिक्त प्रभार, प्रतीक्षारत फैज अक अहमद मुमताज को ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से बीपीएल को जोड़ा गया

# राज्यकर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा पंचायत सेवकों को 2500 मानदेय

**कक्षा नौ से बारह तक के स्कूली बच्चों को पुस्तकों के लिए अब 902 रुपये मिलेंगे**



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में हुई। इसमें 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी। झारखंड कैबिनेट से राज्यकर्मियों को भी तोहफा मिला है। कैबिनेट ने महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी को स्वीकृति दी है। चार फीसदी की वृद्धि की गयी है। होली से पहले राज्य सरकार ने इन्हें सौगात दी है। राज्य कर्मियों को एक जनवरी की तिथि से चार प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ दिया जाएगा। इसका लाभ पेंशनधारी और पारिवारिक पेंशन धारी को भी मिलेगा। पहले 46 प्रतिशत मिलता था। अब 50 प्रतिशत डीए मिलेगा। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने पत्रकारों को बताया कि पंचायत स्वयंसेवकों को अब पंचायत सहायक कहा जाएगा। राज्य के 14 हजार पंचायत स्वयंसेवकों को पंचायत सहायक के नाम से जाना जाएगा और उन्हें 2,500 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इंसेंटिव भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हर पंचायत में चार-चार स्वयंसेवक हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 16 मार्च को

रांची। झारखंड कैबिनेट की अगली बैठक 16 मार्च को बुलाई गई है। प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक के संबंध में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के लिए 105.29 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।
- ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव पर चंदवा लातेहार के 400 केवी संचरण लाइन और पतरातू में 400 के बीच संरक्षण नहीं की चोरी हो जाने के बाद यह पूरे मामले के डिस्प्यूट को पीजीसीई और जेबीएसएनल से निपटारा के लिए उच्च स्तरीय कमेटी को देने का फैसला लिया गया है। साथ ही संचरण कार्य न रुके क इसके लिए पीजीसीआईएल को चार करोड़ रुपये देने की मंजूरी दी गई है।
- सरकारी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा एक से दो और कक्षा तीन से चार बच्चों का मूल्यांकन होगा और उनके मूल्यांकन शिक्षक करेंगे और आठवीं से ऊपर का मूल्यांकन जैक करेगा।
- राज्य के लेवल-वन और लेवल-टू के कर्मियों के लिए परिवहन भत्ता 3,600 और महंगाई भत्ता और अन्य लेबल के कर्मियों के लिए 18 सौ रुपये के साथ महंगाई भत्ता दिया जायेगा।
- आठवें पॉलिटेक्निक खूंटी छात्र लोहरदगा हजारीबाग जामताड़ा गोंडा पालमपुर बगोदर को पैन आईटी से संचालित करने के लिए 77 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।
- डीएवी पुनदाग से डीएवी ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

# विधायक अंबा सहित उनके पापा, चाचा, मामा के ठिकाने पर ईडी की दबिश

- धुर्वा में सीओ शशिभूषण सहित कई अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी
- अंबा के हजारीबाग-हुरहुरू स्थित आवास में खंगाले जा रहे कागजात
- विधायक के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत की गई थी
- ईडी को ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े कुछ चैट मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में प्रतिबंधित प्रकृति की जमीन को अवैध तरीके से हड़पने की कोशिश, रंगदारी, बालू तस्करी सहित करीब आधा दर्जन मामलों में ईडी ने बड़कागांव से कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद व उनसे जुड़े 17 ठिकानों पर मंगलवार को छापामारी की। इस छापामारी में ईडी को कुछ लोगों के यहां से करीब दस लाख रुपये नकदी, भारी मात्रा में जमीन से जुड़े दस्तावेज, जमीन की खरीद-बिक्री व काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ईडी की टीम ने बड़कागांव विधायक, उनके पिता व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, सीओ शशि भूषण सिंह, योगेंद्र साव के भाई धीरेंद्र साव, साला मुकेश साव के हजारीबाग स्थित घर में छापेमारी की है। इसके अलावा केरेडारी के राजू साव, हजारीबाग जिला तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र साव के आवास पर भी ईडी ने रेड की है। ईडी सभी बरामदगी को मनी लॉन्ड्रिंग के बिंदु पर देख रही है। रांची में सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में शुरू हुई ईडी की जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस जमीन की जांच के क्रम में ईडी की टीम ने चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले का भी भंडाफोड़ किया। जांच आगे बढ़ी और इसकी जांच की आंच तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंची और वे गिरफ्तार किए गए। अब जांच का दायरा रांची से निकलकर हजारीबाग भी पहुंच गया है, जहां बड़कागांव से कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव आदि पर भी हजारीबाग में जमीन हड़पने की कोशिश करने का खुलासा हो चुका है।

**अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह के ठिकाने से बरामद हुई नकदी :** रांची के हवाई नगर, रोड नंबर एक निवासी शशिभूषण सिंह अंचलाधिकारी हैं। उनके हजारीबाग के सदर प्रखंड में पदस्थापन के ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

### यहां-यहां हुई छापामारी

**योगेंद्र साव :** हजारीबाग में कालावती अस्पताल के बगल में, डूमर लाज के पास हुरहुरू रोड। यहां हबिकान प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अष्टभूजी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मां अस्टभूजी सेरामिक, वी कनेक्ट इंडिया, लक्ष्मण सेरामिक एंड मिनरल, मेसर्स अंकित राज, मेसर्स योगेंद्र प्रसाद, मेसर्स एसकेएस इंटरप्राइजेज, मिलियन ड्रीम फाउंडेशन।

**मुकेश साव :** 349, 1, मुंद्रिका भवन, बड़कागांव रोड, बिश्वेशवर नर्सिंग होम, हजारीबाग।

**राजेश साव :** 349, 1, मुंद्रिका भवन, बड़कागांव रोड, बिश्वेशवर नर्सिंग होम, हजारीबाग।

**संजय कुमार :** खरांती, गोसाईंबलिया, बड़कागांव, हजारीबाग।

**अंबा प्रसाद :** विधायक, एफ-44, सेक्टर-3, जगन्नाथपुर, धुर्वा, रांची।

**पंकज नाथ :** फ्लैट नंबर -9, ब्लाक-बी, जी-9, साईं रेसिडेंसी, चित्रगुप्तनगर, बड़गाईं गांव, बड़गाईं एरिया, बड़गाईं रोड, रांची।

**अजीत कुमार गुप्ता उर्फ इंदर :** पिता राजेंद्र प्रसाद, 68 केबी रोड, खजांजी तलाब के नजदीक, सदर, हजारीबाग।

**कुशाग्र रूद्र :** पिता दिनेश कुमार राणा, दिनकर नगर, फोरेस्ट कालोनी, हजारीबाग।

**बिंदेश्वर कुमार दांगी :** पिता प्रेम नाथ महतो, जीडीएम चौकथाना के ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

# नायब सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**मनोहर कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने फिर से ली शपथ**

**मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद नई कैबिनेट का गठन**



**चंडीगढ़।** कुरूक्षेत्र से भाजपा के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार की शाम राजभवन में आयोजित एक समारोह में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सैनी के अलावा पांच विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री की शपथ दिलाई। हरियाणा में सोमवार की रात शुरू हुई राजनीतिक उठापटक मंगलवार को नई सरकार के गठन के बाद समाप्त हुई। हरियाणा में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में जननायक जनती पार्टी में भाजपा के साथ चल रहा गठबंधन अचानक टूट गया। इसके बाद मनोहर लाल ने पूरी सरकार को इस्तीफा राज्यपाल का सौंप दिया। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ चंडीगढ़ में पहुंचे और उनकी मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद नायब सैनी मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रभारी बिप्लब देव तथा दोनों पर्यवेक्षकों के ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने पदभार ग्रहण किया



**दिल्ली /रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की नव मनोनीत सदस्य डा. आशा लकड़ा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग की सचिव अलका तिवारी ने उन्हें (पत्र) वारंट सौंपा और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद डा. आशा लकड़ा ने सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर आयोग में लंबित मामलों की सूची ए, बी और सी कैटेगरी के तहत सूचीबद्ध करें, ताकि प्राथमिकता के तहत सभी मामलों को निष्पादित किया जा सके। इस क्रम में उन्होंने सचिव से यह भी कहा कि झारखंड से संबंधित लंबित मामलों को भी ए, बी और सी कैटेगरी में सूचीबद्ध करें, ताकि आवश्यक मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित किया जा सके। कहा, 14 मार्च को पुनः लंबित मामलों के निष्पादन ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

### पीएम मोदी ने दी सौगात

# 4,450 करोड़ से तीसरी रेल लाइन शुरू, कोयले की ढुलाई में आएगी तेजी

**डालटनगंज और नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन-एक उत्पाद स्टॉल का उद्घाटन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोशियारा में बने रेलवे के गुड्स शेड सहित डालटनगंज और नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन-एक उत्पाद स्टॉल का मंगलवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर इसका लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में सांसद विष्णुदयाल राम, विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, बीजेपी जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, परशुराम ओझा, प्रफुल्ल सिंह, दुर्गा जौहरी, विभाकर नारायण पांडे समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। यातायात निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी, स्टेशन प्रबंधक उमेश कुमार, विकास कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव आदि के नेतृत्व में रेल कर्मियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि पंजरी और लालगढ़ में लंबे समय से एलएचएस निर्माण की मांग की जा रही थी। रेलवे ने यहां एलएचएस निर्माण की स्वीकृति दे दी है। ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

## वंदे भारत की रांची वाराणसी यात्रा का आंखों देखा हाल

# रांची एकमात्र राजधानी जहां से तीन वंदे भारत

- अधिकतम गति 130 किमी के साथ आठ नवीनतम बोगियां
- एग्जीक्यूटिव बोगी का भाड़ा 2700 व चेयरकार का भाड़ा 1100

**18 से होगी नियमित यात्रा**









मंगलवार की सुबह 9.40 बजे हैं, रांची रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों के साथ वाराणसी के लिए रवाना हुई। मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ, कोचे मुंडा, समीर उरांव, आदित्य साहू और सीपी सिंह ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों और उपस्थित पत्रकारों से मिले। संजय सेठ ने ट्रेन में यात्रा भी की उन्होंने कहा कि रांची एकमात्र राजधानी है जहां से तीन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं चुनाव के बाद पुरी के लिए चौथी ट्रेन चलेगी। पांचवीं अयोध्या के सवाल को टाल गए। पत्रकारों की बोगी में कई युवा मुखिया व भाजपा कार्यकर्ता भी सवार थे। हवाई जहाज की तरह सुविधाओं वाली बोगी के बड़े शीशों से झारखंड के प्राकृतिक दृश्यों का अद्भुत नजारा मिल रहा था। अंदर लगे डिस्प्ले बोर्ड में ट्रेन की गति से लेकर मेट्रो जैसी उद्घोषणाएं और अपने आप बंद होने वाले दरवाजे, सूटधारी कर्मचारी बिना किसी शोर-शराबे के सुखद यात्रा, सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट....। ऐसा लग रहा था जैसे आरामदेह सीट वाली मेट्रो ट्रेन हो। 10.30 बजे ट्रेन मूरी पहुंची 10.33 बजे स्टेशन पर समारोह आयोजित कर ट्रेन को रवाना किया गया। यहां से ट्रेन 11.13 बजे बोकारो में स्वर्णरेखा स्कूल और डीएवी की छात्राएं उतरीं। जय श्री राम के नारों के बीच यहां भी सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी थी। पर आम लोगों की भीड़ कम देखी गई। 12.50 बजे ट्रेन कोडरमा स्टेशन पहुंची, यहां भी ढोल नगाड़े के साथ लोगों ने इसका स्वागत किया गया। वंदे भारत में कोडरमा से गया तक एक जर्मन युवा पैसेंजर मि पॉल ने भी यात्रा की और राष्ट्रीय नवीन मेल से कहा कि भारतीय रेलवे की स्थिति जर्मनी ▸▸शेष पृष्ठ 15 पर

## इंडिया: नवाचार से बढ़ती ब्रांड इंडिया और मेड इन इंडिया की वैश्विक स्वीकार्यता


सुनील बादल

**वर्ष** 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार और उद्योग-कारोबार जगत द्वारा बौद्धिक संपदा, शोध और नवाचार की भूमिका को और अधिक अहम एवं प्रभावी बनाए जाने की नीति पर और काम किया जाना चाहिए। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है। पिछले वर्ष भी भारत इसी क्रम पर स्थित था। आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमशः अमेरिका, यूके, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक संपदा में आविष्कार, रचनात्मक व कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क और शोध व नवाचार शामिल हैं। हालांकि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक संपदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपी मापदंडों के मद्देनजर भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है। यदि हम बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को देखें, तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है। लेकिन अब भी देश के तेज विकास के ऊंचे लक्ष्यों के लिए बौद्धिक संपदा शोध और नवाचार में भारत को काफी कुछ करना जरूरी है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भी भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस सूचकांक में भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह वाली अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है जो उत्साहवर्धक और प्रेरक है। भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। बौद्धिक संपदा शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। आज भारत में करीब 1.25 लाख स्टार्ट-अप हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। गौरतलब है कि बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के आधार पर ही विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी किसी देश में अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। हालांकि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र को परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में शोध और विकास पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार पर खर्च वैश्विक औसत 1.8 फीसदी से भी कम है। फिलहाल देश में निजी क्षेत्र का आर ऐंड डी पर खर्च जीडीपी का करीब 0.35 फीसदी है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की स्थापना करने की घोषणा की है। संभावना है कि सरकार अमेरिकी उद्योग मंडल, यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक रिपोर्ट, 2024 के तहत भारत सरकार बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के वर्तमान ढांचे में मौजूद खामियों को दूर करने और भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक नया मॉडल बनाने की डगर पर आगे बढ़ेगी। इससे जहां ब्रांड इंडिया और मेड इन इंडिया की वैश्विक स्वीकार्यता सुनिश्चित की जा सकेगी, वहीं स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, कारोबार, ऊर्जा, शिक्षा, रक्षा, संचार, अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।




### सीएए पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने की अधिसूचना जारी किए 24 घंटे का समय भी नहीं बीता कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में उस पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाएं भी दाखिल हो गईं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन आफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग अर्जी दाखिल कर कोर्ट से सीएए लागू करने की अधिसूचना पर रोक लगाने की मांग की है। इनमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में बहुत सी याचिकाएं लंबित हैं जिनमें सीएए की वैधानिकता को चुनौती दी गई है, ऐसे में उन याचिका पर सुनवाई पूरी होने तक सीएए लागू करने पर रोक लगा दी जाए। मालूम हो कि संसद ने 11 दिसंबर 2019 को सीएए पारित किया था और अगले दिन 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति ने उसे मंजूरी दे दी थी।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर

**हुसैनाबाद।** जपला-दंगवार मुख्य रोड के बुधुआ गेट के समीप बाइक से गिरकर अनुज विश्वकर्मा नामक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह हैदरनगर के भाई विगहा गांव का निवासी है। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि सामने से आरे भारी वाहन की लाइट आंख में पड़ने से युवक ने बाइक पर से अपना नियंत्रण खो दिया। चिकित्सक के अनुसार उसके सिर में गंभीर चोट लगी है।

### प्रशासन की लापरवाही से अतिक्रमण में बढ़ोतरी



**पाटन।** किशुनपुर मेन चौक पर अतिक्रमण का रफ्तार तेजी से बढ़ रहा है। इस जगह पर प्रतिदिन दिन मे बड़े-छोटे गाड़ियों से जाम लगा रहता है। जिससे आवागमन में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। रोड के किनारे दुकानदार के द्वारा रोड पर अतिक्रमण कर बैठे रहते हैं। इस संबंध में कई बार वहां के लोगों द्वारा अंचलाधिकारी को सूचित किया गया है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से समस्या बद से बदतर होती जा रही है।

### बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

**सतबरवा।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को 20 बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन प्रखंड विकास पदधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने किया। बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, जन वितरण प्रणाली, विधवा, वृद्ध ,दिव्यांग पेंशन , अबुआ आवास, 15 वीं वित्त योजना,मनरेगा योजना आदि पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बीडीओ अभिषेक पांडे ने बताया कि प्रखंड में 244 सिंचाई कूप मिला है, परंतु अब तक 108 आवेदन ही प्राप्त हुये हैं। बीस सूत्री सदस्यों ने अबुआ आवास समेत कई योजनाओं की सूची की मांग बीडीओ से की।

### मुखिया ने किया 4.47 लाख की लागत से पीसीसी सड़क का शिलान्यास

# देवरी खुर्द में आवागमन की राह सुगम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के टोला सोनपुरवा गांव में पंचायत की मुखिया ममता देवी ने 15वें वित्त आयोग की मद से बनने वाली पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके तहत बालकेश्वर यादव के घर से नंदू मेहता के घर तक निर्माण किया जाएगा। मुखिया ने कहा कि गांव की सड़क, नाली निर्माण एवं स्वच्छता से गांव का विकास होता है। इस पथ के निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई। उसके बाद योजनाओं का चयन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव राजेश कुमार, वार्ड सदस्य गीता देवी, ग्रामीण रामप्रवेश यादव, मथुरा मेहता, तुलसी मेहता, धर्मेंद्र मेहता, उपेंद्र कुमार, अशोक मेहता, मनोज मेहता, गीता देवी,रीमा देवी, सविता देवी, पुष्पा देवी, चंपा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र मेहता मौजूद थे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**सतबरवा।** ब्रह्म बाबा स्थान के पास मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज का आषीश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मेदिनीनगर में आयोजित युवा मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इस दौरान स्थानीय बाजार में उनका माल्यार्पण व नारेबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। मौके पर अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, अजीत कुमार सोनी, निर्मल वर्मा, छोटू कुमार सोनी, रोहित कुमार उपस्थित थे।

# स्नातक सेमेस्टर टू की परीक्षा में 25 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर -टू की सत्र 2022-26 की परीक्षा शहीद भगत सिंह परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रही है। मंगलवार को केंद्र पर 1739 परीक्षार्थियों में 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण प्रभारी प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक प्रो. संजय कुमार सिंह व दंडाधिकारी नीरज कुमार गुप्ता ने परीक्षा का निरीक्षण किया। केन्द्राधीक्षक ने बताया कि मंगलवार को भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। परीक्षार्थियों की मेन गेट व परीक्षा कक्ष में भी कड़ाई से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को नकल रहित तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध परीक्षा केंद्र पर किए गए हैं। साथ ही पर्याप्त पुलिस कर्मियों के अलावा महिला पुलिस की ड्यूटी भी निर्धारित हुई है। ताकि परीक्षा का संचालन कदाचार मुक्त हो सके। इस मौके पर ममता कुमारी, संजय सिंह, प्रो.अनिल कुमार सिंह, प्रो.कृष्ण कुमार सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, निखिल सिंह, विपुल तिवारी, अनिल कुमार, अखिलेश पाल समेत कई वीक्षक सक्रिय रहे।

### जनप्रतिनिधियों, रेल कर्मियों व आम नागरिकों की मौजूदगी में पीएम ने किया उद्घाटन

# कोसीआरा स्टेशन पर नवनिर्मित गुड्स शेड राष्ट्र को समर्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीडीयू मंडल के बीडी रेलखंड अंतर्गत कोसीआरा व नबीनगर स्टेशन पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास के बाद मंगलवार को नवनिर्मित गुड्स शेड का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व रेल अधिकारी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि पूरे देश में 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास के साथ ही राष्ट्र को समर्पित किया गया है।



सांसद विष्णु दयाल राम के साथ जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि इन गुड्स शेडों का निर्माण होने से स्थानीय किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों को पास ही रेल से माल परिवहन की सुविधा मिल सकेगी। डीडीयू मंडल सिग्नल दूरसंचार अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व कामेश्वर कुशवाहा ने रेल अधिकारियों से यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा भी की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जायसवाल ने इसके लिये पीएम को धन्यवाद दिया।

### वंदे भारत को जपला होकर चलाने की मांग

हुसैनाबाद। जिप सदस्य राजू मेहता ने एक्स पर ट्वीट कर वंदे भारत ट्रेन को पलामू व लातेहार जिला के रास्ते चलाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट में इस ट्रेन के रुट बदलने पर नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि पलाम्‌ू वासी पूर्व में यह बात सुनकर काफी खुश थे कि वंदे भारत ट्रेन रांची से वाया डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला रेलवे स्टेशन होकर वाराणसी जायेगी। इस मामले में सांसद विष्णु दयाल राम ने भी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से कई बार आग्रह किया था। इसके बावजूद इस ट्रेन का रुट परिवर्तित कर बीडी रेलखंड के रेलयात्रियों की घोर उपेक्षा की गई है। उन्होंने पीएम व रेलमंत्री सहित सांसद वीडी राम को ट्वीट कर इस ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है।

# संगीतमय योगाभ्यास का उठाया लुत्फ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्रावास के प्रांगण में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि पतंजलि योग राज्य महिला प्रभारी सुधा झा के द्वारा संगीतमय योग,आसन ध्यान, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। मौके पर मौजूद सैकड़ों ग्रामवासियों ने पूरे तन्मयता के साथ योगाभ्यास किया। प्रभारी श्रीमती झा ने बताया कि योग से स्वयं को जानने का मार्ग प्रशस्त होता है। शरीर के आठ चक्र व नौ द्वार क्रियाशील होते हैं। योग से शरीर स्वस्थ्य होने के साथ ही एक नए शरीर का भी प्रादुर्भाव होता है। प्रखंड प्रभारी विरेन्द्र साहू,सह प्रभारी श्याम बिहारी ,गायत्री परिवार के प्रखंड प्रभारी संजय प्रसाद, योग टीचर राज कुमार साहू, विजय कुमार, राम व श्याम , सुनील गांधी, कमल, पूनम कुमारी, कंचन देवी,सपना कुमारी आदि मौजूद रहीं।

### बाइक व स्कूटी की टक्कर में चार घायल

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज- जपला मुख्य पथ पर सोनबरसा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास स्कूटी सवार को बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार रमना के प्रदीप कुमार,लखन साव व कन्हाई कुमार तथा स्कूटी पर सोनबरसा गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह घायल हो गये। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाने के प्रयास करते रहे, परंतु मोहम्मदगंज अस्पताल में एंबुलेंस नहीं होने व विलंब को देखते हुए उनके परिजन निजी वाहन से घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। इसकी जानकारी मिलते ही मोहम्मदगंज थाना के एएसआई सुबीर किस्कू घटनास्थल पर पहुंचकर अन्य घायलों को दूसरे निजी वाहन अस्पताल तक भेजवाया है। हादसे में सुरेंद्र सहित एक अन्य की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### उपायुक्त ने की मतदाता सूची की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# आचार संहिता लगने से पूर्व सारी तैयारी कर लें पूरी : डीसी



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजरों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का निबंधन, एएसडी वोटर वेरिफिकेशन, सीनियर सिटीजन वेरिफिकेशन, ईपी जेंडर रेश्यो वेरिफिकेशन आदि की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एएसडी( अब्सेंट,शिफ्टेड या डेड ) वोटरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये साथ ही आवश्यकतानुसार फॉर्म 7 भरकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। कहा कि तीनों श्रेणी के वोटरों का अलग-अलग सूची बनायें। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं की सूची अलग होगी, वहीं शिफ्टेड वोटर अर्थात जो मूल रुप से कहीं के वोटर हैं,लेकिन शादी के बाद ससुराल में रह रहें हैं,या नौकरी व अन्य कारणों से बाहर रह रहे हैं और वे अपना नाम वर्तमान पते पर मतदाता सूची में निबंधन कर चुके हैं उनका नाम इस सूची में रहेगा।इसी तरह अब्सेंट वोटर वे हैं जो पढ़ाई या अन्य कारणों से लगातार बाहर रह रहें हैं। शादी ब्याह या अन्य खास अवसरों पर आते हैं। उस वोटर की आने की संभावना बनी रहती है। इन तीनों श्रेणियों को बेहतर ढंग से समीक्षा करते हुए सब सूची को आचार संहिता लगने से पूर्व अद्यतन रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी को वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया साथ ही सभी को अन्य दूसरों लोगों को भी एप इंस्टॉल करने हेतु प्रेरित करने की बात कही।

### धूमधाम से मनेगा राजद का होली मिलन

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के राधे कृष्ण मैदान के समीप छोटू यादव के कॉम्पलेक्स में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल हरिहरगंज प्रखंड इकाई की बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र भुइयां ने किया। बैठक में सर्व सहमति से आगामी 22 मार्च को राधे कृष्ण मैदान में राजद के द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव सहित कई बड़े नेता भाग लेंगे। इस दौरान भोजपुरी गायक सुदर्शन यादव तथा सिरीजानंद पांडेय के द्वारा प्रस्तुत दुगोला का सभी जमकर लुत्फ उठायेंगे। बैठक में प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, छात्र अध्यक्ष दीपक यादव, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र पासवान, विरेंद्र यादव, बबलू अंसारी, पप्पू कुमार, सौदागर भुइयां आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत बनाने के लिये नागरिकों से मांगे जा रहे सुझाव

### सांसद व विधायक ने रेलवे स्टेशन व दो नंबर टाउन से किया आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिये भाजपा द्वारा नागरिकों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इसके मद्देनजर मंगलवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन एवं दो नंबर टाउन में सुझाव पेटी के माध्यम से आम जनमानस से हस्तलिखित सुझाव मांगा गया। यह सीधे प्रधानमंत्री को अग्रसारित किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा के लोगों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपने-अपने विचार सुझाव के रूप में पेटी में लगातार मिल रहे हैं। जिससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री के प्रति लोगों का अटूट विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आने वाले दिनों में सुझाव पेटी शहर के विभिन्न चौराहों पर भी रखे जाएंगे। जिससे अधिक से अधिक लोग विकसित भारत के लिये अपने सुझाव दे सकें। कार्यक्रम में विश्रामपुर विधायक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विभाकर पांडे, प्रफुल्ल सिंह, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला , शिवकुमार मिश्र, विजय ओझा, कृष्णा गुप्ता, अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा, भोला पांडे, इंद्रजीत सिंह डिंपल आदि मौजूद रहे।

# कर्मियों की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने जताई आपत्ति

### पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में 20 सूत्री समिति की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार दोपहर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष हफीजुल अंसारी, मुन्ना सिंहा समेत सभी सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि व सांसद प्रतिनिधि समेत प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत नए प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने परिचय एवं अभिनंदन के साथ की। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह ने अनुपस्थित कर्मियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की। वहीं आपूर्ति पदाधिकारी से पीडीएस दुकानों में राशन वितरण के दौरान निगरानी समिति की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ने वर्ष 2023 के अगस्त- सितंबर में पांकी के लगभग 20 डीलरों के द्वारा गेहूं आवंटित नहीं होने के बावजूद मशीन से गेहूं का वितरण करने का मामला उठाया। जिस पर आपूर्ति पदाधिकारी आशीष खलखो ने कहा कि डीलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। विधायक प्रतिनिधि ने ऐसे डीलरों पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में 20 सुत्री सदस्यों के द्वारा अबुआ आवास योजना में हो रही अवैध उगाही का मामला उठाया गया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बातें कही। बैठक में अतिक्रमण का मामला उठाते हुये अतिक्रमणकारीयों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। बैठक के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मामलों पर तत्काल संज्ञान लेने हेतु 20 सुत्री क्रियान्वयन समिति को भरोसा दिलाया।

### छात्र खुद कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन, मिलेगी राहत

# निजी स्कूलों में आरटीई के तहत होगा फ्री एडमिशन



**मेदिनीनगर।** जिले के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निशुल्क एडमिशन लिया जायेगा। इसके लिये जिले के शिक्षा विभाग की ओर से आरटीईपलामू.इन पोर्टल शुरू किया गया है। उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को माउस क्लिक कर पोर्टल का शुभारंभ किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक समाहर्ता रवि कुमार मौजूद थे। .इसके उपरांत समाहरणालय के सभागार में पोर्टल को संचालित करने विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी स्कूलों के प्रतिनिधि, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी, समेत अन्य ने भाग लिया।कार्यशाला में पोर्टल के माध्यम से बच्चों का एडमिशन कैसे लेना है,पोर्टल पर स्कूल की ओर से क्या-क्या किया जाना है,टेक्निकली पोर्टल को कैसे हैंडल करना है से संबंधित पूरी जानकारी दी गयी। ज्ञातव्य है कि आरटीई के तहत कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की प्रवेश कक्षाओं में एडमिशन हेतु 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान है।. इसको पारदर्शी तरीके से लागू करने को लेकर उपायुक्त ने पिछली बैठकों में संबंधितों को निर्देशित किया था।

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का निजी स्कूलों में एडमिशन लेना होगा आसान : उपायुक्त

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस पोर्टल के जरिये आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का पारदर्शी तरीके से निजी स्कूलों में एडमिशन लेना आसान हो जायेगा.बच्चे खुद भी अपने स्तर से पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के अस्तित्व में आजाने से स्कूलों से संपर्क करने के बजाय,अब अभिभावक ऑनलाइन सीटों की उपलब्धता की जांच कर आवेदन कर सकते हैं।

### समूह से जुड़ी महिलायें स्वरोजगार कर बन रही आत्मनिर्भर

**मेदिनीनगर।** कभी घर की देहरी के अंदर रह रही महिलाएं आज स्वावलंबन की राह पर चल पड़ी हैं। महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं न केवल स्वरोजगार से जुड़ रही हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास जागा है। वह भीड़ के बीच अपनी बातों को रखने में काबिल हुई हैं। समूह से जुड़ी महिलाएं खुद तो आत्मनिर्भर हो रहीं हैं, दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनीं हैं। दूसरी महिलाओं को भी समूह से जोड़कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। मेहनत और लगन की बदौलत महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा-से-कंधा मिलाकर चल रही हैं। चंद पैसों के लिए अपने पति व परिवार पर निर्भर महिलाएं आर्थिक रूप से संपन्नता की ओर अग्रसर हैं। लाख रुपए ज्यादा तक की वार्षिक आय कर रहीं हैं। समूह से लोन लेकर स्वरोजगार की अलग-अलग व्यवस्थाएं करने में जुटी हैं। पशुपालन से लेकर कृषि कार्य में इनकी भागीदारी बढ़ी है। कई महिलाएं सिलाई केंद्र खोलकर कपड़ों की सिलाई कर न केवल अपनी, बल्कि पूरे परिवार का जीविकोपार्जन कर रहीं हैं, तो कई महिलाएं आटा चक्की चलाकर, बंबुक्राफ्ट का निर्माण कार्य से जुड़कर एवं अन्य आकर्षक एवं सजावटी सामग्री का निर्माण कर आर्थिक आमदनी करने में जुटी हैं। कई महिलाएं तो होटल व किराना दुकान का संचालन कर थोड़े-थोड़े बचत का सहारा लेकर घर-परिवार के लोगों को आर्थिक मदद कर रहीं हैं। इससे उनका घर परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है।

### दस ग्रामीण सड़कों का किया ऑनलाइन शिलान्यास



**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार कर दिया गया है। बची हुई सड़कों को भी जल्द दुरुस्त करा दिया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जपला-मोहम्मदगंज मुख्य पथ के हैदरनगर प्रखंड मोड़ से प्रखंड कार्यालय मुख्य नहर खरगडा परता होते कबरा कला तक पथ के निर्माण कार्य के शिलान्यास के मौके पर ऑनलाइन संबोधन में कही। हैदरनगर के अलावा हुसैनाबाद में मलवारिया मुख्य नहर पीच रोड से काजी बिगहा शेखपुरा खडीहा होते हुए कुडुआ रोड तक पथ का भी शिलान्यास किया गया। इस मौके पर ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के लोगों को रमजान के साथ साथ होली की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके 2005 के कार्यकाल में सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। दस वर्षों तक उन सड़को के रख रखाव भी किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं कराया। पुनः सभी सड़को का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अधिकांश ग्रामीण सड़कें ठीक हो गई हैं। बची हुई सड़कों पर भी काम किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सड़कें विकास का पैमाना होती हैं। मौके पर जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,हंसराज सिंह,रामबलाल साहू, रूद्र प्रताप सिंह,अश्विनी सिंह,रमेश प्रजापति,अजीत सिंह,रंजीत शर्मा,संजय सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान,सज्जू खान,शशिरंजन मिश्रा,संदीप पासवान मौजूद थे।

## पहल

### पांकी विधायक ने किया सखी मंडल बहनों के बीच सिलाई मशीन का वितरण

# तरक्की के लिये महिलाओं का आत्मनिर्भर होना जरूरी



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** नीलाम्बर- पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पंचायत वार सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। तीसरे दिन मंगलवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत जेएसएलपीएस से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विधायक मद से प्रति समूह एक सिलाई मशीन तथा प्रत्येक सदस्य को अंग वस्त्र उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गयी। विदित हो कि इस कार्यक्रम में पंजीकृत समूह की महिलाओं को स्वयं उपस्थित होना है। उनके स्थान पर अन्य किसी की उपस्थिति स्वीकार नहीं होगी। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, मीडिया प्रभारी विरेन्द्र वर्मा, समाजसेवी कमेश यादव, ओबीसी के जिला उपाध्यक्ष संजय वर्मा, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, प्रतिनिधि निर्मल मेहता,ओरिया पंचायत मुखिया संगीता देवी, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, पप्पू मिश्रा, समाजसेवी विनोद राम, कुंदरी पंचायत समिति बिंदिया देवी, अजय पासवान उपस्थित थे।

# भवनों के निर्माण में गुणवत्ता पर बल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के नयन होटल सह रेस्टोरेंट में मंगलवार को अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा तकनीकी कार्यशाला सह राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका संयोजन मेसर्स मां उग्रतारा इंटरप्राइजेज के विपिन गुप्ता ने किया। कंपनी के टेक्निकल मैनेजर सुधांशु शेखर ने अल्ट्राटेक सीमेंट की गुणवत्ता तथा उसके उपयोग सहित इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कांट्रेक्टर तथा मिस्त्री को गृह निर्माण में सीमेंट की गुणवता की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। वहीं टेक्निकल एग्जीक्यूटिव कृष्ण मोहन झा तथा सेल्स ऑफिसर संजय वर्मा ने कहा कि यह सीमेंट वर्षो से लोग उपयोग करते आ रहे है। बड़े-बड़े पुल, बिल्डिंग में इसका उपयोग होते आ रहा है। इस दौरान सभी को उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्की कुमार, इंजीनियर कौशल फैजी, रामजी प्रसाद, संजय मेहता, विरेंद्र मेहता, गोविंद मिस्त्री, गोविंद मिस्त्री, रामकुमार उपस्थित थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
जल को यूं ही जीवन नहीं कहा गया है। बिन पानी सब सूना है। इसलिए सभी को पानी की एक-एक बूंद बचाते हुए इसका दुरूपयोग रोकने के लिए तत्पर रहना चाहिये।
**दिलीप कुमार,सिटी मैनेजर मेदिनीनगर।**

## पटाखे की चिंगारी से बच्चा झुलसा

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जोड़ निवासी प्रेमचंद मिश्रा के पुत्र गौरव कुमार मिश्रा उम्र पांच वर्ष पटाखा छोड़ने के क्रम में सोमवार की दोपहर गंभीर रूप से झुलस गया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गौरव सोमवार की दोपहर अपने घर के बाहर पटाखा छोड़ रहा था। इसी बीच पटाखे से निकली चिंगारी से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तस्वीर झूठ ना बोले



जमीन रजिस्ट्री करानी है तो कचहरी आना ही होगा। आपकी लाचारी कोई मायने नहीं रखती। (छाया -भोला)

# होली त्योहार को लेकर शहर थाने में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रंगों का त्योहार होली को लेकर मंगलवार की शाम शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी मणि भूषण ने व संचालन शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने किया। इस बैठक में सभी समुदायों के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये एसडीपीओ मणि भूषण ने इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से अभिभावकों को अपने पाल्यों को बाइक चलाने के लिये न देने के लिये प्रेरित किया। मौके पर शीला श्रीवास्तव, दुर्गा जौहरी, रामनाथ चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया, नवल तुलस्यान ,जिशान खान,मुमताज खान ,विजय ओझा उपस्थित थे।

> सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की।

## एक नजर

### बिहार के मुंगेर से नाबालिग प्रेमी जोड़ा भागकर पहुंचा पलामू

**मेदिनीनगर।** बिहार के मुंगेर निवासी नाबालिग प्रेमी जोड़ा घर से भाग कर सोमवार को पलामू पहुंचा। मेदिनीनगर में दोनों एक साथ घूम रहे थे। इस बीच सूचना पर दोनों के परिजन भी वहां पहुंच गये। परिजनों ने दोनों को घर ले जाने की काफी कोशिश की, किंतु दोनों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ। शहर थाना की पुलिस ने संदेहवश जब उनसे पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गयी। पुलिस द्वारा दोनों को सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार दोनो मुंगेर के नया रामनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। दोनों को एक-दूसरे से प्रेम हुआ और दोनों हमेशा साथ रहने के लिए घर से फरार हो गये। दोनों मुंगेर से भाग कर झारखंड के पलामू में पहुंचे। पुलिस की सूचना पर दोनों के परिजन पलामू पहुंच चुके हैं, किंतु प्रेमी युगल परिजनों के साथ जाने को तैयार नहीं हैं। लड़की की उम्र 16, जबकि लड़के की उम्र 17 वर्ष बतायी जा रही है। दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि पूरे मामले में सीडब्ल्यूसी को जानकारी दी गई है।

### बीएमसी नेउरा के 20 छात्र-छात्राओं को मिला पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** पुरस्कार व सम्मान से विद्यार्थियों को बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। इससे इच्छा शक्ति मजबूत होता है। उक्त बातें राजयकी उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा के प्रधानाध्यापक एमजे अजहर ने सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि सत्र 2023-24 में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्रों को पुरस्कार व सम्मान दिया जा रहा है। यह विद्यालय परिवार के लिए खुशी की बात है। कार्यक्रम का संचालन रेणु कुमारी जायसवाल व धन्यवाद ज्ञापन रामप्रवेश सिंह ने किया। मौके पर जावेद अहमद खां, फैयाज अहमद, सरफुद्दीन अंसारी, मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेशमा कुमारी, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार उपस्थित थे।

### होमगार्ड बहाली का दोबारा जारी हुआ मेरिट लिस्ट

**मेदिनीनगर।** लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार चर्चा का केंद्र बिंदु रहे होमगार्ड बहाली की मेरिट लिस्ट दोबारा जारी की गयी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने होमगार्ड बहाली में भाग लिए हुए अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उन्हें प्रेरित करते हुये आरोप लगाया कि बेलगाम भ्रष्टाचार के खिलाफ अब क्रांति की जरूरत है। इसकी शुरूआत भी पलामू की धरती से होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर पहले मेरिट लिस्ट जारी की गयी। उससे भर्ती में भारी अनियमितता की बू आ रही है। इसके लिये दोषी नोडल अधिकारी को दंडित किये जाने की जरूरत है।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नियोजन कार्यालय में की तालाबंदी , नारेबाजी कर जताया विरोध

# युवाओं को बरगला रही झामुमो सरकार, देंगे जबाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा मंगलवार को झारखंड सरकार की युवा विरोधी नीतियों एवं रोजगार के मुद्दे को लेकर नियोजन कार्यालय में तालाबंदी कर उग्र प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष शशांक राज ने किया। इस अवसर पर शशांक राज ने कहा कि वर्ष 2019 से सत्ता की बागडोर संभाले महाठगबंधन की सरकार ने केवल और केवल राज्य के युवाओं के साथ छलावा किया है। सरकार के पहले मुखिया हेमंत सोरेन ने युवाओं को लोक लुभावन वादे से महज बरगलाने का काम किया है। वर्तमान मुखिया भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं। पलामू प्रमंडल प्रभारी श्रीनिवास ने कहा कि युवा विरोधी सरकार लगातार युवाओं को रोजगार के नाम पर लॉलीपाप देने का काम कर रही है। जिससे राज्य के युवा त्रस्त हो चुके हैं। जिला प्रभारी रामाशीष तिवारी ने कहा कि पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को रोजगार भत्ता देने का झूठा वादा कर कर प्रतिभाओं को ठगने का काम किया है। जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि राज्य भर के नियोजनालय केवल डाटा कलेक्शन सेंटर बन कर रह चुके हैं। लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि आज बड़े पैमाने पर राज्य के युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। चतरा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा कि यह महाठगबंधन सरकार राज्य के संसाधनों को केवल लूटने का काम कर रही है। गढ़वा जिला अध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि इस प्रमंडल से वर्तमान सरकार के एक मंत्री जी भी हैं जो बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं परंतु उनका कोई काम धरातल पर नहीं दिखता है। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग में किया। प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विजयानंद पाठक, अविनाश सिन्हा, गुड्डू खान, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पांडे, आशुतोष सिंह चेरो, रघुवीर यादव,दीपक शर्मा, जितेंद्र यादव, अविनाश मिश्रा, बबलू सिंह, बबलू साव, अंकित सिंह, संजय साव शामिल रहे।




> वर्ष 2019 से सत्ता की बागडोर संभाले महाठगबंधन की सरकार ने केवल और केवल राज्य के युवाओं के साथ छलावा किया है : शशांक राज

## झामुमो युवा मोर्चा ने भाजपा के प्रदर्शन के खिलाफ बोला हमला

### हर बात पर गारंटी वाले रोजगार गारंटी पर चुप




मेदिनीनगर प्रदर्शन करने से जनता गुमराह नहीं होगी। पब्लिक सब जानती है। हल्ला मचाकर भाजयुमो कार्यकर्ता भाजपा के क्रियाकलापों को छुपा नहीं सकते हैं। भाजयुमो के प्रदर्शन पर हमला बोलते हुये झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने मंगलवार को वार्ता के दौरान यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों को पीएम मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा कर सरकार बनाने वाले प्रधानमंत्री जी को अब तक 20 करोड़ नौकरी का हिसाब देना चाहिए। शिक्षा का बजट घटाने वाले और छात्रों के एजुकेशन लोन पर ब्याज बढ़ाने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए। भाजपा की रघुबर दास की सरकार पांच वर्ष में एक बार भी जेपीएससी की परीक्षा तक नहीं ले पाई थी। झामुमो की सरकार में इस हफ्ते तीसरी बार छात्र एग्जाम में बैठने वाले हैं। हर बात पर गारंटी देने वाले मोदी जी रोजगार गारंटी पर चुप्पी साधे हैं। मौके पर उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव राजेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

> केंद्र से बीस करोड़ नौकरियों का हिसाब मांगे भाजपाईः सन्नी

## एनपीयू में कार्यक्रम का आयोजन, कई मुद्दों पर बेबाक बात

# छात्रों से संवाद में कुलपति ने खुलकर दिये जबाब

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। जीएलए कॉलेज में मंगलवार को कुलपति व छात्र प्रतिनिधि संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में छात्र नेता रंजन कुमार यादव के द्वारा वीसी से पूछा गया कि बीएड व एमएड के रजिस्ट्रेशन में रांची विश्वविद्यालय में लेट फाइन 300 रुपये है, लेकिन एनपीयू में एक हजार रुपये है। इस पर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि बीएड व एमएड कॉलेज समय से रजिस्ट्रेशन नहीं भेजते हैं। जिस कारण परेशानी होती है। शिक्षकों की कमी के सवाल पर कुलपति ने कहा कि एक महीने के अंदर विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में सभी विषयों के शिक्षक भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा आप हमें शक्ति दें। विश्वविद्यालय आपकी समस्याओं को जल्द सुलझाएगा। नई शिक्षा नीति के बारे में छात्रों के द्वारा पूछे गए सवाल पर वीसी ने कहा कि यह सही बात है कि शिक्षकों को इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है। टीचर्स व छात्रों के लिए एक वर्कशॉप कराया जाएगा। एबीवीपी के जिला संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि पलामू में भी सीयूइटी का परीक्षा केंद्र होना चाहिए। छात्रा चंद्रकांति कुमारी ने कहा कि पीएचडी का एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बावजूद भी अभी तक एडमिशन नहीं हो पाया है। आपसू नेता शालिनी कुमारी ने कहा कि यहां जितनी भी परीक्षा ली जा रही है। उसमें सभी प्रश्न पत्र अंग्रेजी में पूछे जा रहे हैं। वाइजेकेएसएफ के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार यादव ने परीक्षा की त्रुटियों के बारे में वीसी को बताया। आइसा के जिला अध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बावजूद भी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी नहीं है। वहीं एनएसयूआई के अमरनाथ तिवारी ने कहा कि पांच जनवरी को आयोजित छात्र संवाद का निराकरण अभी तक नहीं किया गया है।



## श्रीराम जानकी मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन आज

पांकी। प्रखंड मुख्यालय में श्रीराम जानकी मंदिर के निर्माण के लिये बुधवार को भूमि पूजन किया जायेगा। सुबह छह बजे से मन्दिर प्रांगण में भूमि पूजन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमे पांकी के स्थानीय निवासी व सभी अखाड़ा समिति और मन्दिर समिति को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीण पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं। निमंत्रण कलश के विधिवत पूजन के उपरांत कमेटी के सदस्यों द्वारा मन्दिर जाकर सौंपा गया।



# एलएडीसी के अधिवक्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में मध्यस्थ व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने मध्यस्थों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने एलएडीसी से जुड़े अधिवक्ताओं को कहा कि जेल में बंद अधिक से अधिक बन्दियों को विधिक सहायता पहुंचाने का कार्य करें। एलएडीसी से जुड़े अधिवक्ता का कार्य ही गरीब व कमजोर व्यक्ति का निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाना है। मौके पर एलएडीसी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट उत्तम कुमार , वीर विक्रम बख्श रॉय,पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, मेडिएटर सुबोध कुमार सिन्हा, दिनेश चंद पाण्डेय,शशि भूषण ,बीना मिश्रा, हुसैन बारिश ,अशोक कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

### सात मामलों का निस्तारण

**मेदिनीनगर।** बंदियों व अक्षम लोगों को मदद प्रदान करने की दिशा में एलएडीसी द्वारा निरंतर सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। चीफ अमिताभ चंद सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक सात मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। इस दौरान एक मामले को डिस्चार्ज भी किया गया है। पूरी टीम तन्मयता पूर्वक दायित्व निर्वहन में जुटी है।

# टेंपो पलटने से वृद्धा की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के गगन केड़ी गांव निवासी स्व. योगेश्वर राम की पत्नी नगबसिया कुंवर उम्र 70 वर्ष की टेंपो पलटने की वजह से मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर नगबसिया कुंवर अपने गांव से टेंपो पर सवार होकर गांव में ही डीलर के पास राशन लेने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो के नीचे दब जाने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके

# मेरिट लिस्ट से नाम हटाये जाने से नाराज होमगार्ड अभ्यर्थियों ने जाम किया समाहरणालय गेट

**मेदिनीनगर।** होमगार्ड अभ्यर्थियों ने मंगलवार को समाहरणालय गेट जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। सारे अभ्यर्थी होमगार्ड बहाली में अंडरएज बताकर मेरिट लिस्ट से नाम हटाये जाने से नाराज थे। गेट जाम रहने के कारण अंदर और बाहर आने जाने का सिलसिला कुछ देर तक थमा रह गया। सूचना मिलते ही सदर अंचलाधिकारी अमरजीत सिंह बलहोत्रा एवं शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार मौके पर पहुंचे और नाराज अभ्यर्थियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। प्रदर्शन कर रहे होमगार्ड अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि वे अंडरएज थे या अन्य कोई त्रुटि थी तो फार्म भरते समय या दौड़ लगाते समय ही उनका नाम हटा देना चाहिए था लेकिन मेरिट लिस्ट के बाद छंटनी करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। मेरिट लिस्ट में शामिल सभी अभ्यर्थियों को ज्वाइन कराया जाए नहीं तो इसी तरह से चरणबद्ध आन्दोलन किया जायेगा। मौके पर सदर सीओ एवं थाना प्रभारी ने नाराज अभ्यर्थियों को बताया कि 01 जनवरी, 2023 को जिनकी उम्र 19 वर्ष पूरी हो चुकी है, वैसे लोगों ने अपना आवेदन दिया है, उसमें कोई त्रुटि होगी तो सुधार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि जिनकी उम्र 19 से कम होगी उस पर विचार नहीं किया जा सकता।



## साहस — गंभीर रूप से घायल सुनीता खालको का गारू रेफरल अस्पताल में इलाज


# शेरनी बन भालू से बचायी जान,आदिवासी महिला के साहस को सलाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अदम्य साहस का परिचय देते हुये 28 वर्षीय आदिवासी महिला सुनीता खालको ने अपने ऊपर अचानक हुये भालू के हमले से खुद की जान बचायी। सुनीता पर भालू ने कंपार्टमेंट नंबर 22 के जंगल जो गारु पूर्वी क्षेत्र में पड़ता है। हमला कर उसके चेहरे व सिर पर गंभीर चोट पहुंचायी। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भालू हमेशा चेहरे पर हमला करता है। उसका अधिकांश वार आंख के ऊपर होता है। इसमें सफल नहीं होने पर वह जांघों को निशाना बनाता है। इस दौरान सुनीता ने न केवल साहस दिखलाया, बल्कि सूझबूझ से अपने दोनों जांघों, सीने , चेहरे और सिर की भी बखूबी रक्षा की।

> पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भालू हमेशा चेहरे पर हमला करता है





## लकड़ी लेने जंगल गयी थी युवती

बताया जाता है कि सुनीता गांव के दो अन्य लोगों के साथ जंगल में लकड़ी लेने गयी थी। तभी अचानक उसका खूंखार भालू से सामना हो गया। वनरक्षक रूपेश गुप्ता ने बताया कि इस आदिवासी महिला के साहस की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। क्योंकि इस दौरान यदि वह सूझबूझ की जगह घबराहट का प्रदर्शन करती तो शायद अपनी जान नहीं बचा पाती। गारू रेफरल अस्पताल में सुनीता को एंटी रेबीज का पहला इंजेक्शन दे दिया गया है। उसे चार इंजेक्शन और लेने हैं।

### बढ़ रहे भालू के हमले

गर्मी आते ही जंगल में भालू के हमले बढ़ गये हैं। वर्ष 2024 में अब तक पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले को मिलाकर भालू ने चार लोगों पर हमला बोला है। यह संयोग ही है कि इसमें किसी की जान नहीं गयी है। कुमार आशीष ने लोगों को आगाह किया है कि गर्मी में जहां तक हो जंगल में अकेले कदापि न जायें। रात में जंगल में न रुकें। क्योंकि दिन ढलते ही भालू जंगल में घूमने लगते हैं।

## छहमुहान पर वाहनों की चेकिंग



**मेदिनीनगर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के उद्देश्य से एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और संतोष कुमार के नेतृत्व में शहर के छहमुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के पकड़े गए वाहनों को सीजेएम कोर्ट में फाइन के लिए भेजा गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि लाख कोशिशों के बाद भी वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इससे आये दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक गंभीर



**गढ़वा।** रेहला मार्ग पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव निवासी राम कुमार राम का पुत्र जयप्रकाश राम उर्फ शिवकुमार राम बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में जयप्रकाश राम ने बताया कि गढ़वा से अपने घर जाने के दौरान फरठिया मोड के पास सड़क में गड्ढा होने के कारण उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### मुखिया प्रतिनिधि ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव ने मंगलवार को आयोजित वार्ता में अपने ही गांव के एक व्यक्ति द्वारा वित्त योजना की स्वीकृति के लिये पैसा मांगने संबंधी लगाये गये आरोप को बेबुनियाद करार दिया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत द्वेषवश उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से उनके ऊपर आरोप लगाये गये हैं।

### सुदूर डंडई प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली से ग्रामीण आजिज, जताया रोष

# सीएचसी में बिजली नहीं, चिकित्सक के साथ मरीज भी परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सीएचसी में बिजली नहीं रहने से बढ़ रही गर्मी नागरिकों के लिये भारी परेशानी का कारण बनती जा रही है। गर्मी के दस्तक देने से मरीजों के साथ चिकित्सा कर्मियों की भी परेशानी बढ़ गयी है। अस्पताल कर्मी जसवंत कुमार, विजय कुमार ,आनंद प्रजापति, किरण कुमारी, सुरभि सरकार, इंदु देवी ,मोनी सिन्हा के साथ-साथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी ने बताया कि बरसात व ठंड में तो बिजली के बिना भी वे किसी प्रकार काम चला लेते हैं, किंतु जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है। उनकी परेशानी बढ़ने लगती है। ऊपर से सूर्य के प्रकाश का ताप और नीचे से लू के प्रकोप से सभी व्याकुल हो उठते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल का निर्माण हुये काफी



दिन हो गया। इसके बाद भी अभी तक यहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जबकि अस्पताल के लिए बिजली का होना काफी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिजली के अभाव में रात के समय लालटेन के प्रकाश में भी हम सभी को कभी-कभी काम करना पड़ता है। ऐसे में प्रसव के

**अस्पताल का निर्माण हुये काफी दिन हो गया। इसके बाद भी अभी तक यहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जबकि अस्पताल के लिए बिजली का होना काफी जरूरी है : डॉ प्रतीमा**



समय तो स्थिति और भी सोचनीय हो जाती है। इस हालात में जच्चा और बच्चा की जिंदगी सिर्फ और सिर्फ भगवान भरोसे होकर रह जाती है। एक दर्जन कर्मी पदस्थापित बताया जाता है कि वर्षों से स्वास्थ्य कर्मियों का रोना रो रहे अस्पताल में इन दिनों एक दर्जन से भी अधिक कर्मी पदस्थापित हैं। प्रत्येक दिन प्रखंड के ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में मरीजों की आवाजाही बनी रहती है, किंतु विभागीय लापरवाही के कारण अभी तक बिजली का प्रबंध नहीं हो पाया है। अस्पताल में बिजली व्यवस्था को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए प्रमुख पति घुर बिगन बैठा ने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण अब तक यह अस्पताल बिजली व्यवस्था से दूर रह गया है। वे चाहते तो दूसरे अस्पताल के कर्मियों को जो सुविधाएं मिल रही है वह सुविधा इस अस्पताल के कर्मियों को भी जरूर मिलती। उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि अस्पताल को बने बहुत दिन हो गया, लेकिन अभी तक इसमें बिजली की व्यवस्था नहीं किया जाना घोर लापरवाही का सूचक है। विजय प्रसाद ने कहा कि अस्पताल कर्मियों के साथ-साथ मरीजों के ख्याल के उद्देश्य से अस्पताल में हर हाल में बिजली की व्यवस्था की जानी चाहिये। महफूज अंसारी ने कहा कि जिले का यह एकमात्र अस्पताल है जहां पर अब तक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है। सिर्फ लालटेन के प्रकाश में अस्पताल के कर्मियों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

**बोले जन प्रतिनिधि**

### विद्यालयों में विशेष शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

## बच्चों को लू से बचाव के प्रति किया गया सचेत

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में सोमवार को विशेष शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अभिभावकों का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्वागत करते हुए बैठक स्थल तक लाया गया। इस दौरान योग्यात्मक मूल्यांकन/ वार्षिक परीक्षा की तिथि से अवगत कराते हुये गर्मी व लू से बच्चों के बचाव पर चर्चा की गयी। साथ ही नए सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति, लर्निंग गैप को पाटना, अभिभावक-शिक्षक सहयोग, परीक्षाओं में बच्चों का प्रदर्शन आदि पर भी विचार-विमर्श किया गया। मध्य विद्यालय खरौंधी, अरंगी,भलुही, अमरोरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, लामो कोशलीबार, बजरमरवा, सुंडी, राजी,चंदनी, सिसरी, कूपा सहित सभी विद्यालयों में किया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

गढ़वा। मझिआंव मार्ग पर सोमवार की रात्रि हरण दुबे पहाड़ स्थित लिखनिया ढलान के पास स्कॉर्पियो-मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की जहां घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के चटणीया गांव के शंकर टोला निवासी बिहारी चौधरी का पुत्र दुर्गेश चौधरी 20 वर्ष बताया गया है। वहीं हादसे में घायल उसी गांव के लल्लू चौधरी के पुत्र सुनील चौधरी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं दुर्गेश व सुनील बाइक से मझिआंव थाना अंतर्गत बीरबंधा गांव मे एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान आ रहे स्कार्पियो से बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गयी।

### चौकीदार पंचायत जिला कमेटी ने की बैठक

## रामराज अध्यक्ष, अलीबकस बने सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला कमेटी की बैठक टाउन हॉल के मैदान में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें रामराज राम को जिला अध्यक्ष, आशुतोष कुमार पासवान को उपाध्यक्ष, अलीबकस अंसारी को जिला सचिव, शैतान कुमार पासवान को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में छह सूत्री प्रस्ताव पारित करते हुए मुख्यमंत्री के नाम डीसी को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसमें सेवा विमुक्त चौकीदारों की बहाली की मांग प्रमुख है। मौके पर इंदल राम, आशुतोष कुमार पासवान, दीवान कुमार पासवान, संतन कुमार पासवान, विरेंद्र तुरी, उमेश कुमार, रामदुलार तुरी, भोला पासवान, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, बैजनाथ तुरी,उदय कुमार, विश्वनाथ तुरी, राम परीक्षा राम उपस्थित थे।

## डुगडुगी बजाकर अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डंडई पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों में वांछित पांच अभियुक्तों के घर पर मंगलवार को डुगडुगी बजा कर इश्तिहार चिपकाया। थाना प्रभारी जनार्दन रावत के निर्देश पर इश्तिहार चिपकाने पहुंचे थाना के एएसआई राधा मोहन यादव के द्वारा सबसे पहले अभियुक्त लवाही गांव निवासी सुरेंद्र कुमार प्रजापति पिता मंगरु प्रजापति के घर पहुंच दीवार पर इश्तिहार चिपकाने का काम किया गया । उसके बाद अभियुक्त चार सगे भाई शिव पूजन परहिया, धनंजय परिया, रामकरण परिया और लाला परहिया सभी पिता भूपदेव परहिया ग्राम झोंतर के घर के दीवारों पर इश्तिहार चिपकाने का काम किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अभिव्यक्तियों के खिलाफ न्यायालय की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके बाद भी अभियुक्त गण न्यायालय में अगर सशरीर हाजिर नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की अंतिम कार्रवाई शुरू हो जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी अभियुक्त अलग-अलग मुकदमों के आरोपी हैं।



थाना प्रभारी ने कहा कि अभिव्यक्तियों के खिलाफ न्यायालय की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके बाद भी अभियुक्त गण न्यायालय में अगर सशरीर हाजिर नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की अंतिम कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### पति से विवाद के बाद महिला ने खाया कीटनाशक

गढ़वा। डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी नागदेव कोरबा की पत्नी ललिता देवी ने पति से विवाद के बाद क्षुब्ध होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि ललिता देवी का किसी बात को लेकर अपने पति से विवाद हो गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## विद्यालय निरीक्षण के दौरान मुखिया और प्रधानाध्यापक में नोंक-झोंक

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के परती -कूशवानी पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी ने सोमवार को मध्य विद्यालय आमवाडीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर में गंदगी और अव्यवस्था देख मुखिया ने नाराजगी जताई। वहीं विद्यालय के छात्रों ने मुखिया से मध्याह्न भोजन में मिलने वाले मौसमी फल या अंडा नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर मुखिया ने प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा और प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजय यादव को मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की बात कही। मुखिया ने बताया कि विद्यालय में लगे पंखे की रिपेयरिंग कराने, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई रखने और मध्यान्ह भोजन की बात जब प्रधानाध्यापक से कहा गया तो वे भड़क उठे। दुर्व्यवहार करते हुये उन्होंने कहा कि आप पांच वर्ष के लिये मुखिया बनी हैं, किंतु वे 60 वर्ष तक के लिये अध्यापक हैं। इस बात पर मुखिया और प्रधानाध्यापक में तीखी नोंक-झोंक भी हुई। मुखिया ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी से करने की बात कही। इधर इस सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा ने मुखिया द्वारा लगाये गये आरोप को निराधार बताया है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि छात्रों को खाने के लिए मौसमी फल ( सेब)अध्यक्ष की लापरवाही से छुट्टी होने से दस मिनट पहले मिला है।





**वर्जन**

मुखिया द्वारा लिखित आवेदन देने के पश्चात जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर प्रधानाध्यापक पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।
रवि कुमार बैद्, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतार।

## प्रधानाध्यापक ने बीईओ को लिखा पत्र, अध्यक्ष पर लगाये आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमवाडीह के प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडे को आवेदन देकर प्रबंधन समिति के उपेक्षित रवैया के कारण एमडीएम संचालित करने में होने वाली परेशानी से अवगत कराया है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा मध्यान्ह भोजन का अल्पाहार समय पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिस कारण बच्चों में वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं अध्यक्ष विद्यालय में समय नहीं देते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुखिया के साथ मिलकर मध्याह्न भोजन की राशि की बंदरबांट करने की साज़िश रच रहे हैं। विगत 11 मार्च को मुखिया द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान दबाव भी बनाया गया।

**उल्लेख किया है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा मध्यान्ह भोजन का अल्पाहार समय पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिस कारण बच्चों में वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं अध्यक्ष विद्यालय में समय नहीं देते हैं : प्रधानाध्यापक**

## न्यूज बॉक्स

### एलोवेरा तोड़ने को लेकर मारपीट, दो महिलायें समेत सात घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के स्वर्गीय सीताराम बिंद के पुत्र अशोक कुमार बिंद, उनकी पत्नी प्यारी कुंवर, संदीप कुमार बिंद, अविनाश कुमार बिंद व अंजली कुमारी तथा दूसरे पक्ष के रघुवंश बिंद एवं उनके पुत्र गोविंद बिंद शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष की अंजली कुमारी ने आरोप लगाया है कि उनके पति संदीप छतरपुर गांव स्थित हाईवे के पास अपने पुराने घर पर एलोवेरा तोड़ने के लिए गये थे। जहां पर दूसरे पक्ष के पवन कुमार के द्वारा उन्हें एलोवेरा तोड़ने से मना किया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। उसके बाद वे वहां से वापस लौट रहे थे कि पवन कुमार बिंद ,जलेन्द्र बिंद, गोविंद बिंद, दीपक कुमार बिंद आदि ने मारपीट शुरू कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के गोविंद बिंद ने आरोप लगाया कि उसके दादा सीताराम बिंद के नाम से बैंक में लाखों रुपए जमा थे। इसमें नॉमिनी में अशोक कुमार बिंद का नाम दिया गया था। उनके मरने के बाद सारे पैसे अशोक बिंद ने निकाल लिए। इसके बाद दादा के नाम से 12 कट्ठा जमीन भी अपने कब्जे में ले लिया । उसमें हिस्सा मांगने पर अशोक बिंद, अविनाश कुमार बिंद, अंजली कुमारी संदीप कुमार बिंद आदि ने मिलकर मारपीट की।

जंगल राज में विकास की गंगा बहाने की कवायद जारी

### विधायक भानू प्रताप ने करोड़ों की लागत वालीं पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

**श्रीबंशीधर नगर।** भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने मंगलवार को नगर ऊंटारी प्रखंड क्षेत्र में करोड़ों की लागत वालीं पांच योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर किया। इनमें भोजपुर ग्राम में 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र भवन, 6 करोड की लागत से बनने वाले प्रखंड सह अंचल कर्मचारी अवासीय भवन, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 2 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नगर ऊंटारी से अधौरी होते हुए कुसडण्ड तक पक्की सड़क, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नगर ऊंटारी सलसलादी गांव तक पक्की सड़क और 2 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से हलिवंता से पतरिया कला तक बनने वाली पक्की सड़क निर्माण योजना शामिल है। शिलान्यास के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास का कार्य लगातार हो रहा है। जंगल राज में भी विकास की गंगा बहाने की कवायद जारी है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में व्यापक पैमाने पर कमीशनखोरी की जा रही है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके इशारे पर सरकारी कर्मचारी जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। बालू की कीमत आसमान छू रही है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय,प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव,पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनिल चौबे सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव,बीडीओ सत्यम कुमार, सीओ मो. जुल्फिकार अंसारी,मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कुमार कनिष्क,विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता,अशोक सेठ, लालमोहन यादव,युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रांत उर्फ सोनू सिंह,विरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, बीपीओ तहमीना प्रवीण,मुखिया कुमारी रेखा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने किया।
फोटो ले लीजियेगा।

### गोविंद हाई स्कूल मैदान पर भारतीय हस्तशिल्प मेला प्रदर्शनी शुरु

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी सह डिज्नीलैंड मेला की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक बलराम तिवारी, पारस तिवारी एवं कृष्णानंद पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया। इस मौके पर मेला के संचालक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बीच में मेला बंद कर दिया गया था। इसके बाद पुनः होली के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि एक ही छत के नीचे भारत के विभिन्न प्रांतो का स्वदेशी शिल्प का सामान यहां लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से असम का क्राफ्ट, राजस्थानी अचार व लहंगा, मुंबई के फेमस टैटू,फिरोजाबाद की क्रोकरी, सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही का कपेट, कश्मीरी साड़ी, खादी ग्राम उद्योग के कपड़े, लखनऊ का चिकन वर्क, मुरादाबाद का पीतल से बना सामान आदि उपलब्ध हो रहे हैं। मौके पर प्रियम सिंह, सद्दाम हुसैन, जसीम खान, विष्णु गुप्ता, ऋषि गुप्ता, धीरज गुप्ता, अंशु सिंह उपस्थित थे।

## हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन 20 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** साहित्यिक संस्था सृजन साहित्यिक मंच गढ़वा द्वारा होली के अवसर पर आगामी 20 मार्च को हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुये मंच के सचिव सतीश कुमार मिश्र ने बताया कि कवि सम्मेलन में बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से हास्य-व्यंग्य के कवियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें शंकर कैमूरी भभुआ, फारूक सरइयाबी पटना, मनोज द्विवेदी मधुर चकिया(यूपी), दिनेश सिंह गुकज प्रतापगढ़ और नागेश त्रिपाठी बनारस के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन दानरो नदी तट स्थित मेलोडी मंडप में शाम सात बजे से शुरू होगा। कवि सम्मेलन को रोचक बनाने के लिये स्थानीय स्तर पर भी तैयारी की गयी है।



### बीडीओ ने कर्मचारियों के साथ की समीक्षा बैठक , तैयारियों का लिया जायजा

## मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने प्रखंड कर्मियों और मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बीडीओ सावित्री कुमारी ने मनरेगा कर्मियों को पुरानी योजनाओं को पूर्ण कराते हुए बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने आचार संहिता लागू होने से पहले मनरेगा योजना से नयी आम बागवानी योजना की स्वीकृति देने और योजना का चालू करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को नियमित पंचायत सचिवालय में रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने और मंगल-दिवस पर प्रखंड कार्यालय में रहने का निर्देश दिया। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने, केंद्र पर पेयजल, बिजली , शौचालय की व्यवस्था और रैम्प का निर्माण तत्काल सुनिश्चित करने को कहा। उक्त बैठक में बीपीओ दीपक जायसवाल, कनीय अभियंता आनंद कुमार, राजीव कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राम कुमार प्रजापति, विनय कुमार मौजूद थे।



**अनियमितता** | मुखिया के नेतृत्व में अबुआ आवास के लाभुकों ने किया हंगामा, जताया विरोध

# सत्यापन सूची से नाम काटने से फूटा आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास के योग्य लाभुकों का अंतिम समय में पक्का मकान दर्शा कर सूची से नाम काटे जाने पर महिला लाभुकों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को भवनाथपुर पंचायत के लगभग तीन दर्जन अधिक अबुआ आवास की महिला लाभुकों ने मुखिया बेबी देवी के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने अबुआ आवास के कोआर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ धक्का-मुक्की करते हुए उन्हें लेकर बीडीओ के पास पहुंचे। शशि देवी, शकुंतला देवी, सुमित्रा देवी, अमरावती देवी, इंदु देवी, सरिता देवी, नगीना देवी, रेखा देवी, रीना कुंवर, अभिषेक कुमार आदि लाभुकों ने बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास के कोआर्डिनेटर तथा जांचकर्ताओं की मिलीभगत से हम सभी के कच्चे मकान को सूची में पक्का मकान दर्शाकर आवास से वंचित किया जा रहा है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि हम सभी का योग्य लाभुक सूची में नाम था और पैसा भी खाते में जाने वाला था, लेकिन अंतिम समय में उनका नाम सूची से हटा दिया गया। इस पर बीडीओ ने सभी से आवेदन मांग करते हुये कहा कि सभी के घर पर व्यक्तिगत तौर पर जाकर जांच कर समुचित कार्रवाई की जायेगी। किसी भी पात्र लाभुक को आवास से वंचित नहीं किया जायेगा।

**लाभुकों ने आरोप लगाया कि हम सभी का योग्य लाभुक सूची में नाम था और पैसा भी खाते में जाने वाला था, लेकिन अंतिम समय में उनका नाम सूची से हटा दिया गया**

### आवास दिलाने के नाम पर पैसा मांगने का आरोप

**लाभुक ने बीडीओ से की शिकायत की, न्याय की गुहार**



भवनाथपुर अबुआ आवास के लाभुक दिव्यांग पवन कुमार ने बीडीओ से जांचकर्ता सह पंचायत सचिव के ऊपर आवास दिलाने के नाम पर पैसा मांगने का आरोप लगाते हुये न्याय की गुहार लगायी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जांचकर्ता विष्णु प्रसाद ने आवास दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की गयी, किंतु उनके पास पैसा नहीं होने के कारण वे नहीं दे सके। जिसके कारण प्राथमिक सूची में नाम होने के बाद भी उनका आवास स्वीकृत नहीं हो सका। जबकि पूछे जाने पर जांचकर्ता विष्णु प्रसाद ने कहा कि लाभुक द्वारा पैसा मांगने संबंधी लगाया गया आरोप गलत है। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि लाभुक के आरोपों की जांच करायी जायेगी। दोषी पाये जाने पर पंचायत सेवक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं गढ़वा उपायुक्त**

इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि ऐसा करना गलत है, अगर जांच में सत्य पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### राजद के पूर्व विधायक बालजीत राम से मिले भाजपा जिला अध्यक्ष



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद विधायक बलजीत राम को मंगलवार उनके बालूमाथ चेक नाका स्थित आवास पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए सिंह ने राजनीतिक चर्चा भी की। मौके पर बारियातु जिप सदस्य रमेश राम, भाजपा ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव प्रसाद, जिला कार्यसमिति आनंद सिंह भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार आदि गणमान्य लोग महजूद रहे।

### अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक कल

**बालूमाथ।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वां जयंती मानाने को लेकर बैठक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गोपाल राम ने कहा है कि आप सभी अंबेडकरवादी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों से उक्त बैठक में बृहस्पतिवार को समय सुबह 7:00 अंबेडकर नगर स्थित अंबेडकर भवन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त करें। उक्त बैठक में जयंती के लिए कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

### गन्ने के खेत में लगी आग, फसल राख

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारिसाखी गांव निवासी बंसी यादव के गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई। जिसमें खेत में लगे गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने अंचल अधिकारी से आपदा राहत के तहत मुआवजे देने की मांग की है। अग लगी के कारण का पता नहीं चल पाया है।

### डीसी की अगुवाई में कृषि व इससे संबद्ध विभागों की हुई बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि व इससे संबद्ध विभागों की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा की गई जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में भौतिक व वित्तीय प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें बीज वितरण, कृषक पाठशाला अंतर्गत किये गये निर्माण कार्य, उनका भौतिक सत्यापन, कर्मियों का मानेदय भुगतान आदि पर चर्चा की गई। आकाशी ग्राम में एग्रीमार्ट गांव का मॉडल अंतर्गत जैविक खेती, लिफ्ट इरीगेशन, जीवामृत व वर्मी कंपोस्ट तैयान करना आदि पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में आच्छादन से संबंधित प्रमाण-पत्र राज्य को भेजे जाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। ई-केवाइसी के लंबित मामले में त्रुटि सुधार कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय राम आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

जर्जर पोल के सहारे एयरटेल टावर में ले जाया गया है बिजली तार, कर्मी ग्रामीणों के साथ कर रहे दबंगई

# सिर के ऊपर मौत बनकर झूल रहा है 11 हजार वोल्ट का तार

**नितेश तिवारी। हंटरगंज(चतरा)**

जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा के सैकड़ो ग्रामीणों के सिर के ऊपर मौत बनकर 11 हजार वोल्ट का तार झूल रहा है। तार हर समय एक बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है। अभी तक 11 हजार वोल्ट का तार ग्रामीणों के घर के आसपास कई बार गिर चुका है और आग लगी की घटना घट चुकी है। यहां तक की पीपल के पेड़ से गुजरे 11000 वोल्ट की तार पीपल के पेड़ को भी धीरे-धीरे जला रहा है। यहां तक कि कई बार फसलों और सड़क पर गिरकर आसपास में आगलगी की घटना घट चुकी है। पांडेपुरा खुर्द गांव के ग्रामीण तार को हटाने की मांग विभाग से कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर ग्रामीण मंगलवार को सड़क पर उतरे और मौत के रूप में झूल रहे 11 हजार वोल्ट की तार को हटाने की मांग विभाग से किया।



ग्रामीणों की भीड़ ने बताया कि एयरटेल टावर में विद्युत आपूर्ति के लिए 11000 वोल्ट का तार ले जाया गया है। पतले तार और जर्जर पोल के सहारे लोगों के घरों के दरवाजे से गुजरा 11000 वोल्ट का तार एयरटेल टावर के पास पहुंचा है। हर समय दरवाजे से गुजरे 11000 वोल्ट तार ग्रामीणों के लिए मौत बनकर झूल रहा है। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो एयरटेल कंपनी के कर्मी दबंगई पूर्वक जबरन तार में विद्युत प्रवाहित कर अपने टावर तक ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को इसका विरोध करने पर डराया धमकाया जाता है। जब ग्रामीणों ने किसी भी घटना की जिम्मेवारी लेने की बात बिजली विभाग और एयरटेल कर्मियों से किया तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया और बिना किसी जिम्मेवारी के तार को ले जाने की बात कही। ग्रामीण इस परिस्थिति में मौत के साए में जी रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक लिखित आवेदन के साथ गांव के सारे ग्रामीण डीसी, एसपी और बिजली विभाग से मिलकर अपनी पीड़ा को रखेंगे। सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन करेंगे।

---

# लातेहार उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार में ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

## शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए समाधान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**




उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। मंगलवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**विभिन्न विभागों से संबंधित थीं शिकयतें :** ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

---

# भ्रष्टाचार : डेढ़ करोड़ से बनी सड़क महज 10 महीने में हो गई जर्जर



**संतोष कुमार। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड के सिंदुआरी कला से गड़के 4.8 किलोमीटर तक पथ की मरम्मती एवं सुधृढ़ीकरण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जुलाई 2023 में किया गया। पथ की मरम्मती का कार्य नंदकिशोर सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया गया था। लेकिन निर्माण के महज दस महीना में ही सड़क जगह पर जर्जर हो गया है। जबकि ब्रह्मपुर पहाड़ी के समीप करीब 20 फीट सड़क अधूरा छोड़ दिया गया है। वैसे में कई बाइक चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। संवेदक से अधूरे सड़क को पूर्ण करने व जर्जर हुए सड़ को बनाने की मांग ग्रामीणों ने कई बार की। परंतु संवेदक द्वारा अधूरे सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। वैसे में ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सड़क की मरम्मती कार्य करीब डेढ़ करोड़ की लागत से की गई है।

---

# चतरा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन, 16 विद्यार्थी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मंगलवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में चतरा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनएसयूआई के द्वारा लगाए गए इस शिविर में कुल 16 छात्र-छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

ज्ञात हो कि चतरा में बढ़ते थैलेसीमिया मरीजों के साथ आये दिन घटने वाली दुर्घटनाओं के शिकार मरीजों को रक्त मुहैया कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक एवं कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा मुख्य रूप से शामिल थे। इन दोनों ने रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए अन्य को प्रेरणा लेकर रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं है।



शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाने वाले चतरा कॉलेज के प्राचार्य मुकेश कुमार झा के साथ अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष दयाल के प्रति भी सोसाइटी ने कृतज्ञता प्रकट किया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, लैब तकनीशियन सुमन कुमारी, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी व तापेश्वर सोनी ने अहम भूमिका निभाई। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में शिव शंकर यादव, रवि रंजन, सुभम कुमार, पुरुषोत्तम कुमार यादव, सनी कुमार, सुनीधी प्रिया, संदीप कुमार, आदर्श कुमार, सत्यम कुमार, जयदीप कुमार, कुलदीप कुमार, आनंद यादव, नेहा कुमारी, पीयूष कुमार सिन्हा, सचिन और शंकर राज प्रधान का नाम शामिल है।

---

# प्रधानमंत्री ने कई रेल परियोजनाओं का किया ऑनलाइन उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं तथा स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए कई रेल परियोजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक प्रकाश राम, उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद, रिक्की वर्मा समेत हजारों लोगों के साथ टोरी रेल परिसर में बैठकर देखा। इस अवसर पर रेलवे द्वारा परिसर में कविता, निबंध, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर वरीय अनुभाग अभियंता बरकाकाना सूरज कुमार सिंह, स्टेशन मास्टर रंजीत कुमार, वरीय अभियंता अनुभाग दूरसंचार दिलीप उरांव आदि उपस्थित थे।

**पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत हजारों लोगों ने रेल परिसर में देखा कार्यक्रम**

---

# पंचायत सेवक पर पैसा लेकर संपन्न लोगों को अबुआ आवास देने का लगाया आरोप

## वर्षों से एक ही प्रखंड में बने रहना भ्रष्टाचार का मुख्य कारण : सुरेश

**अजीत कुमार। बालूमाथ/बारियातु**

लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के साप्ताहिक जनता दरबार में मंगलवार को बारियातु प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने आवेदन देकर पंचायत सेवक द्वारा पैसे की अवैध उगाही करके समृद्ध लोगों को अबुआ आवास देने का गंभीर आरोप लगाया है।




आवेदन में कहा गया है कि बारियातू प्रखंड के गोनिया पंचायत के ग्रामीणों द्वारा आवास नहीं मिलने के शिकायत मिलने पर जांच करने गया तो देखा कि जिन लोगों का पहले से पक्का मकान है उन्हें आवास दी गई है जब लोगों से पूछताछ किया तो पंचायत सेवक अरविंद पांडे कुछ बिचौलियों के माध्यम से आवास पर पैसे की अवैध उगाही करवा के समृद्ध लोगों को योजना का लाभ दिया है। जबकि राज्य सरकार ने अति जरूरतमंद को प्राथमिकता देते हुए योजना का लाभ देने का दिशा निर्देश दिया गया है ।श्री गंझु ने आवेदन में यह भी कहा है कि जिला पंचायती राज के वरीय कार्यालय द्वारा लिखित रूप से स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया है कि जन सेवक को पंचायत सचिव का प्रभार नहीं देना है। फिर भी बारियातु बीडीओ के द्वारा पंचायत सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जो जांच का विषय है साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत सेवक 7 से 8 वर्ष से एक हीं प्रखंड में कार्य कर रहे हैं, जो भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। उपाध्यक्ष ने उपरोक्त मामलों की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

---

# एसी ने ली बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में कृषि क्षेत्र, एमएसएमई, सीडी रेशियो, एनपीए, मुद्रा लोन आदि पर चर्चा किया गया। वहीं कुछ बैंकों के प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश दिया गया कि दिए गए लक्ष्य को ससमय शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाय। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक देवब्रत शर्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य पदाधिकारी तथा सभी बैंको के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# थाना प्रभारी ने अवैध 2 ड्रम महुआ शराब और 80 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)**



अवैध कारोबारी की रोकथाम और आगामी लोकसभा चुनाव को मदेनजर इटखोरी थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान पितीज बिरोहर टोला से सटे जंगलों में सघन छापामारी अभियान में अवैध 2 ड्रम भरे शराब व लगभग 80 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस की भनक मिलते ही अवैध शराब कारोबारी नौ दो ग्यारह हो गए। लेकिन पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभररी ने कहा कि अवैध शराब बनाने वाले लोगों को पुलिस कड़ी करवाई करेगी। ज्ञात हो कि इटखोरी थाना क्षेत्र में महुआ शराब की अवैध चूलाई एवं बिक्री का गोरख धंधा निरंतर फल फूल रहा है। इसमें स्थानीय लोग नशे की लत में घिर रहे हैं, शराब के कारण घरेलू हिंसा को लेकर अपराध के मामले भी बढ़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि शराब की चूलाई से न सिर्फ लोगों को हानि पहुंच रहा है बल्कि वन क्षेत्र को भी नष्ट कर रहे हैं।

---

**घटनाक्रम** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से मिली गाय लेकर लाभुक पहुंचा प्रखंड कार्यालय

# प्रखंड कार्यालय से नहीं मिली गाय शेड निर्माण की स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को अचानक एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली। जब एक लाभुक मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत मिली गाय लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंच गया।

बताया जाता है कि प्रखंड मुख्यालय के प्रियंका देवी पति प्रदीप कुमार दांगी को जिला गव्य विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में दो गाय लेने की स्वीकृति दी गई। यहां तक की जनवरी 2024 को लाभुक को एक गाय दे दिया गया। जबकि दूसरा गाय शेड बनने के पश्चात देने की बात कही गई। यहां तक की जिला गव्य विकास विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय को लाभुक के नाम गाय शेड निर्माण को पत्र भी प्रेषित कर दिया गया। परंतु गाय शेड निर्माण को लेकर लाभुक बीडीओ, बीपीओ, मुखिया, रोजगार सेवक के पास कई बार चक्कर लगाया। परंतु तीन माह बीत जाने के बावजूद गाय शेड निर्माण की स्वीकृति प्रखंड से नहीं मिली। वैसे में लाभुक को गाय रखने में काफी दिक्कत हो रहा है। मंगलवार को लाभुक गाय लेकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंच गया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने शेड नहीं दिए जाने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा की शेड़ नहीं दिए जाने पर भ्रष्टाचार दिखता है। लाभुक ऐसे में विभाग से मिलने गाय को प्रखंड कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर बांध कर बैठ गया। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही। जबकि लाभुक को जल्द गाय शेड निर्माण की स्वीकृति देने का निर्देश दिया।



---

# नए एसडीओ ने दिया योगदान, जनकल्याण को बताई प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रभार ग्रहण कर लिया। स्थानांतरित अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन दुबे से उन्होंने प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम लोगों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। वह जनकल्याण के लिए सदा उपलब्ध रहेंगे। गरीबों के समुचित हक मिले, यह उनका प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में विधि व्यवस्था एवं अन्य कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग सफल



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज स्टेडियम में मंगलवार सुबह 9:45 में वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने ट्रायल लैंडिंग की। इसके कुछ क्षण के उपरांत ही हेलीकाप्टर उड़ान भरकर वापस लौट गया। इस संबंध में सीआरपीएफ 218 बटालियन चैनपुर के कंपनी कमांडेंट सर्वेश्वरी सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस एवं आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराने को लेकर हेलीकॉप्टर की ट्रायल लेंडिंग कराई गई जो सफल रही। इसको लेकर सीआरपीएफ 218 बटालियन व चैनपुर पुलिस तैनात रही। अग्निशमन वाहन और मेडिकल टीम भी उपस्थित रही। मौके पर मुख्य रूप से सीआरपीएफ 218 बटालियन के कंपनी कमांडेंट सर्वेश्वरी, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर मोहम्मद शमीम, प्रभारी चैनपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 'संस्था का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना'



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु कदमटोली ग्राम में समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर गुमला के तत्वाधान में कदमटोली निवासी बिशु उरांव की पुत्री चन्द्रमुनी कुमारी को संस्था के पंचायत समन्वयक जगसेनी दास के माध्यम से इस बच्ची की शादी के बारे में जानकारी मिलने पर समृद्ध कन्या वेलफेयर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव द्वारा चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान किया गया। वहीं समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के अलौदी पंचायत समन्वयक ने कहा कि बेरोजगारी हमारे देश की एक गंभीर समस्या है और बेरोजगारी के कारण ही आज युवा लोग भटक कर गलत कदम उठा रहे हैं, जिसे रोकना संस्था का उद्देश्य है। खासकर बालिकाओं को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और रोजगार के मध्य से आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। माता पिता बच्चियों का कम उम्र में शादी न करें और बाल विवाह तथा प्रेम विवाह जैसे कुरीतियों से बचें। कहा कि डायन बिसाही जैसे कुरीतियों को भी समाज से भगाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। मौके पर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव, समन्वयक जगसेनी दास, बिशु उराँव, चन्द्रमुनी कुमारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### मूंग बीज का वितरण

**भंडरा।** जिला कृषि विभाग व आत्मा द्वारा किसानों को उन्नात तरीके से कृषि करने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंगलवार को भंडरा प्रखंड के दर्जनों कृषकों को उन्नात किस्म का मूंग बीज, नैनो यूरिया, चूना आदि खाद वितरित किया गया। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, कांग्रेस सेवा दल के जिला महामंत्री संतोष पांडा, बीटीएम प्रियांशु मिंज, बीटीएम प्रियांशु मिंज, अंजु रुंडा, अजय कुमार, कृषक मित्र बरतू बैठा मौजूद थे।

# लोस चुनाव : लोहरदगा संसदीय सीट पर भाजपा-कांग्रेस में होती है कांटे की टक्कर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




राज्य की राजधानी रांची से अलग होकर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र 1957 में दूसरे लोकसभा आम चुनाव के समय अस्तित्व में आया। पहले चुनाव में यहां से झारखंड पार्टी के इग्नी बेक ने जीत दर्ज की। झारखंड पार्टी को कुल 43.5 प्रतिशत वोट मिले थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 30.30 फीसदी मत मिले थे। जतम खरवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था। लोहरदगा लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। वर्ष 1957 से 2019 तक हुए 15 चुनावों में कांग्रेस ने यहां सात बार जीत दर्ज की है। हालांकि, इन चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस को कांटे की टक्कर दी है। लोहरदगा में पिछले तीन लोकसभा चुनावों 2009, 2014 और 2019 में भाजपा ने जीत हासिल करते हुए हैट्रिक लगाई है लेकिन वोट प्रतिशत जिस तरीके से रहा है उसके लिए भाजपा के लिए यह चिंता का विषय भी रहा है। क्योंकि, वोट का प्रतिशत काफी काम रहा है। इस बार इस सीट से भाजपा ने सुदर्शन भगत की जगह समीर उरांव पर दांव लगाया है।

वर्ष 1962 के चुनाव में यहां से स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार डेविड मुंजनी ने जीत दर्ज की थी। इन्हें कुल 41.6 फीसदी वोट मिले। हालांकि, 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार को बदल दिया। यहां से इग्नी बेक की जगह कांग्रेस पार्टी ने कार्तिक उरांव को टिकट दिया। कार्तिक को कुल 29.9 फीसदी वोट मिले। झारखंड पार्टी को 22.7 फीसदी वोट मिले थे।

**कांग्रेस ने 1967 में जीत दर्ज की :** वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर नए उम्मीदवार पर अपना दांव खेला। इस बार उन्होंने के दोरांव को टिकट दिया। उन्होंने लोहरदगा सीट पर जीत दर्ज की और कुल 37 फीसदी मत प्राप्त किए। भारतीय जनसंघ को 17.1 फीसदी वोट मिले। वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर अपने उम्मीदवार को बदला और 1962 के अपने उम्मीदवार कार्तिक उरांव को फिर से टिकट दिया। इस सीट पर फिर से कार्तिक उरांव ने जीत दर्ज की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कुल 51.5 फीसदी मत मिले जबकि भारतीय जनसंघ की रूपना उरांव को 18 प्रतिशत वोट मिले। वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल लोहरदगा सीट पर कब्जा किया। भारतीय लोक दल के लालू उरांव को 54.9 फीसदी वोट मिले जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्तिक उरांव को सिर्फ 29.99 प्रतिशत वोट मिल पाए। वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर लोहरदगा सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस के कार्तिक उरांव ने इस बार 49.5 प्रतिशत मत प्राप्त किए। जनता पार्टी की करमा उरांव ने 22.99 फीसदी और भारतीय लोक दल से चुनाव लड़े लालू उरांव ने जनता पार्टी सेकुलर के साथ चुनाव लड़ा कर 9.6 फीसदी वोट हासिल किए। वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट पर फिर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कब्जा किया। हालांकि, कांग्रेस ने एक बार फिर अपना उम्मीदवार बदला और सुमति उरांव को उम्मीदवार बनाया। इन्हें कुल 57.5 फीस दी वोट मिले थे। भाजपा के ललित उरांव ने 20.02 फीसद मत हासिल किए। जनता पार्टी 7.5 फीसदी मत हासिल कर पाई।

**कांग्रेस ने 1989 में भी जीती सीट :** वर्ष 1989 में भी यह सीट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पास रही। यहां से सुमति उरांव ने जीत दर्ज की। सुमति को कुल 38.6 फीसदी मत मिले जबकि भाजपा के ललित उरांव को कुल 28.4 फीसदी मत प्राप्त हुए। वहीं जनता दल इस बार 18 फीसदी मत लेने में कामयाब रही थी।

**भाजपा ने पहली बार 1991 में फतह की सीट :** वर्ष 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत हुई। भाजपा के ललित उरांव कुल 36.4 फीसदी वोट हासिल कर इस सीट पर कब्जा किया जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को इस बार 22.2 फीसदी वोट मिले। जनता दल को 16.4 फीसदी वोट को मिले थे। वर्ष 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के कब्जे में रही। यहां से ललित उरांव ने जीत हासिल किया। इस बार भाजपा को कुल 33 फीसदी मत मिले। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने यहां पर अपने उम्मीदवार को बदल दिया था। कांग्रेस ने इस बार फिर से बंदी उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया था। इस बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कुल 24.6 फीसदी वोट मिले। जनता दल को 17.7 फीसदी और झामुमो को 14.8 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

**1998 में फिर जीती कांग्रेस :** वर्ष 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर अपना उम्मीदवार बदलता और इंद्रनाथ भगत को उम्मीदवार बनाया। इंद्रनाथ भगत को कुल 44.5 फीसदी मत मिले जबकि भाजपा के उम्मीदवार ललित उरांव को 40.8 फीसदी मत प्राप्त हुए।

**भाजपा ने 1999 में जीत दर्ज की :** वर्ष 1999 की हुई लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदल दिया और जीत हासिल की। इस बार भाजपा ने दुखा भगत को अपना उम्मीदवार बनाया। भाजपा को कुल 44.2 फीसदी वोट यहां मिले। हालांकि, कांग्रेस के इंद्रनाथ भगत भी कांटे की टक्कर देकर मैदान में थे। उन्हें 43.2 फीसदी वोट मिले थे।

## झारखंड में 2004 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव, कांग्रेस पार्टी ने दर्ज की थी जीत

बिहार झारखंड बंटवारे के बाद झारखंड में 2004 हुए पहले लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट कांग्रेस के खाते में गई। हालांकि, कांग्रेस ने इस बार के लोकसभा चुनाव में फिर उम्मीदवार को बदलते हुए रामेश्वर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस को इस बार 47.2 फीसदी मत प्राप्त हुए थे जबकि भाजपा ने अपने उम्मीदवार दुखा भगत पर ही दम लगाया था और इन्हें कुल 28.6 फीसदी मत प्राप्त हुए थे।

**भाजपा ने 2009 में जीती सीट :** बिहार झारखंड बंटवारे के बाद झारखंड में 2009 में दूसरी बार लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें भाजपा ने अपने उम्मीदवार को बदला। इस बार भाजपा ने सुदर्शन भगत को अपना उम्मीदवार बनाया। सुदर्शन भगत ने कुल 27.7 फीसदी वोट हासिल कर जीत हासिल की। निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा ने 26.11 फीसदी वोट प्राप्त किए। कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 24.8 की प्रतिशत मत प्राप्त हुए। वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण रहा।

**मोदी लहर का 2014 में दिखा असर :** मोदी लहर में 2014 में हुए इस लोकसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। भाजपा के सुदर्शन भगत को कुल 34.830 प्रतिशत मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 33.8 की प्रतिशत मत प्राप्त हुए। हालांकि, चमरा लिंडा इस बार टीएमसी से चुनाव लड़े थे और उन्हें कुल 18.3 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। वर्ष 2014 में भी यह सीट काफी कांटे की टक्कर में भाजपा ने जीती। वर्ष 2019 में इस सीट पर भाजपा के सुदर्शन भगत ने जीत दर्ज की लेकिन अंतर बहुत ज्यादा नहीं रहा। भाजपा को 45.5 फीसदी मत मिले थे। कांग्रेस ने उम्मीदवार का बदलाव करते हुए सुखदेव भगत को टिकट दिया था, जिन्हें 44.20 रिपोर्ट यहां प्राप्त हुए थे। सीट भाजपा के कब्जे में आई थी।

# रांची-लोहरदगा लाइन का दोहरीकरण शीघ्र होगा, यात्री ट्रेनों की बढ़ेगी संख्या

### भाजपा नेताओं ने रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, विशेष ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन का शीघ्र ही दोहरीकरण किया जाएगा और इस मार्ग से अन्य नई ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा। यह बात दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने लोहरदगा में कही। महाप्रबंधक ने बताया कि रांची-लोहरदगा के बीच पिस्का और लोहरदगा दो अमृत स्टेशन हैं। इनमें यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन दोनों स्टेशनों को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो कि 2024 में पूरी तरह तैयार हो जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि रांची टोरी रेलवे लाइन के दोहरीकरण का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड में भेजा गया है। दोहरीकरण का काम हो जाने से यहां ट्रेनों की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी। लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर जो भी कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा और यात्री सुविधाएं बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा। रांची लोहरदगा मेमू ट्रेन में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल डब्बे बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका आकलन करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। यदि जरूरत महसूस हुई तो निश्चित रूप से मेमू ट्रेन में बोगियां की संख्या बढ़ाई जाएगी। वे यहां कुछ प्रबुद्ध लोगों और व्यापारिक संगठनों के लोगों से मिले और उनकी राय ली। साथ ही जो भी समस्याएं बताई गई उन समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सुना। मौके पर रेलवे के डीआरएम सहित वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

इससे पूर्व महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा लोहरदगा रेलवे स्टेशन में हो रहे कार्यों की प्रगति देखने हेतु विशेष ट्रेन से पहुंचे। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन, बार एसोसिएशन के देवाशीष कार ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रांची से वाराणसी वंदे भारत नई ट्रेन को लोहरदगा टोरी होकर 3 दिन चलने से लोहरदगा गुमला सिमडेगा तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लोगों को काफी सहूलियत होगी तथा लोहरदगा में विकास की संभावनाएं बढ़ने की बात बताई गई। साथ ही दिल्ली गरीब रथ, आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्स, जम्मू तवी एक्स, रांची अजमेर शरीफ गरीब नवाज एक्स, बरकाकाना पटना पलामू को वाया लोहरदगा टोरी 2 दिन चलाने, हावड़ा अहमदाबाद एक्स का टोरी में स्टॉपेज, टोरी में रेलवे फाटक में ब्रिज, लोहरदगा में बॉक्साइट डंपिंग यार्ड हटने वाली है इस स्थान पर रेलवे यार्ड बने ताकि हटिया का भार कम हो तथा वहां से से छूटने वाली ट्रेन लोहरदगा से छूटे, रांची से टोरी वाया लोहरदगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण की मांग की गई। लोहरदगा स्टेशन में एक और फुट ओवर ब्रिज, दो लिफ्ट, प्लेटफार्म नंबर एक और दो में हो रहे धीमी गति कार्य में गति लाने, रिटायरिंग रूम, कैंटीन, भीआईपी रूम आदि विषयों पर भी बात की। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन हेतु आपकी बात को रेल मंत्रालय के पास अवश्य पहुंचा दिया जाएगा। जल्द ही आपको शुभ समाचार भी सुनने को मिलेगा। साथ ही साथ अन्य ट्रेनों को भी चलाने की दिशा में कार्य निश्चित रूप से होगा तथा लोहरदगा में हो रहे कार्यों में भी गति लाई जाएगी।

### भंडरा में बाइक व कार की जोरदार टक्कर रांची का व्यापारी घायल



**भंडरा।** रांची-लोहरदगा मुख्य पथ के भैसमुंदो चर्च के समीप मंगलवार को रांची निवासी मोटर पार्ट्स के व्यापारी रमाकांत सिंह विपरीत दिशा से आ रही कार की चपेट में आने से बुरी तहत से घायल हो गए। सड़क में पड़े घायल व्यापारी को लोहरदगा की ओर से आ रहे पत्रकार वसीम खान ने टेंपो से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और नाजुक स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि व्यापारी अपनी बाइक से रांची से लोहरदगा आ रहा था। इसी बीच भैसमुंदो चर्च के समीप विपरीत दिशा से आ रही ऑल्टो कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में रमाकांत का एक पैर तीन जगहों से बुरी तहत टूट गया। रमाकांत सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।वर्तमान में रांची आईटीआई बाजरा में रहकर मोटर पार्ट्स का बिजनेस कर रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के बाद बाइक व ऑल्टो कार के साथ ड्राइवर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## लोस चुनाव को लेकर बीडीओ ने की सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को ले सेक्टर पदाधिकारियों, सुपरवाइजर व अन्य चुनाव कर्मचारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस अवसर पर बीडीओ ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव नजदीक है। कभी भी आदर्श आचार संहिता लग सकती है। सभी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा बूथों पर जाकर करें और वहां पाई जाने वाली कमियों को सूचीबद्ध कर संबंधित पदाधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करें ताकि चुनाव पूर्व सभी मूलभूत सुविधाओं से बूथ लैस हो सकें। वहीं बैठक में शामिल थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से भी अपने स्तर से मतदान केंद्रों का निरीक्षण, भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली, रूट चाट, आवागवन के साधन जैसी मतदाताओं की सुविधा का जायजा लेने की बात कही। बैठक में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, बीइओ जयनाथ महतो, मनोज कुमार,नवप्रभात कुजूर,अलावे अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**कहा-बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर वहां पाई जाने वाली कमियों को सूचीबद्ध कर संबंधित पदाधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करें**

## अवैध बालू लोडेड दो ट्रैक्टर सेन्हा पुलिस ने किये जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**





थाना क्षेत्र के चितरी अम्बा टोली के समीप अहले सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के अंगरक्षक, चालक एवं पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि डांडू मादा कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन का मामला संज्ञान में आते ही पुलिस द्वारा अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाया गया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि सूचना सत्यापन के दौरान अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़े गये हैं। लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू माफिया हावी हैं। ये जिला व प्रखंड प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हैं।

## बिजली की चोरी करने वाले चार पर नामजद प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**



विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में मंगलवार को कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले व पूर्व से बिजली कनेक्शन होने के बावजूद एलटी लाइन से टोका फंसा कर बिजली की चोरी करते पकड़े गए भोला उरांव पिता फगुवा उरांव, सीता उरांव पिता स्व. हरदल उरांव, मनान अंसारी पिता जलील अंसारी एवं रज्जाक अंसारी पिता स्व. शेख करीम के विरुद्ध धारा 135,137 के तहत मामला दर्ज कराया गया। मौके पर मजूल अंसारी, बैकुंठ शुक्ल, खुर्शीद अंसारी, जाहिद अंसारी, अजहर खान, सूरज मुंडा, हसमत खान, ऊर्जा मित्र तारिक अनवर, सकील अंसारी व कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार राय, थाना के दल बल के साथ मौजूद थे।

## नवपदस्थापित बीडीओ का मुखिया संघ ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



भंडरा मुखिया संघ ने प्रखंड के नवपदस्थापित बीडीओ प्रतिमा कुमारी का मंगलवार को स्वागत किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली के नेतृत्व में प्रखंड के सभी मुखिया ने नवपदस्थापित बीडीओ से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि नवपदस्थापित बीडीओ बातचीत से बेहद व्यवहारिक और कार्यकुशल व्यक्ति लगी। उनसे प्रखंड के लोगों के विकास और उत्थान की अपील की गई है। मुखिया संघ ने विकास कार्यों में बालू की समस्या से बीडीओ को अवगत कराते हुए समस्या के समाधान के लिए वरीय पदाधिकारी से मिलने की मांग की। साथ ही विकास कार्यों में मुखिया की हरसंभव भूमिका के लिए आग्रह किया गया है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी मुखिया संघ को स्वागत के लिए धन्यवाद दिया तथा हरसंभव विकास को लेकर आश्वस्त किया। मौके पर मुखिया संघ के सचिव सुमित उरांव, मुखिया ममता कुमारी, कईली उरांव, सुमंती तिग्गा, धनेश्वरी उराव, टेले उरांव, इंद्रदेव उरांव, बितनी उरांव उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड कार्यशाला आयोजित

**सेन्हा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जोनल स्कील मैनेजर मोहमद इमरान ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से लड़कों को ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवपलमेंट, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, फितर फेब्रिकेशन सहित अन्य तकनीकी का लालगंज खेलगांव रांची में प्रशिक्षण दिया जायेगा। लड़कियों को ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनिंग, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवलपमेंट, स्विंग मशीन ऑपरेटर सहित अन्य कोर्स का टाटीसिलवे इंडस्ट्रीज एरिया में प्रशिक्षण कराया जायेगा।

**पहल** एकलव्य बालिका विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# कुरीतियों को दूर करना हम सबका दायित्व : पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा में विधिक जागरुकता शिविर के साथ करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने बाल विवाह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के ऊपर नाट्य मंचन किया। नारी अस्मिता को लेकर काव्य पाठ और महिला सशक्तिकरण को लेकर भाषण का आयोजन किया गया। विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्य अमृता मिश्रा ने किया।

बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करना हम सब का दायित्व है। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह पाठ्य पुस्तकों में पढ़ रहे सिद्धांतों का अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज के उन दुगुर्णों को दूर करें, जिससे समाज अभी भी अछूता नहीं है। बाल विवाह, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम एवं चारों ओर फैली गंदगी को लेकर पीडीजे ने उपस्थित छात्राओं एवं लोगों को आगाह किया। इस मौके पर कई छात्राओं ने पीडीजे के रूप में कार्य संपादन में आ रही समस्याओं एवं चुनौतियां को लेकर अपने प्रश्न रखे। साथ ही साथ बच्चों ने कानून के क्षेत्र में करियर बनाने को लेकर पीडीजे से जानकारियां प्राप्त की। पीडीजे ने बहुत ही सहज भाव से अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया। पीडीजे ने छात्राओं को नशापन एवं अन्य कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान ने भारतीय लोकतंत्र को गढा है। सारे विधान संविधान से ही निर्गत हैं लेकिन हमें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा।

## विद्यार्थियों ने लावापानी जलप्रपात के मनोरम दृश्य का आनंद उठाया




**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लावापानी जलप्रपात ले जाया गया। वहां छात्र-छात्राओं ने लावा पानी के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। छात्र-छात्राओं को वहां के इतिहास के बारे में बताया गया और ये भी बताया गया कि क्यों उसका नाम लावा पानी रखा गया है। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लावा पानी जलप्रपात की मुख्य विशेषता है कि यहां का पानी जब पत्थर पर गिरता है तो वह पूरा लावा के समान दिखता है। यह दृश्य देखने में बहुत ही मनोरम था। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 45 छात्र- छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

# अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी सह शासी निकाय अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव के स्थानांतरण सरायकेला होने के बाद उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पूर्व अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव व वर्तमान अध्यक्ष सुमंत तिर्की का स्वागत किया गया। कॉलेज परिवार के द्वारा अतिथियों का स्वागत मांदर नगाड़ा बजाकर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया।अतिथियों का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर किया। शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की का स्वागत किया गया। निर्वतमान अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव छात्राओं को संबोधित करते अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है और अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक लोक संस्कृति व अखरा को बचाकर रखने के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा आज झारखंड की संस्कृति को पूरे विश्व में सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय बतलाया। उन्होंने पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज परिसर में मांदर नगाड़ा एवं पैंकी नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ये काबिले तारीफ है। आज कॉलेज की छात्राएं मांदर नगाड़ा बजाने में अपनी पहचान बना रहीं हैं। आज कॉलेज की छात्राएं दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड की झांकी में अपनी कला का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।हमने झारखंड की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सिमडेगा जिले में अखरा निर्माण कर सप्ताह में एक दिन अपने संस्कृति को बढ़ाने के अखरा में मांदर नगाड़ा के साथ आने की बात कही थी।जिसे मैं वर्तमान शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की से निवेदन करता हूं की अखरा का निर्माण कर हमारे सोच को आगे लाने में कॉलेज परिवार का साथ देंगे मौके पर वर्तमान शासी निकाय अध्यक्ष सुमंत तिर्की ने अखरा संस्कृति को आगे लाने में भरपूर सहयोग करने की बात कही।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रनियार खलखो,नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुमीत महतो व कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों में मुख्य रूप से दुर्गविजय सिंह देव,आर के कासी, सरिता केशरी,अजिताभ राज, सुमन लकड़ा, प्रियंका राज मुंडा, ज्योति तिर्की,सुमन केरकेट्टा,सतीश सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बोलबा में लखपति दीदी सम्मान समारोह का किया गया आयोजन




**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में लखपति दीदियों का किया गया सम्मान समारोह का किया गया आयोजन। इस मौके पर बताया गया कि प्रखण्ड के चार लखपति दीदीयों को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें लखपति दीदी शैल मर्फी तिर्की,सुषमा कुजूर, रंजीता बाड़ा एवं हेमावती देवी के द्वारा अपनी सफलता की कहानी प्रस्तुत की गयी । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंचल अधिकारी, बैंक मैनेजर बैंक ऑफ इण्डिया, समसेरा मुखिया, मालसाड़ा मुखिया, पूर्व प्रमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीदीयों के द्वारा स्वागत गीत गाकर, पुष्प गुच्छ एवं प्राकृतिक टोपी पहना कर, व हाथ धुलाई रस्म अदा कर की गई। सभी अतिथियों के द्वारा लखपति दीदीयों को उनके मेहनत एवं प्रयास की सराहना के साथ शुभकामनाएं दी गयी । साथ ही बाकी दीदी लोगों को भी अथक मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया इस दौरान सुक्ष्म ऋण योजना के तहत 92 सखी मंडलों को 46 लाख रुपए का डेमो चेक वितरण किया गया।

### बाल विकास परियोजना कार्यालय बानो में मनाया गया पोषण सप्ताह




**बानो।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बानो में मंगलवार को पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ,महिला पर्यवेक्षक संगीता देवी ,वीणा पहान उपस्थित थे। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ने कहा आंगन वाड़ी सेविका के माध्यम से गाँव गाँव में लोगो को जानकारी मिलनी चाहिए कि समय के साथ अपने खान पान में बदलाव करे।मोटा अनाज के उपयोग से शरीर को सही पोषण मिलता है ।मोटा अनाज को अपने दैनिक भोजन में उपयोग करने से कई तरह के रोगों से बचा जा सकता है। संगीता देवी ने कहा प्रखण्ड के सभी 135 आंगन वाड़ी में पोषण सप्ताह मनाया जाएगा ।जिससे ग्रामीणों को पोषण सप्ताह के उपयोगिता की जानकारी मिल सकेगी । ग्रेसी भुइयाँ, हेमंती मुंडू ,कुँवारी केरकेट्टा, लिली जोजो ,सरिता देवी ,बिमला डुंगडुंग आदि आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### 13 मार्च से केलुगा शिव मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का होगा आयोजन



**जलडेगा।** प्रखंड के जलडेगा पंचायत के केलुगा गांव स्थित शिव धाम में वार्षिक उत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 13मार्च से किया गया है 13 मार्च को 9 बजे क्लश यात्रा एवं अधिवास, 12 मार्च को सुबह आठ बजे से 24 घंटे हरिकीर्तन का शुभारंभ तथा शिव परिवार का पुजन और 15 मार्च को हरिकीर्तन का समापन कर नगर भ्रमण, पुणार्हुती एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उक्त जानकारी पुजा समिति के करमा माँझी एवं जागेश्वर बिंझिया सुरेश बिंझीया जीतबहन बिंझिया द्वारा संयुक्त रूप से दी गई। बताया गया कि धार्मिक अनुष्ठान की सारी तैयारी पुरी कर ली गई है तथा धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से भाग लेने का आग्रह किया गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत चार अन्य हुए घायल



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के कोनसोदे रोड में मंगलवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जराकेल बगीचा टोली निवासी लक्ष्मण लोहार के रूप में हुई। वही घटना में अन्य चार लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर जराकेल से महाबुवांग जा रहा था इसी क्रम में रेलवे स्टेशन मैदान के समीप मोड़ में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गयी।इस दुर्घटना में चालक लक्ष्मण लोहार ट्रैक्टर के चक्के में दब गया तथा घटनास्थल में ही उसकी मौत हो गयी घटना में चार अन्य मजदूर घायल हो गये घायल में विरेन डुंगडुंग,जुलियुस डुंगडुंग,आसिम सिंदुरिया,जगदीश डुंगडुंग हैं सभी जराकेल बगीचाटोली निवासी थे ।घटना की जानकारी होने पर एएसआई अक्षयवर राम व एसआई जुनास सोरेंग घटना स्थल से शव को कब्जे में लेते हुए अंतपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया वहीं घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया। इधर घटना की जानकारी होने पर जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना में बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलो का हाल-चाल जाना ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण शुरू

**कोडरमा।** उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत कोडरमा नगर पंचायत में स्वरोजगार कार्यक्रम के लाभुकों और क्रेडिट लिंकेज प्राप्त स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों का छः दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण की शुरूआत सारथी सोसाइटी के माध्यम से की गयी। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम घटक के तहत स्वरोजगार के लिए सभी ऋण प्राप्त लाभुकों,वैसे स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, जिनका क्रेडिट लिंकेज हो गया है को उद्यमिता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। इससे कि वे अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक व्यवस्थित तरीके से संचालन कर सकेंगे।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04. 2021 के आलोकमेंप्रदत्तकंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरलीधर प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह एवं बिरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–60/24<br>2. आवेदक–आनन्द प्रसाद साहु, पिता–स्व0 निरंजन साहु<br>3. ग्राम–कैरो, पोस्ट–कैरो, थाना– लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष,आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–पिठ में दाहिना ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–228/24<br>2. आवेदक–मान्ती देवी, पति–स्व0 शिवदेयाल उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–229/24<br>2. आवेदक–मोहन उरांव, पिता–रामदेव उरांव<br>3. ग्राम–पाण्डेयपु (बरवाटांड़),पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–230/24<br>2. आवेदक–सुकर उरांव, पिता–स्व0 वांके उरांव<br>3. ग्राम–.शिशि, पोस्ट–डेमू, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष,आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में दाहिना ओर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–231/24<br>2. आवेदक–शिवदयाल उराँव, पिता–स्व0 मंगन उराँव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–232/24<br>2. आवेदक–संजीव कुमार गिरि, पिता–स्व0 सत्यदेव गिरि<br>3. ग्राम–बाजकुम, पोस्ट–बाजकुम, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर ललाट पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–233/24<br>2. आवेदक–शांती देवी, पति–बलराम उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हांथ के कलाई से उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–234/24<br>2. आवेदक–जयराम उरांव , पिता–स्व0 मंगन उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर नाभी के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–235/24<br>2. आवेदक–इरफान अहमद खाँ, पिता–स्व0 ओबैदुल्लाह खाँ<br>3. ग्राम–नामूदाग, पोस्ट–मनिका, थाना– मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाएं गाल पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–236/24<br>2. आवेदक–बलराम उरांव, पिता–मंगन उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाभी से निचे बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–237/24<br>2. आवेदक–हैदर अलि, पिता–स्व0 गफुर अंसारी<br>3. ग्राम–नामुदाग, पोस्ट–मनिका, थाना– मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–238/24<br>2. आवेदक–नेमा उराँव, पिता–स्व0 रंथु उराँव<br>3. ग्राम–टेमकी, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के बगल में गला पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–239/24<br>2. आवेदक–चिन्मामणि देवी, पिता–रतिया उरांव<br>3. ग्राम–टेमकी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर घुटना पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–240/24<br>2. आवेदक–शिवलाल उरांव , पिता–स्व0 खेदू उरांव<br>3. ग्राम–आरागुण्डी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला पर दाहिना ओर हसुली में मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–241/24<br>2. आवेदक–सुधन उरांव, पिता–स्व0 राजू उरांव<br>3. ग्राम–टेमकी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के दाहिना ओर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–242/24<br>2. आवेदक–रामवृक्ष उरांव, पिता–स्व0 विफा उरांव<br>3. ग्राम–लुटी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–243/24<br>2. आवेदक–चमरू उरांव, पिता–स्व0 दासई उरांव<br>3. ग्राम–लुटी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट कि उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–244/24<br>2. आवेदक–रामधनी उरांव, पिता–स्व0 गंदुरा उरांव<br>3. ग्राम–जड़यांग, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–245/24<br>2. आवेदक–रामदेव उरांव पिता–स्व0 छेदा उरांव<br>3. ग्राम–टेमकी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–246/24<br>2. आवेदक–जिरा मसोमात (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 पकिया उरांव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–लुटी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर के दाहिना ओर गांठ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–247/24<br>2. आवेदक–राजमोहन उरांव, पिता–स्व0 झुगल उरांव<br>3. ग्राम–पाण्डूका, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–248/24<br>2. आवेदक–मंगलदेवा उरांव, पिता–स्व0 जदु उरांव<br>3. ग्राम–कुन्दरी, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायी आंख के बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–249/24<br>2. आवेदक–सुरेश यादव, पिता–स्व0 उपेश्वर यादव<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–सासंग, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिना के बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–250/24<br>2. आवेदक–बरतु राम, पिता–स्व0 मिठु राम<br>3. ग्राम–बारी (टोला–हुचलु), पोस्ट–चन्दवा, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–251/24<br>2. आवेदक–उपेन्द्र प्रसाद यादव, पिता–विश्वनाथ प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–सासंग पोस्ट–सासंग, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हांथ के छोटी अंगुली में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–252/24<br>2. आवेदक–विनेश्वर अगेरिया, पिता–दिनू अगेरिया<br>3. ग्राम–ऐटे, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिना में बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–27/24<br>2. आवेदक–फुलपती देवी, पति–साहेब सिंह<br>3. ग्राम–कसमार, पोस्ट–उदयपुरा, थाना–रमकण्डा, प्रखण्ड–रमकण्डा<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–हांथ के निचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–316/24<br>2. आवेदक–सुर्यदेव सिंह, पिता–स्व0 पुरन सिंह<br>3. ग्राम–मायापुर, पोस्ट–चैनपुर रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–28/24<br>2. आवेदक–मुनसी सिंह, पिता–स्व0 रामधनी सिंह<br>3. ग्राम–रमकण्डा, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–रमकण्डा, प्रखण्ड–रमकण्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–29/24<br>2. आवेदक–मनोज गीरी, पिता–स्व0 सर्वजीत गीरी<br>3. ग्राम–रमकण्डा, पोस्ट–रमकण्डा, थाना–रमकण्डा, प्रखण्ड–रमकण्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–30/24<br>2. आवेदक–रामऔतार, पिता–स्व0 रामबिलास सिंह<br>3. ग्राम–चपरी, पोस्ट–उदयपुरा, थाना–रमकण्डा, प्रखण्ड–रमकण्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–31/24<br>2. आवेदक–सोमला कुवंर, पति–स्व0 छकन सिंह<br>3. ग्राम–विराधपुर, पोस्ट–बोरीया, थाना–रमकण्डा, प्रखण्ड–रमकण्डा<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर मे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– महुवाडाड़ थाना काण्ड सं0–16/91 मे चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडियन खाखा के द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुषंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडियन खाखा एवं बृजलाल प्रसाद गुप्ता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 166. | 1. आवेदन क्र0– 66/24<br>2. आवेदक–कार्मेष्वर उरॉव , पिता–रूपन उरॉव<br>3. ग्राम–धाधू , पोस्ट–मैसादोन , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0– 67/24<br>2. आवेदक–बालदेव उरॉव , पिता–अकला उरॉव<br>3. ग्राम–जाला , पोस्ट–सेरेगड़ा , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0– 68 /24<br>2. आवेदक–दिनेष उरॉव , पिता–सावना उरॉव<br>3. ग्राम–बसिया , पोस्ट– बालुमाथ , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0– 69/24<br>2. आवेदक–चरण उरॉव , पिता–स्व0 विफा उरॉव<br>3. ग्राम–होलंग , पोस्ट–होलंग , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0– 70 /24<br>2. आवेदक–विष्वनाथ प्रसाद , पिता–गुलाब चन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम–पाण्डेपुरा , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ के छोटी अंगुली में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0– 373 /24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र साव , पिता–स्व0 जवाहर साव<br>3. ग्राम–भवंरा गांधी नगर , पोस्ट– भवंरा , थाना– भवंरा , प्रखण्ड– भवंरा (धनबाद)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0– 71 /24<br>2. आवेदक–बुधदेव उरॉव , पिता–स्व0 बंधु उरॉव<br>3. ग्राम–चेताग , पोस्ट–बालुमाथ , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0– 72 /24<br>2. आवेदक–जितू उरॉव , पिता–स्व0 चरवा उरॉव<br>3. ग्राम–चेताग (पचफेड़ी), पोस्ट–बालुमाथ , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0– 73/24<br>2. आवेदक–नान्हु उरॉव , पिता–बोलिया उरॉव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झावर , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0– 74/24<br>2. आवेदक–लालजी उरॉव , पिता–स्व0 भूखा उरॉव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0– 75/24<br>2. आवेदक–बिफा उरॉव , पिता–सोमा उरॉव<br>3. ग्राम–कोमर पार नदी , पोस्ट–बालुमाथ , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0– 76 /24<br>2. आवेदक–जगेष्वर उरॉव , पिता–सहदेव उरॉव<br>3. ग्राम–सैराही (बालू ) , पोस्ट–बालू , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0– 77 /24<br>2. आवेदक–बनारस उरॉव , पिता–स्व0 कोठिया उरॉव<br>3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–भैसादान , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0– 78 /24<br>2. आवेदक–चॉदमनी देवी , पति–स्व0 कैलाष उरॉव<br>3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–भैसादान , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0– 79/24<br>2. आवेदक–कृष्णा उरॉव , पिता–स्व0 वासुदेव उरॉव<br>3. ग्राम–पकरी , पोस्ट–झावर , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0– 80/24<br>2. आवेदक–बासो देवी , पति–नागदेव उरॉव<br>3. ग्राम–पकरी , पोस्ट–झावर , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग– महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0– 81/24<br>2. आवेदक–बालेष्वर उरॉव , पिता–स्व0 तेजू उरॉव<br>3. ग्राम–मारंगलोइया , पोस्ट– मारंगलोइया , थाना–मुरपा , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0– 82 /24<br>2. आवेदक–मिना देवी , पति–स्व0 विजय भगत उर्फ विजय उरॉव<br>3. ग्राम–लावागडा , पोस्ट–चिरू , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड– हेरहंज<br>4. लिंग– महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0– 83/24<br>2. आवेदक–हिरामनी देवी , पति–लालू उरॉव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झावर , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग– महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0– 84 /24<br>2. आवेदक–रामेष्वर उरॉव , पिता–स्व0 तेजू उरॉव<br>3. ग्राम–मारंगलोइया , पोस्ट– मारंगलोइया , थाना–मुरपा , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0– 85 /24<br>2. आवेदक–जलेन्द्र उरॉव , पिता–स्व0 लछ्छू उरॉव<br>3. ग्राम–मारंगलोइया , पोस्ट– मारंगलोइया , थाना–मुरपा , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0– 86 /24<br>2. आवेदक–सुनिता देवी , पति–स्व0 रधू लोहरा<br>3. ग्राम–हुम्बू , पोस्ट–चिरू , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड– हेरहंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0– 87 /24<br>2. आवेदक–नागेष्वर उरॉव , पिता–स्व0 सहदेव उरॉव<br>3. ग्राम–खैराहि बालू , पोस्ट– बालू , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0– 88/24<br>2. आवेदक–डबलू उरॉव , पिता–भीखलाल उरॉव<br>3. ग्राम–खैराहि बालू , पोस्ट– बालू , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0– 89/24<br>2. आवेदक–महाविर उरॉव , पिता–स्व0 सकरा उरॉव<br>3. ग्राम–धाधू , पोस्ट– भैसादान , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0– 90 /24<br>2. आवेदक–मंजु देवी , पति–स्व0 नागेन्द्र यादव<br>3. ग्राम–पूकचू , पोस्ट–डाढ़ा , थाना–बरियातु , प्रखण्ड– बरियातु<br>4. लिंग– महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0– 91 /24<br>2. आवेदक–जयपाल उरॉव , पिता–भूगलू उरॉव<br>3. ग्राम–बसिया , पोस्ट–बसिया , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0– 59 /24<br>2. आवेदक–अन्नुप्रिया साहु , पति–प्रकाष साहु<br>3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा (लातेहार)<br>4. लिंग– महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0– 92 /24<br>2. आवेदक–सुरेष उरॉव , पिता–डोमन उरॉव<br>3. ग्राम–हेठबेसरा , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0– 93/24<br>2. आवेदक–राजेष उरॉव , पिता–सुबेदार उरॉव<br>3. ग्राम–हेठबेसरा , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0– 94 /24<br>2. आवेदक–सर्वजीत उरॉव , पिता–रामसहाय उरॉव<br>3. ग्राम–कढ़िमा , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0– 95 /24<br>2. आवेदक–जबरा उरॉव , पिता–भगवती उरॉव<br>3. ग्राम–मुक्का , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0– 96 /24<br>2. आवेदक–सुरजलाल उरॉव , पिता–रघु उरॉव<br>3. ग्राम–मुक्का , पोस्ट–पाण्डेपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0– 97 /24<br>2. आवेदक–संतोष कुमार सिंन्हा , पिता–कृष्ण प्रसाद<br>3. ग्राम– बालुमाथ , पोस्ट– बालुमाथ, थाना– बालुमाथ , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0– 98 /24<br>2. आवेदक– विजय उरॉव, पिता– शंकर उरॉव<br>3. ग्राम– जाला , पोस्ट– सेरेगाड़ा थाना– बालुमाथ , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0– 99 /24<br>2. आवेदक–टुलो देवी , पति–जगेष्वर उरॉव<br>3. ग्राम–खैराटी , पोस्ट–बालु , थाना– बालुमाथ , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग– महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0– 100 /24<br>2. आवेदक– रामेष्वर उरॉव, पिता– दुखन उरॉव<br>3. ग्राम–खैराटी , पोस्ट–बालु , थाना– बालुमाथ , प्रखण्ड– बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3.आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO. 322310 Home(23-24):D

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे कॉलोनी स्थित पांडेयआहार में मिला अज्ञात शव

**बरही ।** गया रोड वीर कुंवर सिंह पथ सह रेलवे कॉलोनी स्थित पांडे आहार में एक अधेड़ युवक की अज्ञात शव मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर शव निकालने का प्रयास कर रहा था. फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है. शव पानी में तैरते नजर आ रहा है, जो नीले रंग का टी शर्ट पहने हुए है. स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार शव को मुहल्ले के एक बच्चे ने खेलने के क्रम में देखा और स्थानीय लोगो को जानकारी दिया. घटना स्थल पर राज सिंह चौहान, अमित सिंह, शिवा निषाद, राजेश केसरी, राकेश शर्मा, राजू राणा, अनुज प्रजापति, बंटी सिंह, टुनटुन पांडे आदि सहित कई स्थानीय महिला पुरुष मौजूद थे.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शादी में आए युवक की मौत

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना रोड में सोमवार की देर रात को शादी में आए एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक की मौत हो गई। मृतक युवक सुखदेव साव पिता स्व. पुनु साव चौपारण बंदवारा महराजगंज का रहने वाला है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कोडरमा ने साहेबगंज को आठ विकेट से हराया

**कोडरमा / झुमरी तिलैया ।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच कोडरमा और साहेबगंज के बीच खेला गया। मैच चंदवारा पुलिस लाइन मैदान में खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी साहेबगंज की टीम 17.5 ओवर में महज 46 रन पर ढेर हो गई। साहिबगंज टीम की ओर से रितिक ने 11 रन और राकेश ने छह रन बनाए। कोडरमा की ओर से गेंदबाजी करते हुए साहिल गुप्ता ने आठ विकेट और प्रिंस कुमार ने दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया। कोडरमा की ओर से सूरज मंडल ने 30 रन और अभिषेक ने 11 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए साहेबगंज की ओर से सूरज राय ने एक विकेट चटकाए। बेहतर खेल के लिए कोडरमा के साहिल गुप्ता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच में ऑब्जर्वर राजेश कुमार झा, अंपायर प्रमोद कुमार और नीरज पाठक, स्कोरर जूलकर नैन सहित केडीसीए सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, आलोक पांडेय, उमेश सिंह, सुमन कुमार, पंकज सिंह, धर्मेंद्र कौशिक, सोनू खान, अजीत कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### प्रवासी मजदूर मृतक के परिजनों को मिला 50 हजार का सरकारी मदद

**बरकट्ठा।** बीते पिछले कुछ दिनों पूर्व शिलाडीह गांव के सीताराम भुइयां पिता स्व मनी भुइयां का मुंबई में एक होटल में मजदूरी करते हुए तेल से जल जाने के कारण मृत्यु हो गई थी। मृतक की एक 2 वर्ष की बेटी भी है। जिसकी सूचना मिलने पर बगोदर विधायक विनोद सिंह, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव समेत क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों ने पहुंच कर मृतक के परिवार को शोक व्यक्त किया था। मृतक के परिवार से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए विनोद सिंह ने कहा था कि सरकार द्वारा हमने एक कानून बनाया है जिसमें किसी व्यक्ति की राज्य के बाहर मृत्यु हो जाती है उसके शव को लाने के लिए उनके परिवार को सरकार के तरफ से तुरंत 50 हजार रुपए सहयोग राशि दिया जायेगा। जिसे सरकार ने लागू कर सीताराम भुइयां की पत्नी को उक्त राशि मिल गई। कहा पूरे देश में सबसे ज्यादा मजदूर झारखंड के लोग ही हैं। सरकार को झारखंड में ही रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए ।रोज पूरे राज्य में इस तरह की घटना होती रहती है।लेकिन जानकारी नहीं होने से सहयोग नही मिल पाता है।शिलाडीह पंचायत के पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा की बगोदर विधायक विनोद सिंह का क्षेत्र नही होने के बावजूद जनता के प्रति इस तरह समर्पण होना एक सही प्रतिनिधि की पहचान है। इसके लिए विनोद जी को धन्यवाद। मौके पर मृतक की पत्नी रंजू देवी उनकी मां, छोलो भुइयां, संजय भुइयां, रूपलाल भुइयां समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के विरुद्ध लगाए गए झूठे आरोप का पार्टी पुरजोर विरोध करेगी : नितेश

**कोडरमा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के विरुद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता चांद आलम द्वारा झुमरी तिलैया थाना में आवेदन में झूठे आरोप लगाया गया है। इसकी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी ने कड़ी भर्त्सना की है। श्री चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन से मांग किया कि शीघ्र इसकी जांच उच्च पदाधिकारी से किया जाए और किसी भी प्रकार के झूठे केस में यदि फंसाने की साजिश होगी,पार्टी उसका मुंह तोड़ जवाब देगी। प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन भी करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि एसपी स्वयं इसकी जांच करें और सच्चाई का पता लगाकर एलईडी वाहन को क्षतिग्रस्त करने,झूठे आरोप लगाने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता मो आलम को गिरफ्तार करें। अभी चुनाव का वक्त है और आने वाले चुनाव के दौरान क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की लंबी साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हताश होकर उलुल-जुलूल बयान दे रहे और भ्रष्टाचार में डूबे राजद नेता सुभाष यादव की गिरफ्तारी पर रोने झंडा चौक पर प्रदर्शन करने आए थे। पूर्व से ही केन्द्र सरकार की जनहित में किए कार्यों की प्रचार- प्रसार गाड़ी एलईडी के जरिए झंडा चौक के समीप पीएम मोदी की गारंटी संकल्प पत्र पर सूझाव ले रही थी। एलईडी स्क्रीन वाहन को क्षतिग्रस्त करना कुत्सित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ आवेदन में चांद आलम को यह लिख कर देना कि उन्हें जान से मार देने की कोशिश किया गया।

### विधायक व डीडीसी ने संयुक्त रूप से अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस का किया उद्घाटन

**बरही।** अनुमंडल के लिए मंगलवार का दिन बेहद ही उपयोगी रहा. स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव व डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया. मौके पर सिविल सर्जन एसपी सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनी प्रसाद, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी आदि उपस्थित रहे. सिविल सर्जन ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस 15 दिनो के अंदर कार्य करना प्रारंभ कर देगा. एसी, एम्बुलेंस और मुर्दा वाहन की कमियों 30 शीघ्र व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने विधायक श्री अकेला से एंबुलेंस उपलब्ध करवाने का आग्रह किया. जिसे विधायक ने अपनी सहमति देते हुए चालक व देखरेख की व्यवस्था सीएस को करने की बात कही. मौके पर आयोजित उद्घाटन सभा को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि बुझे मन से ही सही परंतु विधायक के अथक प्रयास से बरही के लिए एक आवश्यक कार्य संपन्न हुआ. उन्होने बताया कि विधायक ने जिला के हर एक बैठक में इसे चालू करवाने की बात रखी थी. जिला प्रशासन को भी इनके मांगो के को प्राथमिकता देते हुए पोस्टमार्टम हाउस प्रारंभ करना पड़ा है. सभा में ही पोस्टमार्टम हाउस के डीएमएफटी मद से नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र भी सौंपा. विधायक श्री अकेला ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए जिला प्रशासन का अभार जताया. इसके साथ ही अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड स्टोरेज बैंक भी शीघ्र स्थापित करने की मांग किया. उन्होंने कहा कि अनुमंडलिय अस्पताल में हर संभव सुविधाए उपलब्ध करवाए जा चुके हैं. लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा. ब्लड बैंक के बाबत सीएस ने बताया कि स्थल का चयन किया जा चुका है, शीघ्र ही चालू किया जायेगा. 15 दिनो के अंदर अल्ट्रासोनोग्राफी प्रारंभ करवाने की बात कही.साथ ही पोस्टमार्टम हाउस को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्थानीय चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने की बात कही. उन्होंने बताया कि 15 दिनो के अंदर यह पोस्टमार्टम हाउस सुचारू रूप से कार्यरत हो जायेगा. कार्यक्रम में डॉ नीलू कुमारी, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अंकुर विहार, डॉ इंद्रजीत कुमार, बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार, सुधांशु कुमार सिन्हा, बिजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार, एएनएम, सहिया सहित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, छद्दू गोप, सुनील साहू, रिजवान अंसारी, बासुदेव गोप, दीपक गुप्ता आदि कई लोग मौजूद थे.

# किसानों की समस्याओं के निष्पादन का पदाधिकारियों को निर्देश दिया

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, वीएलडब्लू, एटीएम, बीटीएम, किसान मित्रों आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनकी समस्याओं के निष्पादन को लेकर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे हैं कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री टोप्पो ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे कृषि संबंधित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य विभाग के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले में एग्री क्लीनिक एवं एग्री स्मार्ट ग्राम की योजना शुरू करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों एवं लाभुकों को मिल रहे लाभ का जायजा लेने आदि का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण कार्यालय को समिति सहाय अनुदान के तहत अगले 60 दिनों तक किए जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा के दौरान वैसे सभी किसान जो केसीसी का लाभ लिए हैं उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। कृषि पशुपालन एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में गाय पालन, मत्स्य पालन आदि के लाभुकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिले में चल रहे कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने हेतु लाभुकों का एस्क्रौ खाता खोलने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कराया जा रहा है जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट सिमडेगा के द्वारा पूरे सिमडेगा जिला में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान। इस अभियान के तहत मंगलवार को ठेठईटांगर प्रखंड बाजार ठेठईटांगर में सुर तरंग म्युजिकल ग्रुप सिमडेगा के द्वारा गीत संगीत नुकड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना,मानव तस्करी को रोकना शिक्षा, पलायन को रोकने के लिए,बाल विवाह को रोकने के सम्बंध में,दहेज प्रथा बुराई को समाज से दूर करना,मतदान सर्पदंश के उपरांत किये जाने




वाले उपचार हॉस्पिटल में एंटीवेनम जरूर दिलाए जागरुकता किया गया।इसके अलावा कोनमजरा, बम्बलकेरा, ताराबोगा,कोरोमिया ,जोराम में अभियान चलाया जाएगा ।दल प्रमुख संदीप नाग एवम दल में शिवनंदन सिंह दिनेश इंदवार,कलिंदर कच्छप, दिगम्बर सिंह नारायण सिंह राहुल नायक सलिता देवी दासमनी देवी पूनम कुमारी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सहदुल मन्सुरी एवं खोरस केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेष्वर केवट द्वारा पहचान के आधार पर। | | |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–175/24<br>2. आवेदक–बसंती उराईन , पति–विजय उराँव<br>3. ग्राम–करिडा तुंजटोली , पोस्ट–करिडा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया पैर के घुटने के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–176/24<br>2. आवेदक–जगे गोप , पिता–टेटु गोप<br>3. ग्राम–तेतरडीह , पोस्ट–परसा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–177/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र उराँव , पिता–बुधु उराँव<br>3. ग्राम–परसा , पोस्ट–परसा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये पैर के घुटना में गोली लगने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–178/24<br>2. आवेदक–सिलबिरयुस लकडा , पिता–फिलमोन लकड़ा<br>3. ग्राम–गमहैरटोली , पोस्ट–कासीर , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के सामने घाव का का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–180/24<br>2. आवेदक–रानी मिंज , पति–स्व0 फागरू मिंज<br>3. ग्राम–करौन्दी , पोस्ट–करौन्दी , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पास तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of PDJ Residence, Installation of Concertina Coil at Boundary Wall and 1 Nos. Morcha for safety purpose in PDJ Residence at Latehar | 23,97,3 00/- | 48,000 /- | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | Construction of Parking Shed and Laying of Paver Block in Court Campus at Civil Court Latehar. | 20,38,800/- | 41,000 /- | 5000/ - | 03 (Th ree ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 322262 Building(23-24).D



## असैनिक भाल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा
Email-cs.lohardaga2@gmail.com

**सूचना**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु Anti rabbies vaccine की आपूर्ति हेतु खुली निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रण हेतु निविदा संख्या – 03/2023 PR 320932 (Lohardaga) 23-24(D) प्रकाशित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा आमंत्रण की तिथि दिनांक 15.03.2024 तक बढ़ाई जाती है। इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 15.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में निविदा जमा की जा सकती है एवं निविदा दिनांक 16.03.2024 के पुर्वाहन 10:30 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में निविदा निश्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जाएगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 322406 Lohardaga(23-24)#D



## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार
### (महात्मा गाँधी नरेगा कोषाँग)

**अतिअल्पकालीन निविदा**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N) 208 (अनु0), दिनांक 21.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु लातेहार जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कम्पनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | Vermi-Compost (in kg) |
| | | FYM (compost) (in kg) |
| | | Neem Oil cake (in kg) |
| | | Karanj Oil cake (in kg) |
| | | Bone meal (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Fungicide) | Trichoderma viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU gm) |
| | | Chlorothalonil 75% WP (in kg) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in litre) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC;Biflex TC or equivalent |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | Totoeare/Agromin or Equivalent |
| | | Urea |
| | | NPK 10:26:26 (Sufala orequivalent) |
| | | SSP |
| | | MoP (Potash) |
| 5 | पौलिथीन (Polythene) | Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant, 6Kg |
| 6 | अन्य | Nail (कील) (Per kg) (3") |
| | | GI Wire (तार) (Per kg) |
| | | Bamboo (One Pc. 50') |

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाके में दिनांक 20/03/2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक– 21/03/2024 अपराह्न 03:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त लातेहार जिला के Official Website- https://latehar.nic.in एवं डी0आर0डी0ए0 के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार।

PR.NO.322256 Rural Development(23-24):D



## कार्यालय कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर
पता:-बारा मोड़, छतरपुर, जिला-पलामू, झारखण्ड–822113,
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**सैरात बन्दोबस्ती डाक सूचना संख्या–01/2023–24**

सर्वसाधारण से सूचित किया जाता है कि छतरपुर नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शूल्क से प्रवेश शूल्क की वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता से डाक/ नीचे अंकित तिथि एवं समय पर नगर पंचायत, छतरपुर के सभा कक्ष में होगी। बन्दोबस्ती की अवधि एक वर्ष (1) के लिए होगी।

**सुरक्षित जमा राशि एवं जमानत की राशि निम्नलिखित है:–**

| क्र0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि / डाक/बोली की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि | डाक/बोली में भाग लेने के लिए आवेदन शूल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | डाक की तिथि | नगर पालिका व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क (नगर पंचायत, छतरपुर।) 24 घंटे के लिए वसुलनीय दर। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | |
| 1 | नगर पालिका में व्यवसायिक वाहन प्रवेष शुल्क वसूली/बन्दोबस्ती। | 3500000/– | 350000/– | 10,000/– | दिनांक– 15.03.2024 समय–12:30 बजे अपराह्न | 1. तीन चक्का वाहन–20 रू0<br>2. चार चक्का, कमाण्डर/जीप– 30 रू0<br>3. चार चक्का, 407/पिकअप, टैक्टर– 40 रू0<br>4. 06 चक्का ट्रक :– 80 रू0<br>5. 10 चक्का वाहन– 90<br>6. 10 चक्का से अधिक वाहन–120 |

नोट:– बंदोबस्ती के नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं PALAMU.NIC.IN पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR.NO.322342 District(23-24):D



## जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण-सूचना**
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 22 वर्ष 2023–24
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 20.03.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 21.03.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 21.03.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत महुआडांड में रा0 मध्य विद्यालय रामपुर में चाहरदिवारी निर्माण। | 11,21,300.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार

PR 322325 Rural Development (23-24)_D



## कार्यालय, पदाधिकारी नगर पंचायत, छत्तरपुर

**-: आवश्यक सूचना :-**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष –2023–24 में कुल–20 होल्डिंगधारियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है। उक्त होल्डिंगधारी 07 दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें, अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम की धारा–184,186 के तहत बैंक खाता फिज करने एंव अंचल संपति को जप्त कर अग्रेतर कारबाई की जायेगी, जिसकी जिम्मेवार आप स्वयं होगें।

**बकायदार होल्डिंगधारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

TOP 20 BIG DEFAULTER LIST @ CHHATARPUR NAGAR PANCHAYAT

| sl_no | ward_no | holding_no | owner_name | mobile_no | property_address | from_dmd | upto_dmd | amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 012000016 2000M0 | ATUL KUMAR SINHA/ SANJAY SINHA | '9967355628 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 13594.56 |
| 2 | 10 | 010000019 0000M0 | MD MUSHTAQ ALAM KHAN | '8709113263 | MASIHANI TOLA MANDEYA CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 11652.48 |
| 3 | 6 | 006000031 4000A1 | ANIL KUMAR | '8579034452 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 11192 |
| 4 | 13 | 013000016 2000A1 | SUNITA KUMARI MISHRA | '8210179103 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 9116.48 |
| 5 | 10 | 010000034 3000A1 | BASANTI DEVI | '7751923221 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2020-2021 | 4/2023-2024 | 8616 |
| 6 | 13 | 013000008 4000A1 | FULWASIYA DEVI | '9155990303 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 8270 |
| 7 | 14 | 014000029 5000M0 | AJAY KUMAR SINHA | '7761818748 | Lohrahi chhattarpur | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 8256 |
| 8 | 13 | 013000006 1000A1 | JAYPRAKASH BARAI | '6201277461 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 8186 |
| 9 | 6 | 006000031 6000A1 | SAROJ DEVI | '6202028551 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7528 |
| 10 | 15 | 015000007 3000A4 | RAMRATI KUNWAR | '8092767610 | KARMAKALAN CHHATTARPUR | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7501.6 |
| 11 | 15 | 015000035 2000A1 | Balgovind saw | '7992211400 | Sadma | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7468 |
| 12 | 14 | 014000029 3000M0 | BINAY KUMAR | '7992441200 | LOHRAHI CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 4/2022-2023 | 4/2023-2024 | 7435 |
| 13 | 8 | 008000017 0000X1 | BUCHAN RAM | '9304235108 | MASIHANI CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7384 |
| 14 | 4 | 004000054 7000X1 | GIRWAR PRASAD SINGH | '8092513621 | BARA CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7224 |
| 15 | 12 | 012000027 4000A1 | UDAY PRASAD | '6205994614 | CHHATTARPUR | 1/2021-2022 | 4/2023-2024 | 7224 |
| 16 | 12 | 012000014 4000M0 | PRAVESH SAW AND BABLU GUPTA AND RAHUL RAJ AND RAMESH PRASAD | '8002884544 | KHATIN CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 6481.68 |
| 17 | 3 | 003000021 8000M0 | RISHIKESH KUMAR ANAND | '9110910875 | BARA CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 6068.96 |
| 18 | 12 | 012000025 5000M0 | KRISHNA KUMAR MISHRA , CHANDRABHUSH AN MISHRA | 8521430083, 8521430083 | Khatin Chhatarpur | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 6068.96 |
| 19 | 12 | 012000024 2000M0 | Krishna kumar mishra | '8521430083 | Khatin | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 5704.88 |
| 20 | 10 | 010000035 1000A1 | Ambika prasad singh | '7463095843 | Laxmi nagar Chhatarpur | 1/2022-2023 | 4/2023-2024 | 5592 |

ह0
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत छतरपुर

PR 322343 District (23-24)_D

**एक आदमी जो अपने एक घण्टे के समय को बर्बाद करने की हिम्मत रखता है, उसे अपने जीवन का मूल्य नहीं पता : अज्ञात**

# कानून के दायरे में लाया जाय रियल एस्टेट कारोबार को

रोटी कपड़ा के बाद घर प्राथमिकता में है पर भारत में आज भी बहुत कम लोग अपने घर के सपने को पूरा कर पाते हैं। अधिकांश लोगों का जीवन किराये के मकान में गुजर जाता है या फिर बिना किसी छत के। भारत में घरों के स्वामित्व का राष्ट्रीय औसत 86.6 फीसदी है। राज्यों में, सिक्किम में घर का स्वामित्व सबसे कम 64.5 फीसदी है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश, दमन और दीव में घर का स्वामित्व सबसे कम 38.3 फीसदी है। नाबार्ड के आंकड़ों के अनुसार, देश की 58 फीसदी आबादी आज भी खेती-किसानी पर निर्भर है, लेकिन उनका ठीक से गुजर-बसर नहीं हो पा रहा है। इसलिए वे बेहतर रोजगार हासिल करने के लिए गांव से शहर की ओर पलायन कर रहे हैं। इस वजह से शहरों में आबादी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। चूंकि जमीन सीमित है, इसलिए हर व्यक्ति के लिए खुद का मकान बनाना मुमकिन नहीं है। इस समस्या के समाधान हेतु शहरों और कस्बाई इलाकों में अपार्टमेंट संस्कृति का आगाज हुआ है। आरंभ में छोटी पूंजी वाले डेवलपर एक साथ कई परियोजनाओं को शुरू कर देते थे, ताकि ज्यादा संख्या में खरीदारों से दो से तीन किस्तों की वसूली की जा सके। एक से अधिक परियोजनाओं को जीवित रखने के लिए वे फंड डाइवर्ट करते थे, अर्थात कभी 'एक्स' परियोजना का पैसा 'वाई' परियोजना में लगा देते थे, तो कभी 'जेड' परियोजना में। नतीजतन कोई भी परियोजना समय से पूरी नहीं हो पाती थी। अमूमन, एजेंट के जरिये वे प्रॉपर्टी की कीमत 50 से 70 फीसदी नकद में वसूलते थे, ताकि काले धन को सफेद बनाया जा सके। कालांतर में, बड़ी कंपनियां डेवलपर्स बन गईं, जिससे फंड डाइवर्जन, काले धन को सफेद बनाने की प्रक्रिया, खरीदारों को समय पर पजेशन नहीं मिलने जैसी अनियमिताओं पर अंकुश लग गया। सरकार ने भी खरीदारों की परेशानियों को समझा और वर्ष 2016 में रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) कानून को अमली-जामा पहनाया। यह अधिनियम राज्यसभा में 10 मार्च, 2016 को और लोकसभा में 15 मार्च, 2016 को पारित किया गया। रेरा अधिनियम को मूर्त रूप देने का मकसद था घरेलू खरीदारों के हितों की रक्षा करना। यह कानून डेवलपर को परियोजना के दो-तिहाई से अधिक खरीदारों की लिखित सहमति के बिना किसी फ्लैट, मकान, दुकान के लिए स्वीकृत योजना से अलग बदलाव करने से प्रतिबंधित करता है। इस कानून को अमली-जामा पहनाने के बाद से रियल एस्टेट में निवेश करने वाले ईमानदार निवेशकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। कुछ राज्यों को छोड़कर, भारत के लगभग सभी राज्यों ने रियल एस्टेट क्षेत्र को विनियमित करने के लिए राज्य रेरा कानून को मूर्त रूप दिया। बेशक रेरा कानून रियल एस्टेट कारोबार में पारदर्शिता और जबावदेही लेकर आया, इसके बावजूद, यह रियल एस्टेट एजेंटों के काले कारनामों पर प्रभावी ढंग से लगाम नहीं लगा सका। आज भी रियल एस्टेट एजेंट मोटी कमीशन के लालच में भ्रम पैदा करने वाली सूचनाएं, गलत जानकारी आदि देकर खरीदारों को दोयम दर्जे की प्रॉपर्टी मुंहमांगी कीमत पर दिलवा रहे हैं। अमूमन, खरीदार को अपार्टमेंट के आसपास के क्षेत्रों के बारे में जानकारी नहीं होती है, जिसके कारण वे उपलब्ध कराई गई सूचनाओं को न तो स्वयं सत्यापित कर पाते हैं और न ही किसी दूसरे से उसका सत्यापन करवा पाते हैं। अंतत, वे एजेंट के झांसे में आकर ठगे जाते हैं। साफ है कि रियल एस्टेट एजेंट और डेवलपर को तभी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जब उनकी धोखाधड़ी को साबित किया जा सके। लिहाजा, सरकार को रेरा कानून की तरह रियल एस्टेट एजेंट की जबावदेही तय करने के लिए एक ऐसे कानून को मूर्त रूप देना चाहिए, जिसमें केवल पंजीकृत व्यक्ति द्वारा रियल एस्टेट एजेंट का कार्य करने, रियल एस्टेट एजेंट को डेवलपर का कानूनी प्रतिनिधि बनाने, रियल एस्टेट एजेंट को नियुक्ति पत्र और कमीशन देने की शर्तों का उल्लेख ऑफर लेटर में करने आदि के प्रावधान होने चाहिए। साथ ही, जमीन की खरीद-फरोख्त में विक्रेता को पैसे मिले या नहीं, यह सुनिश्चित करने के लिए विक्रेता को खाते का विवरण रजिस्ट्री कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य कर देना चाहिए। ऐसे प्रावधानों से काले धन के सकुर्लेशन पर लगाम लगेगी और रियल एस्टेट एजेंट खरीदार से अवांछित कीमत की वसूली नहीं कर सकेगा

इन दिनों

# देश के बदलते परिदृश्य में सामाजिक समरसता बहुत जरूरी है


विजय केसरी

**देश** के बददले परिदृश्य में सामाजिक समरसता बहुत ही जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था में शामिल हो गई है। भारत का जीडीपी आठ सूचांक को लांघ चुका है । जबकि विकसित देशों की जीडीपी धीरे-धीरे भारत की तुलना में कम होती चली जा रही है। विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था और भी बद से बद्तर होती चले जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद दुनिया आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही है। वहीं भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है । यह भारत वासियों के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण बात है कि भारत अपने पुराने गौरव को प्राप्त करने की ओर काफी तेजी के साथ आगे कदम बढ़ा चुका है। आज दुनिया के लगभग सभी देश भारत के इस विकास को देखकर हतप्रभ हैं। ये देश यह सोच रहे हैं कि आखिर भारत की अर्थव्यवस्था इतनी तेज रफ्तार से कैसे दौड़ रही है ? जबकि 2014 के पूर्व देश की अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी नहीं थी। हमारा विकास दर काफी निम्न था। हमारी जीडीपी भी चार-पांच के लगभग थी। देश का आर्थिक विकास दर भी काफी कम था। 2014 के बाद भारत धीरे-धीरे कर निरंतर आगे बढ़ता ही चला जा रहा। देश के लगभग सभी राज्यों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं पैसे के अभाव में रुक नहीं रही हैं बल्कि केंद्र द्वारा जो रुपए भेजे जा रहे हैं, राज्य सरकारें उस रूपयों को भी पूरा खर्च नहीं कर पा रही हैं। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में संपूर्ण देश में चतुर्भुज सड़क योजना का शुभारंभ हुआ था। उनके ही प्रधानमंत्री तो काल में यह योजना पूरी हो गई थी। चतुर्भुज सड़क योजना के निर्माण के बाद देश की कनेक्टिविटी काफी बढ़ गई थी। परिणाम यह हुआ कि पेट्रोल और डीजल के खर्चें कम हुए। इससे प्रदूषण को कम करने मैं भी आंशिक सफलता मिली। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने देश के विकास को गति देने के लिए इस विषय पर अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ सम्यक विचार विमर्श किया। देश के विकास दर को तेज करने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों



को परामर्शदात्री समिति में शामिल किया। देश के विकास को जमीनी स्तर तक कैसे पहुंचाया जाय, इस पर लगातार बैठकें होती रही। देश की बुनियादी सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के चतुर्दिक विकास के लिए एक मानचित्र तैयार किया गया। इस मानचित्र के आधार पर कार्य होना प्रारंभ हुआ। इस पूरे कार्य प्रबंधन की मॉनिटरिंग खुद प्रधानमंत्री करते रहें हैं। देश की आजादी के बाद यह पहली बार हुआ था कि देश के प्रधानमंत्री देश की बुनियादें सुविधाओं के लिए लगातार बैठकें करते रहें हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि सरकार की लगभग सभी बड़ी योजनाएं समय से पूरी होने लगी। जबकि पूर्व की सरकारों में ऐसा नहीं हो पाता था। केन्द्र सरकार की योजनाओं को पूरा होते-होते काफी समय लग जाता था। तब तक योजनाओं की राशि दुगनी और तीन गुना बढ़ जाती थी। फलतः देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ता रहा था। 2014 के बाद योजनाएं समय पर पूरी होने लगी। देखते ही देखते संपूर्ण देश में सड़कों का एक जल सा बिछता चला जा रहा है। सुदूर से सुदूर गांवों को भी बड़ी सड़कों से जोड़ दिया जा रहा है। इससे कृषकों को काफी लाभ भी मिल रहा है। अब कृषक अपने सामानों को मंडियों तक पहुंचने में काफी राहत महसूस कर रहे हैं। हर व्यक्ति को शुद्ध पानी मिले, इस निमित्त घर-घर में जल पहुंचाने का काम भी संपूर्ण देश में बहुत ही तेजी के साथ हो रहा है। देश भर के स्वास्थ्य केदो को दुरुस्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार आयुष्मान योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के लिए पांच लाख रुपए तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही है। आयुष्मान योजना के तहत अब तक संपूर्ण देश में लगभग एक करोड़ से अधिक गरीबी रेखा के नीचे रह रहें लोगों का समुचित इलाज हो पाया है। केन्द्रीय और राजकीय पाठशालाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। इसका परिणाम लिया हुआ कि गरीब से गरीब के बच्चे भी पाठशालाओं में पढ़ पा रहे हैं। देश की आजादी के बाद से ही भारत को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। तत्कालीन केन्द्र की सरकारों से हुई भूल के को देश को लंबे समय तक सहना पड़ा है। आज देश आगे बढ़ रहा है। इसको आगे बढ़ाने में सर्वप्रथम देशवासियों को ही क्रेडिट जाता है। देशवासियों ने ही 2014 में एक ऐसी सरकार को चुना, जिसने बीते नौ वर्षों में वह सब कुछ कर दिखाया जिसका सपना हम सबों ने देखा था। भारत के पड़ोसी मुल्कों का रवैया कभी भी अच्छा नहीं रहा। चीन शुरू से ही भारत का दुश्मन रहा है। चीन ने 1962 में भारत के विरुद्ध जंग का ऐलान कर दिया था। इस युद्ध में चीन ने भारत के एक बड़े भूभाग पर कब्जा कर लिया था। ऊपर से पाकिस्तान हमेशा भारत के विरुद्ध साजिशें रचता रह रहा है। पाकिस्तान, कश्मीर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी कार्रवाई कर चुका है। ऐसे में समस्त देशवासियों को मिल जुल कर रहने से ही हम सब विदेशी साजिशों का मुंह तोड़ जवाब दे सकते हैं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत का संविधान देश के समस्त नागरिकों को पूरी स्वतंत्रता के साथ जीने,रहने और अपने अपने धर्म को मनाने का अधिकार प्रदान करता है। लेकिन कुछ बाहरी और अलगाव वादी आंतरिक शक्तियां भारत की मिलजुल कर रहने की संस्कृति को बिगाड़ने में तुली हुई है। भारत का ताना-बाना ऐसा बुना हुआ है कि लाख कोशिशों के बावजूद हमारी मिलजुलकर रहने की संस्कृति को बिगाड़ नहीं पा रही है। इसका राज यह है कि भारत की संस्कृति, रीति रिवाज, रहन-सहन और पर्व -त्योहार ऐसे बने हुए हैं, जो हम सबों को बदलते परिदृश्य में भी बांधे रख रहा है। पक्ष और विपक्ष लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद में विभिन्न मुद्दों को लेकर एक दूसरे पर जबरदस्त आरोप-प्रत्यारोप दर्ज करते हैं, वहीं देश की एकता अखंडता के मुद्दे पर सभी एक साथ हो जाते हैं। हम सब विभिन्न धर्मावलंबियों के लोग होली पर्व पर मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हैं। ईद पर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई भी देते हैं। गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस पर हम सब एक स्वर से राष्ट्रगान गाते हैं। हम सब मिलजुल कर रहते हैं और साथ खाते पीते हैं। एक दूसरे को पर्व की बधाई देते हैं। आज हालात बदलते चले जा रहे हैं। हमारी एकता और अखंडता पर पूरे विश्व की नजर है। भारत को अशांत करने के कई साजिशें रची जा रही हैं। कश्मीर में घुसपैठ के नाम पर आतंकी कारवाइयां हो रही हैं। पंजाब को अशांत करने के लिए खालिस्तान आंदोलन को हवा दी जा रही है। मणिपुर जैसे प्राकृतिक मनोहर राज्य को जाति के नाम पर उन्माद पैदा किया जा रहा है। इसी तरह अन्य राज्यों को भी अशांत करने की कोशिश की जा रही हैं लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों में भी हम सब मिलजुल कर एक साथ रह रहे हैं। यही हमारी उन्नति का सबसे बड़ा राज है। मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 और 35 से समाप्त कर एक नया इतिहास रच दिया है। आज कश्मीर पूरी तरह बदल गया है। कश्मीर एक खूबसूरत राज्य के रूप में जाना जा रहा है । कश्मीर में संपूर्ण देश से यात्री गण जा रहे हैं। विश्व से यात्री गण आ रहे हैं । कश्मीर में कनेक्टिविटी का बहुत ही विस्तार हुआ है। रेल परियोजनाएं दुर्गम स्थानों पर पहुंच गई है। देश में आज चतुर्दिक विकास को देखा जा सकता है। विकास के रूप को संवारने में हर भारतवासियों की मेहनत और त्याग लगी हुई है। देश के बदलते परिदृश्य में सामाजिक समरसता बहुत ही जरूरी है। भारत 1947 तक एक विकसित देश के रूप में तभी तब्दील होगा, जब हमारी एकता और अखंडता बाधित न हो।

(कथाकार /स्तंभकार)
पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825301)

## आपकी बात

### जल संकट पर गंभीर प्रयास जरूरी


दीनानाथ तिवारी

गर्मी के दस्तक देने के पूर्व ही जिले में जल संकट की स्थिति गहराती जा रही है। यह समस्या इस वर्ष ही उम्पन्न नहीं हुई है। दो दशक पूर्व से ही प्रकृति आसन्न संकट का संकेत देने लगी थी, किंतु हम लगातार अनदेखी करते गये। नतीजन समस्या अब नासून बन चुकी है। इसके बाद भी इसका समूल नाश की जगह दिखावा ही ज्यादा किया जा रहा है। परिणामस्वरूप निकट भविष्य से समस्या दूर होती नजर नहीं आ रही है। कहने को तो लगातार खिसकते भू-गर्भ जल स्रोत का स्तर बरकरार रखने एवं वर्षा जल के संचयन के लिये केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा अरबों रुपये खर्च किये जा रहे हैं, किंतु सारी योजनायें महज कागजों तक ही सिमटी होने के कारण इसका लाभ मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। आलम यह है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ग्रामीण अंचल तो दूर शहरों में भी कहीं देखने को नहीं मिलता। और तो और योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी संभालने वाले सरकारी प्रतिष्ठानों में भी इसकी लगातार अनदेखी की जा रही है। जर, जोरू व जमीन के बाद जल तीसरे विश्व युद्ध का कारण बनेगा। इसकी भविष्यवाणी काफी पहले की जा चुकी है। पानी के लिये संघर्ष अब गांवों से निकलकर राज्य होते हुये देशों के मध्य फैल चुका है। ऐसे में भविष्यवाणी सही साबित हो। इससे पूर्व हमें भावी पीढ़ी को जल मुहैया कराने के प्रति सचेत रहते हुये तत्काल गंभीर प्रयास शुरू कर देने चाहिये। जिससे शांति व व्यवस्था कायम रह सके। इसके लिये सभी को अपने-अपने स्तर पर जल संरक्षण के साथ पानी का दुरुपयोग रोकने के लिये तत्पर रहना होगा। साथ ही वर्षा जल संचयन के लिये सरकार के आसरे को छोड़कर खुद पहल करनी होगी। एक-एक बूंद सहेजकर ही हम पाताल की राह पकड़ चुके भू-गर्भ जल स्तर को बरकरार रख पायेंगे। हमारा आज का प्रयास हमारी भावी पीढ़ी की खुशहाली के लिये अपरिहार्य है।

**- वरिष्ठ समाजसेवी**

प्रतिरोध

# खलिस्तान समर्थकों से लोहा लेते हैं गुरुदेव निडर सिंह निहंग


मुकुंद

**भारतीय** शस्त्र विद्या में पारंगत और लंदन में जन्मे गुरुदेव निडर सिंह निहंग ब्रिटेन और कनाडा में अकसर खालिस्तान समर्थकों से लोहा लेने पर सुर्खियों में रहते हैं। वह साफ कहते हैं कि खालिस्तानी समर्थक मूर्ख हैं। भारत में इनके मंसूबे कभी पूरे नहीं हो सकते। छह फुट एक इंच लंबे 57 वर्षीय गुरुदेव में युवाओं जैसा जोश है। वह इन दिनों युवाओं को शस्त्र विद्या का ज्ञान देने के लिए भारत में हैं। वह गोवा, गुजरात आदि राज्यों में शिविर लगाने के बाद दिल्ली-एनसीआर आये हैं। इस दौरान गाजियाबाद के बैटलफील फाइट क्लब में 'हिन्दुस्थान समाचार' से उनकी भारत के मौजूदा परिदृश्य पर चर्चा हुई। बातचीत में गुरुदेव कभी अपने लक्ष्य से नहीं भटकते। उन्होंने अपना जीवन शस्त्र विद्या का ज्ञान बांटने को लेकर समर्पित कर दिया है। वह कहते हैं कि अगर यह विद्या लुप्त हो गई तो दुनिया खासतौर पर भारत को बहुत बड़ी क्षति होगी। वह चाहे जापान की शस्त्र विद्या हो। चाहे चीन की शस्त्र विद्या हो और चाहे आधुनिकतम मार्शल आर्ट। सबका मूल आधार भारतीय शस्त्र विद्या है। यह स्व रक्षा के लिए बेहतर विकल्प है। यह आत्मरक्षा के लिए सबसे बड़ा साधन है। यह जंगी विद्या भी है। शस्त्र संचालन के ज्ञान से परिपूर्ण निहत्था योद्धा हथियारों से लैस दुश्मन को धूल चटाने में सक्षम होता है। वह उदाहरण देते हैं। कहते हैं, अमृतसर का चौरासी के कई बरस बाद का वाकया है। तब भी वहां की फिजा में खालिस्तान का नारा गूंज रहा था। वह विरोध करने वहां पहुंच गये। स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंचे तो वहां ऐसे ही लोगों से सामना हो गया। वह निहत्थे होते हुए भी अकेले भिड़ गये। आखिर में उन सबको भागना पड़ा। गुरुदेव निडर सिंह का कहना है कि आज का भारत बहुत बदल गया है। वह सक्षम भारत है। वह अपनी आत्मरक्षा के लिए स्वाभिमान से भरा हुआ है। ऐसा राष्ट्र कभी किसी से नहीं डरता। आज का भारत अगर अपनी सनातनी शस्त्र विद्या से पारंगत हो जाय तो वह विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होगा। बच्चा-बच्चा वीर होगा। घर-घर जांबाज होगा।

> **छह फुट एक इंच लंबे 57 वर्षीय गुरुदेव में युवाओं जैसा जोश है। वह इन दिनों युवाओं को शस्त्र विद्या का ज्ञान देने के लिए भारत में हैं। वह गोवा, गुजरात आदि राज्यों में शिविर लगाने के बाद दिल्ली-एनसीआर आये हैं।**

बोधि वृक्ष

## गढ़वा का राजा पहाड़ी शिव मंदिर

सबसे बड़ी विशेषता यह है कि शिव मंदिर के गर्भगृह के नीचे गुफा में माँ दुर्गा की मंदिर है जो अपने आप में बेमिसाल है। यहां आने वाले श्रद्धालु भगवान भोले नाथ का दर्शन पूजन कर गुफा में जाकर मां दुर्गा का भी दर्शन कर अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। मंदिर के सामने पहाड़ी पर हनुमान जी का मंदिर है। वहीं रास्ते में भगवान गणेश का भी मंदिर बना हुआ है। शिव मंदिर के ठीक सामने पूरब की पहाड़ी पर माता पार्वती के मंदिर का निर्माण किया जाना है। यहां आने वाले भक्तों को भीड़ में परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल मंदिर समिति के द्वारा रखा जाता है। मंदिर तक पहुंचने के लिए सीढ़ी पर महिला व पुरुष के लिए अलग अलग व्यवस्था है। **सर्वधर्म सद्भाव का दिखता है नजारा**



मंदिर आने वाले शिव भक्तों को परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल समिति की ओर से रखा जाता है। महाशिवरात्रि व सावन में मंदिर व मंदिर प्रांगण सहित पूरे पहाड़ी की सुंदरता काफी बढ़ जाती है। यहां आने वाले हर भक्तों की मनोकामना भगवान शिव पूरा करते हैं ऐसी मान्यता है। दर्शन पूजन के लिए सालों भर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रहती है। रामचंद्र पाठक, पुजारी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, श्री बंशीधर नगर। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से

Ram Suman Prasad
4 Mar
#IamVerifiedVoter




122 · 34 comments
Like · Comment · Send

Arvind Singh
सर को 🙏

## X - से

World Bank India @WorldBan... Ad
#Women engineers in #Kerala are managing dams & ensuring people's safety & water sustainability. @WorldBank-supported Dam Rehabilitation & Improvement Project is modernizing >500 dams nationwide, 16 of which are in Kerala: wrld.bg/6Cu250QOAVB

#HumWomaniya #WomensDay 💪💧



98 · 691 · 8.1K · 1.9M

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# छोड़ें बीड़ी- सिगरेट और रहें स्वस्थ


योगेश कु. गोयल

**धूम्रपान** के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे (धूम्रपान निषेध दिवस)' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मन-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्युशैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्ष में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जायेगी।

> **धूम्रपान दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है।**

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सऐप के माध्यम से बुक करें दिल्ली मेट्रो का टिकट

**संदेश प्राप्त करें:** पहला कदम है व्हाट्सऐप नंबर +91 9650855800 पर मेट्रो सेवा का संदेश प्राप्त करना है। आपको एक स्वागत संदेश मिलेगा जिसमें टिकट बुकिंग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी होगी।

**जानकारी प्रदान करें:** आपको संदेश के माध्यम से अपनी यात्रा की विवरण प्रदान करनी होगी, जैसे कि आपकी यात्रा की शुरूआती और समाप्ति तिथि, स्टेशनों का नाम, और यात्रा करने वाले यात्री की संख्या।




**टिकट पुष्टि करें:** जब आप अपनी यात्रा की विवरण प्रदान करते हैं, तो आपको टिकट की पुष्टि के लिए एक अनुरोध मिलेगा। आपको संदेश के माध्यम से अपनी यात्रा की जानकारी की पुष्टि करनी होगी।

**भुगतान करें:** अगर आपकी यात्रा की जानकारी पुष्टि हो जाती है, तो आपको अपने टिकट की भुगतान करने के लिए निर्दिष्ट तरीके पर चरणों का पालन करना होगा। **टिकट प्राप्त करें:** भुगतान के बाद, आपको व्हाट्सऐप के माध्यम से एक पुष्टि संदेश प्राप्त होगा, जिसमें आपके टिकट की जानकारी होगी। आप इस संदेश में दिए गए लिंक का उपयोग करके अपने टिकट को डाउनलोड कर सकते हैं। एक बार में अधिकतम छह टिकट बुक किये जा सकते हैं। व्हाट्सएप के भीतर, आपको क्यूआर कोड के साथ टिकट प्राप्त होगा। **(क्रमशः)**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### लक्ष्मीपुर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी



**गिरीडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बरदढरान गांव के कचनरवातरी टोला निवासी सेठो राय के 20 वर्षीय पुत्र परदेशी कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार परदेशी कुमार दो तीन दिनों से लक्ष्मीपुर हाट स्थिति यात्री शेड़ के आस - पास ही घूमता रहता था। इसी बीच मंगलवार की सुबह वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तिसरी पुलिस को दी, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता के अनुसार परदेशी कुमार शुक्रवार को घर से चकाई स्थिति अपने ससुराल के लिए निकला था लेकिन ससुराल नहीं पंहुचा। वहीं तीन दिनों के बाद उसके मौत की खबर मिली। हालांकि मृतक के पिता सेठो राय ने इस मामले में किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है।

### अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र के निचितपुर नर्सिंग होम के पास मंगलवार को एक महिला की सड़ी-गली लाश मिली है, जिसकी सूचना पर मौके पर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह अपने दलबल के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने बताया कि शव इतनी ज्यादा सड़गल चुकी है कि पुलिस को शव की शिनाख्त करने में मुश्किल हो रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। जिसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस मामले में कुछ खुलासा कर पाएगी। ज्ञात हो तीन दिन पहले ही कतरास के निचितपुर से ही एक लड़की की गुमशुदगी की मामला प्रकाश में आया था। इस संबंध में स्थानीय थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज की गई थी।

### वृहत जलापूर्ति योजना कब होगी पूरी

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर वृहत जलापूर्ति योजना कब होगा पूरा ? आदित्यपुर के लोगों में अब योजना के प्रति शंका के भाव उठने लगे हैं. नगर निगम के अधिकारियों ने 15 अगस्त के बाद से ही सपड़ा ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य शुरू करने का दावा किया था जो अब तक नहीं हो सका है. बता दें कि आदित्यपुर वृहद जलापूर्ति योजना के लिए सबसे महत्वपूर्ण सपड़ा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण है, जहां 60 लाख मिलियन गैलन क्षमता का प्लांट 11 एकड़ भूमि पर बनना है.यहीं से आदित्यपुर के 55 हजार घरों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति होना है. योजना को 11 एकड़ वनभूमि हस्तांतरित हो चुकी है लेकिन अब तक उस पर लगी करीब 1700 पेड़ काटा नहीं जा सका है जिसके वजह से भूमि पर चहारदीवारी का काम शुरू नहीं हो सका है. बता दें कि वन विभाग ने अभी दूसरे स्टेज का अनापत्ति प्रमाण पत्र नगर निगम को दिया है, जिसके तहत नगर निगम वहां चहारदीवारी देकर झाड़ी हटाकर कार्य शुरू कर सकता है।

### झोपड़ी और राशन दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

धनबाद शहर के न्यू कार्मिक नगर स्थित बीसीसीएल के आवासों के निकट अतिक्रमण कर बनायी गई झोपड़ी और राशन दुकान में मंगलवार की सुबह आग लग गई. आग लगते ही इलाके में अफरातफरी मच गई. लोगों ने फौरन अग्निशमन विभाग को खबर की और बाल्टी से पानी फेंक कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. लेकिन तेज हवा के कारण फैलती चली गई।

# झारखंड में सरकार बदली पर कार्यसंस्कृति नहीं, लूट-खसोट बदस्तूर जारी : बाबूलाल

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत का किया दावा



**नरेंद्र मोदी के विकास कार्य और झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था होगा मुख्य चुनावी मुद्दा**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखण्ड में हेमंत सोरेन की सरकार हो या चंपाई सोरेन की, कोई अंतर नहीं है। राज्य में सरकार जरूर बदली पर कार्यसंस्कृति नहीं बदली। पूरे राज्य में लूट - खसोट बदस्तूर जारी है। इस सरकार में पदाधिकारियों का ट्रांसफर और पोस्टिंग, एक उद्योग का रूप ले चुका है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। किसी भी दफ्तर में बगैर चढ़ावा कोई कार्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के कारण जेल के अंदर हैं। अब उनका क्या होगा अदालत बताएगी। बाबूलाल ने उक्त बातें तिसरी प्रखंड के नारोटांड में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कही। वे भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर की माता के श्राद्धकर्म में उपस्थित होने के लिए नारोटांड स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। श्री मरांडी ने राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर पार्टी के जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारी पूरी तरह दुरुस्त है,जनता पूरी तरह भाजपा के साथ है। लिहाजा राज्य की कुल 14 लोकसभा सीटें एनडीए की झोली में जायेंगें। कहा कि बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को लेकर भाजपा जनता के बीच जाएगी। वहीं चुनाव के मद्देनजर पार्टी के कार्यकताओं ने भी कमर कस ली है। संपर्क अभियान चलाकर कार्यकर्ता प्रत्येक घर तक पहुंचेंगे। श्री मरांडी ने कहा कि आगामी चुनाव में झारखंड में महागठबंधन की सरकार द्वारा किया गया भ्रष्टाचार भी एक बड़ा मुद्दा होगा।

### बाबूलाल ने सुद्दढ़ीकरण होने वाले तिसरी प्रखंड के दो सड़कों का किया भूमि पूजन

इसके पूर्व ही बाबूलाल मरांडी ने सुद्दढ़ीकरण होने वाले प्रखंड के दो अलग-अलग सड़कों का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुद्दढ़ीकरण योजना द्वारा 3.54 करोड़ की लागत से बनने वाले गोलगो से कानिचिहार वाया बेडमी तक सड़क सुद्दढ़ीकरण का भूमि पूजन किया। जिसके बाद वे अपने कार्यकताओं के साथ लोकाय पहुंचे जहाँ उन्होंने 7.20 करोड़ की लागत से बनने वाले लोकाय - नयनपुर से बरदौनी तक सड़क सुद्दढ़ीकरण का भी भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद,अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद आदि नारे लगाए। मौके पर भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर, अशोक उपाध्याय, अजय रंजन, प्रमुख राजकुमार यादव, राजू यादव,रविंद्र पंडित,सुनील शर्मा, सुनील साव, उदय साव, सोनू हेमब्रम, डब्लू सिंह,प्रहलाद सिंह,दिनेश ठाकुर,इलियास अंसारी, रुस्तम अली,विकाश मंडल आदि लोग उपस्थित थे। इसके अलावे इस योजना के तहत ही लक्ष्मीपुर से नावाडीह तक 2.4 किलोमीटर लंबी सड़क का 1.18 करोड़ की राशि से और मनसाडीह से साखम तक 1.88 करोड़ की लागत से सुद्दढ़ीकरण होना है।

### बोकारो में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण करे पुलिस : कुमार अमित

**बोकारो।** बोकारो में चोरी सहित अन्य अपराध की बढ़ती घटनाओं पर रोक की मांग को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने सोमवार को सिटी डीएसपी आलोक रंजन से मुलाकात की. उन्होंने डीएसपी का ध्यान हाल ही में चारपहिया वाहनों के चक्का की चोरी, बाइक चोरी, छिनतई, बोकारो इस्पात संयंत्र की सम्पत्तियों की चोरी, अवैध शराब, जुआ आदि पर दिलाया. इन पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की. कहा कि लोग जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं. अपराधियों के बढ़ते मनोबल से उनमें असुरक्षा की भावना बढ़ रही है. पुलिस प्रशासन इन अपराधियों के खिलाफ ठोस योजना बना कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे, जिससे आम लोगों में कानून के प्रति सम्मान बढ़ सके. डीएसपी ने भाजपा नेता को अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर इन घटनाओं पर शीघ्र नियंत्रित करने का आश्वासन दिया. मौके पर लालबाबू, राहुल श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, नेहा देवी, शांति देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अनुमंडल कार्यालय के समक्ष दिया प्रतिवाद धरना



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**
चांडिल अनुमंडल कार्यालय के समक्ष नागरिकों का मंगलवार को प्रतिवाद धरना आयोजित किया गया. इसका आयोजन अनुमंडल स्तरीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं द्वारा सामूहिक रूप से किया गया. सभा को नरेन गोप, गुरूआ पहाड़िया, अमर बिरहोर, अनंत महतो, भद्रु सिंह मुंडा, सुचांद उरांव, अंबिका यादव, मंथन आदि ने संबोधित किया. प्रतिवाद धरना का संचालन डोमन बास्के ने किया. धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी को केंद्र सरकार को संबोधित स्मार पत्र सौंपा. प्रतिनिधिमंडल में श्यामल मार्डी, अंबिका यादव, डोमन बास्के, बासुदेव आदित्यदेव, भद्रु सिंह मुंडा, सुकलाल मुर्मु आदि शामिल थे. स्मार पत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शत्रुतापूर्ण अवैध गिरफ्तारी, भू-अर्जन कानून 2013 को कमजोर और खत्म करने की कोशिश, वादे के बाद भी एमएसपी कानून न बनाना, ताजे किसान आंदोलन पर मोदी सरकार के द्वारा दमन, वन संरक्षण कानून में संशोधन कर पूरे वन को पूंजीपतियों के लिऐ खोलने और वनाधिकार कानून व वन पर ग्राम सभा के अधिकार को छीनने जैसे प्रयासों का विरोध किया गया.

# किसानों के हित में अविलंब निर्णय ले सरकार : लखन मार्डी



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**
भारतीय जनता पार्टी घाटशिला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी ने किसानों के साथ मंगलवार को बनकटी कीताडीह शाखा नहर का निरीक्षण किया. देखा और किसानों से जानकारी लेकर स्वर्णरेखा नहर विभाग के अधिकारियों को आग्रह करते हुए कहा किसानों के हित में अभिलंब विचार करे विभाग. झारखंड प्रदेश के पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के किसानों के साथ निरंतर अन्याय हुई है.

किसानों के खेत में पानी पहुंचाने के नाम पर औने पौने दाम पर जमीन का अधिग्रहण कर आधा अधूरा शाखा नहर का निर्माण हुआ. लंबे समय के इंतजार के बाद भी किसानों के खेत में एक लोटा पानी नसीब नहीं हुआ. जमीन दाता किसानों को भूखा पेट सोने के लिए मजबूर किया गया है. सरकार अभिलंब किसानों के खेत में पानी पहुंचाए या तो जमीन लौटाए. किसानों के साथ विश्वासघात करना बंद होना चाहिए नही तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए स्वतंत्र है.

मोके पर सरोज प्रसाद, विकास पांडा, राजकुमार सिंह, उमेश दास, गोविंदा बेहरा, युधिष्ठिर पात्र आदि उपस्थित थे. बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के केसरदा पंचायत अंतर्गत केसरदा हाई स्कूल चौक से तीन किलोमीटर की सड़क व बहरागोड़ा मानुषमुडिया से लोघासोल-सरडीहा तक सड़क मरम्मत का शिलान्यास जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती ने संयुक्त रूप से मिलकर शिलान्यास किया. ग्रामीणों को इस जज्जर सड़क से चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

# चौंरा में नौ दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के बरमसिया पंचायत के चोरा गांव में मंगलवार को राजधानी युवा क्लब चौरा के द्वारा नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री मारुति नंदन महायज्ञ का जल यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। जिसमें 401 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश ले गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा चौरा गांव में बने यज्ञ मंडप से कुंवारी कन्या माथे में कलश लिए लाल चुनरी ओढ़े नगे पाव यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ चार किलोमीटर पैदल चलकर भलपहरी नदी तट तक पहुंचे। जहां पर बनारस से पहुंचे मुख्य प्रवचन कर्ता सुबोध उपाध्याय ने वैदिक मंत्रों उच्चारण कर कलश में जल भरकर पुनः उसी रास्ते यज्ञ मंडप पहुंचे। इस दौरान पूरे रास्ते जय बजरंगबली हर हर महादेव, जय श्री राम के नारे से पूरा छेत्र भक्तिमय हो गया। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा शरबत पानी , फल की व्यवस्था भी की गई थी। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, पूर्व जिप सदस्य हीरालाल मुर्मू, मुखिया मीना देवी, मनीष कुमार, सुधीर सिंह, अजय शर्मा, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, नारायण वर्मा, सदस्य ननकू शर्मा, संतोष रवानी, कुलदीप वर्मा, प्रवीण कुमार, रंजीत वर्मा, मोहन वर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गोमो को भी पीएम का सौगात, यात्री सुविधाओं में होगा इजाफा




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद रेल मंडल अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो रेल स्टेशन को भी प्रधानमंत्री का सौगात मिला। 85 हजार करोड रुपए से अधिक रेलवे परियोजनाओं तथा एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल के तहत विभिन्न परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास एवं राष्ट्र के नाम समर्पण कार्यक्रम का आयोजन गोमो स्टेशन पर पर भी किया गया। रेलवे के आधुनिकीकरण को लेकर 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रेलवे परियोजनाओं तथा एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल के तहत स्टॉल के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा रेलवे के आधुनिकरण को लेकर यह बहुत ही अच्छी पहल है। इससे आम जनता को सुविधा मिलेगी। वहीं भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गोमो स्टेशन को दिए गए सौगात को काफी सारहा। इस दौरान मौके पर धनबाद रेल मंडल की वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक सुरुचि सिंह समेत रेलवे के वरीय पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नलिता पंचायत में कचरा निस्तारण प्लांट लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**
चक्रधरपुर नगर परिषद की ओर से चक्रधरपुर प्रखंड की नलिता पंचायत के बिंडासरजम व बुरुनलिता में जगह का चयन किया गया है. इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है.कचरा निस्तारण प्लांट लगाने के विरोध में मंगलवार को नलिता पंचायत के बुरुडीह गांव स्थित चौक में ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक के दौरान नलिता पंचायत के विभिन्न गांव के मुंडा, बुद्धिजीवी वर्ग व बड़ी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद हुए. इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में कचरा निस्तारण प्लांट का विरोध किया. ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी हालत में दोनों गांव में कचरा निस्तारण प्लांट नहीं लगने दिया जाएगा.इसका पुरजोर तरीके से विरोध होगा. ग्रामीणों ने कहा कि अखबारों के जरिए जानकारी मिली थी कि नलिता पंचायत के बिंडासरजम गांव में 32 एकड़ व बुरुनलिता में 18 एकड़ जमीन का चयन किया गया है.इसे लेकर चक्रधरपुर के अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू समेत अन्य अधिकारियों ने जमीन को आकर देखा भी था.इसके बाद से ही स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है. बैठक के बाद ग्रामीणों ने कचरा प्लांट नहीं बनेगा, शहर का कचरा गांव में नहीं फेंकने दिया जाएगा, गांव जंगल को दूषित नहीं होने दिया जाएगा इत्यादि नारे भी लगाए. इस मौके पर बिंडासरजम गांव के मुंडा देवेंद्र सामड, बुरुनलिता गांव के मुंडा गणेश चंद्र डांगिल, कुदाहातु गांव के मुंडा गोपाल सिंह सरदार, सरजमहातु गांव के मुंडा रामलाल सामड, पंचायत के समाजसेवी विनय सामड समेत विभिन्न गांव के बड़ी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे. नगर परिषद की ओर से दो साल पहले चक्रधरपुर प्रखंड की भरनिया पंचायत में जमीन का चयन किया गया था, लेकिन वहां भी स्थानीय ग्रामीणों ने इसे लेकर रोष जताया था. इसके बाद पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा समिति अन्य अधिकारी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थे लेकिन इसे लेकर एकजुटता के साथ ग्रामीण विरोध कर रहे थे. अब नलिता पंचायत में भी ग्रामीणों का विरोध शुरू हो गया है. बता दे की नगर परिषद पिछले 10 साल से ठोस कचरा निस्तारण प्लांट के लिए जगह का चयन कर रही है लेकिन अब तक इसमें सफलता नहीं मिली है.आज मंगलवार सुबह 8:00 बजे बड़ाजामदा रेलवे स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित

### सिटी गोल्ड का मंगलसूत्र देख भड़का कन्या पक्ष, टूट गई शादी

**बोकारो।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के कुमीर्डीह आरपीएफ बैरक के निकट सोमवार की रात विवाह समारोह में दुल्हन के लिए ससुराल से आया सिटी गोल्ड का मंगसूत्र देख लड़की पक्ष के लोग भड़क गए. मामला थाने तक पहुंच गया और अंततः शादी टूट गई. बारात बगैर दुल्हन लिये वापस लौट गए. लड़की के पिता ने लड़का पक्ष पर दहेज की मांग करने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है. आवेदन में कहा है कि विवाह तय होने के बाद से लड़का पक्ष को करीब ढाई लाख रुपए दिया जा चुका है. विवाह की रात वर पक्ष ने और दो लाख रुपए की मांग की. देने में असमर्थता जताने पर बारात वापस हो गई. उन्होंने आवेदन में धनबाद जिले के कतरास बाजार मिश्रा बस्ती निवासी दूल्हा हेमंत मिश्रा, पिता सोमर मिश्रा, मां रीना देवी और दूल्हे के भाई जयंत मिश्रा को आरोपी बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 करोड़ की लागत से चार सड़क मरम्मती का शिलान्यास किया



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखण्ड के चार अलग अलग स्थानों में मंगलवार को विधायक विनोद सिंह ने 10 करोड़ की लागत से चार सड़क मरम्मती का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुद्दढ़ीकरण योजना के तहत सड़क मरम्मती किया जा रहा है। विधायक विनोद सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 3 दर्जन से ज्यादा सड़कों का सुद्दढ़ीकरण किया जाना है । पूर्व की डबल इंजन की सरकार ने लोगों को सपने दिखाए परन्तु धरातल पर कोई काम नहीं किया। नए सड़क निर्माण छोड़ दीजिए पुरानी सड़कें जो जर्जर हो गई थी उसकी भी मरम्मती नहीं करवाई गई।मौके पर पूर्व प्रमुख सह पार्टी के सिग्रेटरी सीताराम सिंह, प्रमुख रामु बैठा, मुस्तकीम अन्सारी सहदेव यादव, रियासत अन्सारी समेत सैकड़ों की संख्या लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय टीम ने गावां अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**गिरिडीह।** राज्य स्तरीय टीम द्वारा गावां अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। टीम में शामिल मदनीता कुमारी और ललिता कुमारी ने अस्पताल में व्याप्त व्यवस्थाओं को देखकर नाराजगी जाहिर की और इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, शीत शृंखला, दवा खाना, प्रयोगशाला, ड्रेसिंग रूम, आयुष्मान वार्ड और गार्डन का अवलोकन करते हुए कई निर्देश दिया। टीम के सदस्यों ने स्वास्थ्य कर्मियों से संबंधित विभाग के संबंध में पूछताछ भी की। टीम के सदस्यों ने लैब जांच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही ड्रेसिंग रूम में मरीजों की एंट्री करने का निर्देश दिया। वहीं जांच से सम्बंधित बाहर बोर्ड लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह सब जरूरी चीजें हैं, जिससे मरीज को जानकारी मिल सके कि यहां किन-किन चीजों की जांच होती है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बाहर भी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार, बीपीएम प्रमोद कुमार, बीटीटी राजदा खातून, उषा देवी, गंगा राणा, शिशिर उपाध्याय समेत कई उपस्थित थे।

### 20 वर्षीय विवाहिता निशु कुमारी का शव उसके ससुराल में फंदे से झूलता हुआ मिला



**गिरीडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलखारा गांव में मंगलवार की सुबह 20 वर्षीय विवाहिता निशु कुमारी का शव उसके ससुराल में फंदे से झूलता हुआ मिला। मंगलवार की सुबह घर के आंगन में छत के ग्रिल से विवाहिता के झूलते हुए शव को देखने के बाद उसकी चार साल की भांजी ने पड़ोसियों को इस घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद तेलखारा के मुखिया नुरूद्दीन अंसारी मौके पर पहुंचे, और घटना की जानकारी डुमरी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इस दौरान ने विवाहिता का शव को नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह जब निशु का शव फंदे से झूलता हुआ मिला तो उस वक्त घर पर सिर्फ उसकी चार साल की भांजी ही थी। घटना के वक्त निशु के पति अजय साहू और सास एक शादी समारोह में शामिल होने सरिया गए हुए थे और पड़ोसियों ने ही उन्हें घटना की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार निशु और अजय की शादी को सिर्फ आठ माह ही हुए थे, और अजय मुंबई में काम करता था। कुछ दिन पहले ही अजय घर लौटा था। घटना क्यों और कैसे हुई, पुलिस पड़ताल में जुट गई है।

### सीएए कानून उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के भविष्य को सुरक्षित करेगा : काली शर्मा



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण शर्मा उर्फ काली शर्मा ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि सीएए से उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों का भविष्य सुरक्षित होगा. इससे धार्मिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को गंभीर झटका लगेगा. भाजपा के 2019 घोषणापत्र में सीएए लागू करने का संकल्प था.इससे उत्पीड़ित लोगों के लिए भारत में नागरिकता पाने का मार्ग प्रशस्त होगा. केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की अधिसूचना जारी कर अपनी गारंटी पूरी कर दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक कदम उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### हर घर, जल, नल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा : सुशील बारला

**किरीबुरु।** मनोहरपुर एवं आनन्दपुर प्रखण्ड में सरकार की अति महत्वाकांक्षी हर घर, जल, नल योजना संबधित संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारी की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को योजना का लाभ मिलने से पूर्व ही दम तोड़ने के कागार पर पहुंच गई है. इस योजना के फेल होने मां अराबो रुपए का भारी भ्रष्टाचार किया गया है, जिसका निष्पक्ष जांच करा दोषी संवेदकों व पदाधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की जरूरत है. उक्त बातें आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक सुशील बारला ने कही.उन्होंने कहा कि मनोहरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत डिम्बुली पंचायत के हाकागुई गुटूटोला में करोड़ों राशि खर्च कर टंकी बनाकर छोड़ दिया गया है. इस आपूर्ण टंकी निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है. बारिश के दिनों में इस टंकी से पानी रिसने लगता है. घर-घर नल भी नहीं पहुंचाया है. इसी तरह रायडीह पंचायत के राजस्व ग्राम रोंगो के दिरीउला टोला में 5 माह पूर्व बने सोलर युक्त जलमीनार निर्माण के एक माह बाद ही खराब हो गया है. मनोहरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत दीघा अन्तर्गत ग्राम मरंगपोंगा में विगत दो वर्षों से जलमीनार का निर्माण आधूरा पड़ा हुआ है।

## एक नजर

### जेपी नड्डा से मिले पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह



**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात के दौरान पंजाब के राजनीतिक हालात और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, पंजाब से जुड़े मुद्दों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के साथ सार्थक बैठक हुई।

### बंगाल में डंपर ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर में 7 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में गुराप के पास नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक डंपर ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर के बाद एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। ई-रिक्शा में सवार छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके ड्राइवर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान बिद्युत बेरा, उनकी पत्नी प्रीति बेरा, उनके तीन साल के बेटे बिहान बेरा, रामप्रसाद दास, उनकी पत्नी नुपुर दास और श्रीजा भट्टाचार्य नाम की एक कॉलेज छात्रा के रूप में हुई है। ई-रिक्शा चालक का नाम अभी पता नहीं चल सका है।

### भारत व पाक सीमा के पास बरामद हुई साढ़े 19 करोड़ की संदिग्ध हेरोइन

**जैसलमेर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से लगती पाकिस्तान सीमा के पास दो स्थानों से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने साढे. 19 करोड़ रुपये की संदिग्ध हेरोइन बरामद की। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर श्रीगंगानगर सीमा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान खेतों से संदिग्ध हेरोइन के छह पैकेट बरामद किये गये। बरामद संदिग्ध हेरोइन के पैकेट्स पर पीले रंग की टेप लगी हुई थी जिसका वजन लगभग 3.49 किलोग्राम है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 17 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### मप्र के रायसेन में ट्रक ने बारातियों को रौंदा पांच की मौत

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार रात बड़ा हादसा हो गया। भोपाल-जबलपुर रोड पर सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाट खमरिया में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बारात में जा घुसा और बारातियों को रौंदता हुआ निकल गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें पांच लोगों को हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाट खमरिया में पूर्व सरपंच रघुवीर अहिरवार के घर नर्मदापुरम जिले के ग्राम आंचलाखेड़ा से बारात आई थी।

# पीएम मोदी के प्रयास से ऐसे बदली 'बापू' के कोचरब आश्रम की तस्वीर

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात दौरे पर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने अहमदाबाद में साबरमती में महात्मा गांधी आश्रम में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया। इसकी कई फोटो सामने आई है। इन तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि पीएम मोदी के प्रयास से कोचरब आश्रम पूरी तरह से बदल चुका है। यह आश्रम पहले जहां जर्जर हो गया था, दीवारों पर काई जमी रहती थी, आश्रम के कई खंभे टूटने की कगार पर थे। लेकिन, मोदी सरकार ने इसका कायाकल्प करके अब पूरी तरह से इसे नया स्वरूप दे दिया है। तस्वीरों में दिख रहा है कि आश्रम को नया स्वरूप देने के साथ-साथ हर कोने का रंग-रोगन करके सजाया गया है। आश्रम के चारों ओर पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। इतना ही नहीं पेडों के नीचे वाले हिस्से को भी पेंट किया गया है, जिससे आश्रम और भी ज्यादा खूबसूरत और आकर्षक लगे। इसके अलावा आश्रम के चारों तरफ रंगबिरंगी लाइट भी लगाई गई हैं, जिससे रात के अंधेरे में भी यह आश्रम दूर से ही जगमगाता रहे। 1,200 करोड़ की लागत से साबरमती आश्रम का भी कायाकल्प किया जाएगा। इसका जीर्णोद्धार करने का मकसद है भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इतिहास और शिक्षा को जीवंत करना।



बता दें कि महात्मा गांधी को लेकर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सियासत करते रहते हैं। लेकिन, उनसे संबंधित किसी भी धरोहर को सहेजने या संवारने का प्रयास नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महात्मा गांधी से जुड़ी चीजों को संरक्षित करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। अब पीएम मोदी ने साबरमती आश्रम के कायाकल्प करने का भी बीड़ा उठाया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "साबरमती आश्रम का जीर्णोद्धार हमारे समृद्ध इतिहास को संरक्षित करने और उसका जश्न मनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रयास का पैमाना आपको मंत्रमुग्ध कर देगा!" वीडियो के जरिए यह बताया गया है कि महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम को भव्य बनाया जाएगा। इसमें बताया गया है कि अहमदाबाद में साबरमती के तट पर स्थित गांधी आश्रम 1917 से 1930 तक उनकी कर्मभूमि रही। यहीं से उन्होंने रचनात्मक कार्य, शिक्षा और सत्याग्रह के प्रयोग किए। इसी आश्रम से उन्होंने भारत की स्वतंत्रता का महत्वपूर्ण आधार भी बनाया। वीडियो में बताया गया कि जहां पहले यह आश्रम 120 एकड़ में फैला हुआ था और 63 इमारतें महात्मा गांधी के जीवन आदर्शों से सजी हुई था। लेकिन, जैसे-जैसे वक्त बदला मौजूदा आश्रम 5 एकड़ में सिमटकर रह गया। सिर्फ तीन इमारतें ही पर्यटकों के लिए खुली रही और शेष समय के साथ नहीं रहीं। फिर, पीएम मोदी ने महात्मा गांधी के स्मृति स्थल के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। मोदी सरकार ने फिर से महात्मा गांधी के इस आश्रम को मूल रूप में लाने का काम शुरू किया। अब सरकार 36 इमारतों का जीर्णोद्धार करेगी, जिसमें 20 पुराने भवनों का संरक्षण, 13 भवनों का कायाकल्प और तीन इमारतों को रेनोवेट करना शामिल है।

### आयात से विदेशी मुद्रा का हो रहा नुकसान, बोले उपराष्ट्रपति

# स्वदेशी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : धनखड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन परिसर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 77वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयात भारत की विदेशी मुद्रा को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह रोजगार और उद्यमिता के अवसरों को भी प्रभावित कर रहे है। ऐसे में स्वदेशी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि 1.4 अरब की आबादी के साथ हमारी कर संग्रह क्षमता काफी हद तक अ-प्रयुक्त है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कि समय को देखते हुए करदाताओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उप-राष्ट्रपति ने सलाह भी दी कि यह काम जबरदस्ती से नहीं बल्कि परामर्श और समर्थन के माध्यम से होना चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस बिरादरी से देश में आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए आग्रह किया।



उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को अनुपालन और कानून का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा। उप-राष्ट्रपति ने कहा, आपको इस जिम्मेदारी का दायित्व गर्व के साथ और पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। एक अनुकरणीय अधिकारी और नागरिक बनने का सबसे सुरक्षित मार्ग शॉर्टकट अपनाने से बचना और कानून का शासन बनाए रखना है। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में परिवर्तनकारी कराधान सुधारों ने कर के बोझ को कम किया है, विकृतियों को हटा दिया है, जिससे विकास को और बढ़ावा देने के लिए कर आधार बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। करदाताओं को अब कर प्रशासकों से डर नहीं लगता। अब करदाता आश्वस्त हैं कि उसके कर भुगतान का राष्ट्रीय विकास में उपयोग किया जा रहा है।

इस मौके पर राज्य सभा महासचिव पीसी मोदी, भारत के उप-राष्ट्रपति के सचिव सुनील कुमार गुप्ता, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सीबीडीटी के प्रधान महानिदेशक (प्रशिक्षण) सीमांचला दाश, राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी) के महानिदेशक आनंद बैवार, 77वें बैच के आईआरएस अधिकारी प्रशिक्षु और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## प्रकाश अंबेडकर का दावा, एमवीए में 10 सीटों पर खींचतान, अकेले लड़ने का दिया संकेत

**एजेंसी। मुंबई**

यह संकेत देते हुए कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में सब कुछ ठीक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने मंगलवार को दावा किया कि गठबंधन के सदस्य महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से कम से कम 10 सीटों पर अभी भी रस्साकशी में लगे हुए हैं। एमवीए के घटक दल शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत के इस बयान को खारिज करते हुए कि सीट-बंटवारे को सौहार्दपूर्ण ढंग से अंतिम रूप दे दिया गया है, अंबेडकर ने उन पर मीडिया को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "उन्हें अभी भी करीब 10 सीटों पर सहमति बनानी है। संजय राउत इस मुद्दे पर गलत जानकारी दे रहे हैं। हर कोई देरी को लेकर चिंतित है, झगड़ा कांग्रेस और एसएस-यूबीटी के बीच है।" उधर, नाराजगी जताते हुए, राउत ने अंबेडकर से यह साबित करने के लिए कहा कि वह किस बारे में झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमवीए इस मुद्दे पर सीधे अंबेडकर के संपर्क में है।



एसएस-यूबीटी कथित तौर पर 18 सीटों पर चुनाव लड़ने पर अड़ी है, जबकि कांग्रेस 20 सीटों पर नजर गड़ाए हुए है, इससे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) या वीबीए सहित अन्य सहयोगियों के लिए बमुश्किल कोई गुंजाइश बच रही है। अम्बेडकर ने विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक पर भी संदेह व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्रीय दलों को एक साथ रखने की ब्लॉक की क्षमता और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एकतरफा रूप से सभी 42 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने का उल्लेख किया। एसएस-यूबीटी के साथ गठबंधन करने वाले अंबेडकर ने फिर से संकेत दिया कि अगर एमवीए सभी सहयोगियों के साथ स्वीकार्य सीट-बंटवारे समझौते तक पहुंचने में विफल रहता है, तो वह अकेले चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प बात यह है कि वीबीए प्रमुख का बयान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मंगलवाी दोपहर को महाराष्ट्र के नंदुरबार में अंतिम चरण में प्रवेश किया।

## बिहार विधान परिषद में जदयू और कांग्रेस की घटेगी ताकत



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली 11 सीटों पर चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। इस स्थिति में साफ है कि विधान परिषद में कांग्रेस और जदयू की ताकत कम हो जाएगी।

विधान परिषद में पहली बार भाकपा माले का सदस्य भी पहुंच जाएगा। परिषद की रिक्त हो रही 11 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार तथा खालिद अनवर, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन तथा भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और मोहन लाल गुप्ता ने नामांकन भरा है। दूसरी तरफ राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली तथा भाकपा माले की शशि यादव ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। विधान परिषद में 5 मई को सत्ता पक्ष के आठ और विपक्ष के तीन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी। 14 मार्च तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। अब तय माना जा रहा है कि उसी दिन सभी अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए जाएंगे। इसके बाद, विधान परिषद में कांग्रेस के विधान पार्षदों की संख्या चार की जगह तीन रह जाएगी। जबकि, जदयू के सदस्यों की संख्या 23 से घटकर 21 हो जाएगी। राजद के सदस्यों की संख्या 15 हो जाएगी। भाकपा माले की उपस्थिति अभी तक विधानसभा तक ही थी। लेकिन, पहली बार उसकी उपस्थिति विधान परिषद में भी हो जाएगी।

## खट्टर के मुख्यमंत्री रहते खटपट इस्तीफा के बाद भी नाराजगी

**नाराज अनिल विज ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ नहीं ली**

**सहयोगी पार्टी रही जजपा लोस चुनाव अलग लड़ेगी**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

हरियाणा में भाजपा की सहयोगी पार्टी रही जजपा प्रमुख दुष्यंत चौटाला की नाराजगी और गठबंधन तोड़ने के बाद केन्द्र के अति प्रिय मनोहर खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। लेकिन चंडीगढ़ राजभवन में शपथ के दौरान अनिल विज के लिए उपमुख्यमंत्री पद के लिए लगाई गई कुर्सी खाली रह गयी। क्योंकि विज शपथ ग्रहण के पहले पार्टी की बैठक से उठकर अपने घर चले गये। मालूम हो कि खट्टर मंत्रिमंडल में विज गृह मंत्री यानी दूसरे नंबर के मंत्री थे। उनको उम्मीद थी कि खट्टर के बाद उनको मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। वह अपने कटु व विवादित बोल के कारण लगातार विवादों में बने रहते थे। उधर जजपा के प्रमुख दुष्यंत चौटाला (जो खट्टर सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे) हरियाणा में अपनी पार्टी के लिए लोकसभा की दो सीट मांग रहे थे। लेकिन भाजपा उनको एक वही सीट ही दे रही है जिस पर जजपा का प्रत्याशी 2019 में जीता है। इससे नाराज दुष्यंत अपने सभी दस विधायकों को दिल्ली बुलाए। लेकिन उनके पांच विधायकों को भाजपा द्वारा पटा लिए जाने की चर्चा है। जो दिल्ली नहीं जाकर चंडीगढ़ चले गये। इसी तरह निर्दलीय विधायक भी भाजपा के पाले में हैं। मालूम हो की 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक ,जजपा के 10 विधायक हैं।



आंकड़ों के लिए भाजपा सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 30 विधायक हैं, और इंडियन नेशनल लोक दल, हरियाणा लोकगीत पार्टी के पास एक-एक विधायक हैं।

भाजपा जानती है कि जजपा के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने से उसका नुकसान हो सकता है। क्योंकि भाजपा को तभी लाभ होगा जब जाट बिरादरी के कई नेता एक दूसरे के विरुद्ध लड़ें। यह होने पर जाटों का वोट बंट जाएगा, और उनकी लड़ाई में भाजपा सीट जीत जाएगी। रही बात विज और दुष्यंत की तो उनकी परवाह भाजपा के बड़े नेताओं को नहीं है।

### विदेश मंत्रालय का चीन को जवाब

## अरुणाचल प्रदेश भारत का 'अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश भारत का 'अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा' है। यह कहते हुए विदेश मंत्रालय ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेला टनल का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की हाल की यात्रा पर चीन की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करने वाले चीन ने कहा था कि वह पीएम मोदी की पिछले सप्ताह की वहां की यात्रा की कड़ी निंदा करता है और भारत का यह कदम सीमा मुद्दे को और जटिल करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीन की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। भारतीय नेता समय-समय पर उसी प्रकार अरुणाचल प्रदेश का दौरा करते हैं, जैसे वे भारत के अन्य राज्यों में जाते हैं। यह कहते हुए कि ऐसी यात्राओं या भारत की विकास परियोजनाओं पर आपत्ति करना तर्कसंगत नहीं है, जायसवाल ने कहा, इससे यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। प्रवक्ता ने कहा कि चीनी पक्ष को कई मौकों पर इस बारे में अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि पीएम मोदी की यात्रा के बाद, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा था कि बीजिंग कभी भी अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं मानता।



## लालू के करीबी अमित कत्याल के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईडी ने मंगलवार को लालू प्रसाद यादव के परिवार के करीबी कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत के ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने लालू प्रसाद यादव परिवार के करीबी सहयोगी और कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी टीम की ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चल रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी अमित कत्याल पर पहले भी एक्शन ले चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमीन के बदले नौकरी मामले में अमित कत्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाने वाले कत्याल एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर हैं।




## जान दे दूंगी, लेकिन डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) नियमों को लागू कर दिया गया है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता इस पर लगातार हमलावर है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यहां रह रहे लोगों की नागरिकता छीन कर डिटेंशन कैंप में रखने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जान दे दूंगी लेकिन बंगाल में कोई कैंप नहीं बनने दूंगी। तृणमूल सुप्रीमो बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने इस जैसी बेकार पार्टी कभी नहीं देखी। वह महिलाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि असली हिंदू का मतलब यह नहीं होता कि बाहरी लोगों को हिंदू बनाया जाए। उन्होंने सीएए लागू होने को लेकर यह भी कहा कि मुझे संदेह है कि इनकी ओर से लाया कानून वैध भी या नहीं। केंद्र की स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदूओं को नागरिकता सूची से बाहर कर दिया गया था। उसी तरह से बंगाल में भी करने की योजना बना रहे हैं लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।



# सस्ती दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां जन औषधि केंद्रों के लिए एक ऋण सहायता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत जन औषधि केंद्रों के छोटे उद्यमियों के लिए सिडबी बेहद किफायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। इस मौके पर जन औषधि केंद्रों को ऋण सहायता के लिए वेबसाइट भी लॉन्च की गई। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि सस्ती और सुलभ दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन औषधि केंद्रों को गरीबों के लिए 'संजीवनी' बताया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में जन औषधि केंद्रों की संख्या केवल 80 थी, आज देशभर में लगभग 11 हजार इकाइयां संचालित हो रही हैं। अनुमान है कि लगभग 10 से 12 लाख लोग हर दिन इन जन औषधि केंद्रों पर आते हैं, जिससे उन्हें कम दरों पर आवश्यक दवाएं मिलती हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि खरीद प्रक्रिया को मजबूत बनाने, पेश किए गए उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करने और नियमित आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास किए गए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ने इन जन औषधि केंद्रों के संचालकों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसमें दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित संचालकों को अतिरिक्त सहायता भी शामिल है, ताकि उन्हें ये केंद्र खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे छोटे उद्यमियों को वित्तीय स्वायत्तता मिली और साथ ही देशभर में जन औषधि केंद्रों का नेटवर्क और पहुंच मजबूत हुई।

**जन औषधि केंद्रों के लिए ऋण सहायता कार्यक्रम का शुभारंभ, सिडबी व पीएमबीआई के बीच समझौता**




## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन फलदायक रहने वाला है। आप अपने किसी परिजन के घर मिलने जा सकते हैं। बिजनेस में यदि आपने बड़े निवेश को करने का सोचा है, तो उससे आपको कोई नुकसान हो सकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें, नहीं तो कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपके विरुद्ध हो सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा और जीवनसाथी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने किसी काम को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करनी होगी, तभी वह पूरा होता दिख रहा है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आप अपनी माता जी की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए आज दिन सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है, जिन्हें आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कहीं घूमने फिरने जाने का मौका मिलेगा। पिताजी की मदद से आप बिजनेस में कुछ नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको संतान के संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। बिजनेस में किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

**धनु :** आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, क्योंकि दोनों को एक लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मौका मिलेगा, जिससे दोनों के बीच चल रही अनबन भी दूर होगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको उलझन के कारण समझ नहीं आएगा कि किस काम को पहले करें और किसे बाद में।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पारिवारिक संपत्ति संबंधित बंटवारे में आपको अपने पिताजी से सलाह करके चलना बेहतर रहेगा।

# ऋषभ पंत फिट घोषित, मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को एक बड़ी खुशखबरी दी है। बोर्ड ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल 2024 के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर मंजूरी दे दी है। ऋषभ पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें आगामी आईपीएल के लिए मंजूरी दे दी है।



बीसीसीआई ने सोमवार को मेडिकल और फिटनेस अपडेट जारी किया। बीसीसीआई ने अपने बयान में बताया, ''30 दिसंबर, 2022 को रूड़की, उत्तराखंड के पास एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने के पुनर्वास से गुजरने के उपरांत ऋषभ पंत को अब आगामी टाटा आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।''

दिसंबर 2022 में बांग्लादेश में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला समाप्त होने के बाद से आईपीएल 2024 में पंत की वापसी होगी। बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा पर मेडिकल अपडेट भी दिया, जिसमें कहा गया कि तेज गेंदबाजों की जोड़ी आईपीएल के 2024 संस्करण में नहीं खेल पाएगी।

# गुजरात जायंट्स की यूपी वारियर्स पर 8 रन से जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार को महिला प्रीमियर लीग के 18वें मैच में निचले पायदान पर रहने वाली गुजरात जायंट्स ने कड़े मुकाबले में यूपी वारियर्स को आठ रन से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वारियर्स की प्लेऑफ में जगह पक्की करने की संभावनाएं धूमिल हो गईं।



पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (52 गेंदों में 74 रन) के नाबाद अर्धशतक की मदद से, जबकि साथी सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट ने 30 गेंदों में 43 रनों की पारी खेली और शुरूआती विकेट के लिए 60 रन जुटाए। लेकिन गुजरात जायंट्स नियमित अंतराल में विकेट गंवाते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन ही बना सके। एशले गार्डनर (15) और कैथरीन ब्राइस (11) दोहरे आंकड़े तक पहुंचने वाले गुजरात के अन्य बल्लेबाज थे। सोफी एक्लेस्टोन (3-38) और दीप्ति शर्मा (2-22) ने पांच विकेट साझा किए।

जीत और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए 153 रनों का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की शुरूआत खराब रही। उन्होंने अपनी कप्तान एलिसा हीली (4), किरण नवगिरे (0) और चमारी अथापथु (0) को जल्दी-जल्दी खो दिया। दीप्ति शर्मा ने अकेले संघर्ष करते हुए 60 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 88 रन बनाए और पूनम खेमनार (26 गेंदों में 36 रन) की मदद से यूपी वॉरियर्स को अंत तक मुकाबले में बनाए रखा।

शबनम एमडी चार ओवर में 3-11 के साथ गुजरात जायंट्स के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुईं। दीप्ति ने 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और छठे विकेट के लिए 109 रन जोड़े, लेकिन प्रगति बहुत धीमी थी और यूपी वारियर्स ने अंत तक आगे बढ़ने के लिए खुद को बहुत बड़ी बाधा बना लिया। आखिरकार वे आठ रन से चूक गए।

## खबरें व्यापार जगत की

### यूपी के सीएम योगी ने फिल्म सिटी का अलॉटमेंट लेटर सौंपा

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म सिटी के प्रथम चरण के विकासकर्ता कंपनी को अलॉटमेंट लेटर सौंप दिया है। यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी के प्रथम चरण के लिए देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियों ने अपना दावा पेश किया था। इसमें बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को फिल्म सिटी के प्रथम चरण के विकास का काम मिला है। फाइनेंसियल बिड में तय हुआ है कि बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप यमुना क्षेत्र की इंटरनेशनल फि ल्म सिटी बनाएंगे। पहले चरण की अनुमानित लागत 1,510 करोड़ रुपए है। हालांकि, 1,000 एकड़ में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की कुल लागत 10,000 करोड़ होगी। इसमें 75 एकड़ में कॉमर्शियल और 155 एकड़ में फिल्म सिटी से जुड़ी गतिविधियों का ढांचा तैयार होगा। फिल्म सिटी को विकसित करने वाली कंपनी को 90 साल का लाइसेंस दिया जाएगा। जल्द ही फिल्म सिटी का काम भी शुरू होगा।



### विषमध्रुवीय विश्व, चीन का उदय, नया शीत युद्ध आज विश्व व्यवस्था में ला रहा बदलाव : राम माधव

**नई दिल्ली।** ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने एक सेमिनार आयोजित किया। इसमें इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव ने भारत और विश्व को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि एक विषमध्रुवीय विश्व, चीन का उदय, एक नया शीत युद्ध आज बदलती विश्व व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का पतन, डॉलर में गिरावट, जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन के प्रभाव के कारण मानव विस्थापन इस सदी में नई विश्व व्यवस्था को चिह्नित करेगा। राम माधव ने कहा, "आज, हम देख रहे हैं कि पश्चिमी शक्तियों के प्रभाव में स्पष्ट गिरावट आ रही है। पश्चिम एक बहुत शक्तिशाली गुट बना रहेगा। विशेषकर अमेरिका जैसे देश दुनिया में टेक्नोलॉजिकल लीडर्स, इकोनॉमिक लीडर्स बने रहेंगे, लेकिन अब आकार ले रही पूरी दुनिया में आपको शायद कोई एकध्रुवीयता देखने को नहीं मिलेगी। फिर चीन का उदय हुआ। आर्थिक (इकोनॉमिक) स्थिरता के संदर्भ में चीन द्वारा सामना की जा रही कुछ कंटेम्परारी चुनौतियों के बावजूद उसका स्पष्ट उत्थान इस सदी में एक महत्वपूर्ण विकास है। जीडीपी आंकड़ों के मामले में आज यह अमेरिका से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।" उन्होंने कहा कि आज दुनिया में फ्लैशप्वाइंट की बढ़ती संख्या एक नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का संकेत दे रही है, जिसे देश सामरिक कारणों से स्वीकार नहीं करते हैं। छोटे देशों के लीडर एक पक्ष लेने के लिए इस दबाव को महसूस करते हैं, जो खुद संकेत देता है कि दुनिया में शीत युद्ध जैसी स्थिति बढ़ रही है। तब हम कुछ मध्य शक्तियों का उदय देखते हैं। मध्य स्तर पर मल्टीपल इंडिपेंडेंट शक्तियां बढ़ रही हैं। जब मैं मध्य शक्तियों की बात करता हूं, तो मैं केवल देशों के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। अनेक छोटे-छोटे समूह उभर रहे हैं। वे मजबूत समूह हैं। हम जो देखते हैं उसमें शंघाई सहयोग संगठन, यूरोपीय संघ या आसियान शामिल हैं। देशों के ये छोटे समूह दुनिया में महत्वपूर्ण शक्ति गठबंधन के रूप में उभरने का प्रयास कर रहे हैं।



### आईकू ने भारत में जेड सीरीज का नया स्मार्टफोन लांच किया, दमदार फीचर्स से है लैस

**नई दिल्ली।** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड आईक्यूओओ (आईकू) ने मंगलवार को भारत में जेड सीरीज का अपना नया दमदार स्मार्टफोन जेड9 लॉन्च किया। स्मार्टफोन ब्रश्ड ग्रीन और ग्राफीन ब्लू कलर में उपलब्ध हैं। स्मार्टफोन को दो वेरिएंट 8जीबी प्लस 128जीबी और 8जीबी प्लस 256जीबी में खरीदा जा सकता है। फोन आईकू ई-स्टोर और अमेजन डॉट इन पर जाकर खरीदा जा सकता है। यह अमेजन प्राइम ग्राहकों के लिए 13 मार्च से और सभी ग्राहकों के लिए 14 मार्च से उपलब्ध होगा। स्मार्टफोन की कीमत की बात की जाए तो यह 8जीबी प्लस 128जीबी 17,999 रुपये और 8जीबी प्लस 256जीबी 19,999 रुपये में उपलब्ध होगा। आईकू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निपुण मार्या ने कहा, "जेनजेड के लिए तैयार किया गया यह स्मार्टफोन स्टइलिश और दमदार परफॉर्मेंस के साथ आता है।" स्मार्टफोन सोनी आईएमएक्स 882 ओआईएस इनेबल्ड 50मेगापिक्सल कैमरा और 2 मेगापिक्सल (बोकेह) सेंसर से लैस है। सेल्फी के लिए फोन में 16मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है। फोटोग्राफी में 2गुणा जूम कैपेबिलिटी है। नया फोन 6.67 इंच अल्ट्रा-ब्राइट 120 हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले के साथ लाया गया है। स्मार्टफोन जेड9 मीडियाटेक डाइमेंशन 7,200 5जी 4एनएस प्रोसेसर से संचालित है। फोन ओआईएस कैपेबिलिटी के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग और 1,800 निट्स पीक ब्राइटनेस के साथ है। कंपनी के अनुसार, फोन दमदार बैटरी से लैस है। फोन 5000एमएएच बैटरी के साथ लाया गया है। कंपनी का दावा है कि फोन का इस्तेमाल बिना किसी बाधा के पूरे दिन इस्तेमाल किया जा सकेगा। फोन के साथ 44वाट का चर्जर उपलब्ध है, जिससे फोन फास्ट चार्ज होता है। स्मार्टफोन में आउट ऑफ बॉक्स एंड्रॉइड 14 पर आधारित फनटच ओएस 14 होगा।




### ज्यादातर स्वास्थ्य बीमा योजनाएं भारतीय महिलाओं का ध्यान खींचने में नाकाम




**नई दिल्ली।** फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने यूनोमर द्वारा संचालित एक विशेष सर्वे 'हेल्थ पावर' के निष्कर्षों की घोषणा की। सर्वे में स्वास्थ्य बीमा लेने वाली भारतीय महिलाओं के बारे में बताया गया है। फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनूप राव ने कहा, "फ्यूचर जनरली में, हम मानते हैं कि भारत में स्वास्थ्य बीमा की क्षमता को उजागर करने की चाबी हर समूह को संबोधित करने के लिए समाधानों को अनुकूलित कर मार्केट का विस्तार करने में निहित है, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो।'' ''लेकिन, आज हम यहां भारत में सबसे बड़े अंडर-सर्व ग्रुप को संबोधित करने के लिए हैं। यह किसी भी पैमाने पर भारत का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह है। वह समूह महिलाएं हैं! फ्यूचर जनरली में, हम यहां महिलाओं को उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित उत्पाद पेश करते हैं। यह उत्पाद महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए कठोर शोध के जरिए डिजाइन किया गया है और हमें इसे मार्केट में लाने पर गर्व है।" फ्यूचर जनरली ने इस अंतर को पाटने की दिशा में आज अपनी सबसे व्यापक महिला-स्वास्थ्य बीमा योजना के लॉन्च की भी घोषणा की। इसे महिलाओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। एफजीआईआई 'हेल्थ पावर' का मकसद महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों में उनकी विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखना है।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए मार्श होंगे कप्तान, कोच का समर्थन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस नहीं बल्कि मिचेल मार्श को सौंपी जा सकती है। इस बात का समर्थन खुद टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने किया है। टीम के कोच ने मार्श के नाम को आगे रखा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जल्द ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कप्तान के तौर पर मार्श के नाम का ऐलान कर सकता है। साल 2022 में टी20 वर्ल्ड कप के बाद फिंच ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद मार्श ने अनौपचारिक आधार पर टी20 में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड, जॉर्ज बेली की अध्यक्षता वाले सेलेक्शन पैनल का हिस्सा हैं। वो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय मार्श को औपचारिक आधार पर बागडोर सौंपी जाए। आरोन फिंच की सेवानिवृत्ति के बाद फुलटाइम कप्तान की भूमिका तय करना अभी भी बाकी है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, ₹जिस तरह से वह उस टी20 टीम के साथ काम करने में सक्षम हैं, उससे हम खुश और सहज हैं। हमें लगता है कि वह टी20 विश्व कप के लिए बेस्ट कप्तान हैं।₹ ऑस्ट्रेलिया ने मार्श की कप्तानी में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंज के खिलाफ टी20 सीरीज भी जीती थी। एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में मार्श की वापसी की राह 20 ओवर के खेल में शुरू हुई जब उन्होंने अपनी टीम को 2021 विश्व कप ट्रॉफी दिलाई।



# टी20 विश्व कप टीम में कोहली के चयन का फैसला अगरकर करेंगे!

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विराट कोहली को टी20 विश्व कप टीम से बाहर किया जा सकता है और उनका चयन अब मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के फैसले पर निर्भर है। द टेलीग्राफ के मुताबिक, राष्ट्रीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन टूर्नामेंट से पहले कुछ कठोर फैसले लेने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई इसमें शामिल नहीं होना चाहता और उसने यह निर्णय लेने का फैसला चयन समिति और टीम प्रबंधन पर छोड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''यह एक बहुत ही नाजुक मामला बना हुआ है और बहुत से लोग इसमें शामिल होने को तैयार नहीं हैं।'' कोहली ने अपनी आखिरी टी20 सीरीज जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली थी जहां उन्होंने दो मैचों में 29 और 0 रन बनाए थे। यह समझा जाता है कि अगरकर ने टी20 दृष्टिकोण में बदलाव के संबंध में श्रृंखला से पहले विराट से बातचीत की थी जिसे विराट ने अफगानों के खिलाफ टी20 श्रृंखला में लागू किया था। वेस्टइंडीज की धीमी विकेट भी उसके लिए अनुपयुक्त सतह नजर आ रही है। चयनकताओं द्वारा इस विषय पर लंबे समय तक की गई छेड़खानी के बावजूद योजनाओं में बदलाव के संबंध में कुछ भी सुझाव नहीं दिया गया है। अगरकर पर चयन की तलवार लटकी है तो विराट को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह एक बार फिर अगरकर पर निर्भर करेगा कि वे इस मुद्दे को उठाएं और कोहली को मनाएं कि उन्हें अगली पीढ़ी के लिए जगह बनाने की जरूरत है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने राजकोट टेस्ट के दौरान वर्ल्ड कप के लिए रोहित को कप्तान बनाए जाने की पुष्टि की थी, लेकिन कोहली पर चुप्पी साधे रहे। शाह ने कहा, "हम आने वाले समय में विराट की भूमिका पर चर्चा करेंगे।" ऐसा माना जाता है कि शिवम दुबे, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे युवा खिलाड़ी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहतर रूप से सुसज्जित हैं। यह भी अनुमान है कि हार्दिक पांड्या, जो वनडे विश्व कप के मध्य से बाहर हैं, एक्शन में लौटेंगे।



### भारत और कतर में खेला जाएगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 3

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) आयोजकों ने मंगलवार को घोषणा की कि टूर्नामेंट का अगला सीजन 11 सितंबर से 5 अक्टूबर तक दो देशों भारत और कतर में खेला जाएगा। लीग ने 19 मैचों के पिछले सीजन के लिए पूरे भारत में 180 मिलियन की दर्शक संख्या हासिल की थी। इस सीजन में इस बार 34 मैच होंगे। भारत में पिछले सीजन के दौरान, कुछ शीर्ष खिलाड़ी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ दिया था, जैसे कि सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला, रॉस टेलर, 110 अन्य दिग्गज क्रिकेटरों के अलावा, लीग का हिस्सा थे। हरभजन सिंह के नेतृत्व में मणिपाल टाइगर्स ने 2023 में खिताब जीता। सूत्रों के अनुसार, नए प्लेयर ड्राफ्ट पूल के साथ टीमों की रिटेंशन पॉलिसी की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# आनंद ने बताया कैसा था पीएम के साथ बिताया उनका पल

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारतीय शतरंज के ग्रैंडमास्टर और पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिताए गए पलों को साझा किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बिताए पलों को अपने जीवन का सर्वाधिक सुखमय, अभूतपूर्व और आनंददायक पल बताया। इस बीच, उन्होंने साल 2010 में गुजरात में आयोजित हुए शतरंज महोत्सव का भी जिक्र किया। दरअसल, मोदी स्टोरी नामक हैंडल से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विश्वनाथन आनंद का पुराना वीडियो साझा किया गया है, जिसमें वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ बिताए गए पलों के बारे में विस्तार से बताते हुए नजर आ रहे हैं। शतरंज के चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा, "जब मेरी गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से पहली मुलाकात हुई थी, तो उन दिनों स्कूल में बच्चों को चेस के बारे में बताने के लिए ह्यमाइन चैंपियन एकेडमीह्व का आयोजन किया गया था। हम इसे गुजरात सरकार में भी प्रस्तावित करना चाहते थे। सुबह हमें अपना अपॉइंटमेंट मिल जाता था। हम 10:45 पर दफ्तर पहुंच जाया करते थे। 11 बजे हम सभी मीटिंग रूम में जाते थे। हम सभी तैयार हो जाते थे। इसके बाद मुख्यमंत्री अपने तय समय सीमा पर पहुंच जाया करते थे, लेकिन मीटिंग ज्यादा समय तक नहीं होती थी और हमें बैठक के बाद शेष दिशा-निर्देश सरकार की ओर से मिल जाया करता था। सब कुछ अपने समय पर होता था, जिसे देखकर मैं बहुत प्रभावित होता था।



### नार्डी ने विश्व नंबर-1 जोकोविच को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**इंडियन वेल्स।** 20 वर्षीय इटालियन लुका नार्डी , जिन्होंने परीबा ओपन के मुख्य ड्रॉ में लकी लूजर खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। लेकिन, इय युवा खिलाड़ी ने विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंका दिया। पिछले हफ्ते नार्डी क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में डेविड गोफिन से हार गए, लेकिन उन्हें लकी लूजर के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए बुलाया गया जब अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने ड्रॉ से नाम वापस ले लिया। वर्ल्ड नंबर 123 रैंक वाला इटालियन मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम इवेंट में जोकोविच पर जीत हासिल करने वाला इतिहास का सबसे कम रैंक वाला खिलाड़ी बन गया है। वह मास्टर्स 1000 में मौजूदा विश्व नंबर 1 को हराने वाले चौथे सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ी भी हैं। नार्डी ने कहा, ₹मेरे पास शब्द नहीं है।

# बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में प्रतिभा चयन प्रतियोगिता कल

**- भाग लेने वाले खिलाड़ियों का झारखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य**

**- चयन को इच्छुक खिलाड़ी चिकित्सीय रूप से स्वस्थ्य होने चाहिए**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिक्त खिलाड़ियों की संख्या को भरने के लिए गुरुवार (14 मार्च) को दिन में 09:00 बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रांची जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रवार एवं शहरी क्षेत्र अंतर्गत संचालित विभिन्न खेलों के डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के लिए इस प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
बताया गया कि खिलाड़ियों का उम्र 01 अप्रैल 2024 तक कम से कम 8 वर्ष एवं अधिकत्तम 12 वर्ष होना अनिवार्य है। भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों का आधार कार्ड एवं वैध जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी अधिष्ठापित डे-बोर्डिंग केंद्र के 5 किमी की परिधि के भीतर स्थायी रूप से निवासी होना एवं झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ियों को चिकित्सीय रूप से स्वस्थ्य होना चाहिए।
इच्छुक खिलाड़ी का चयन निर्धारित मानक (बैट्री टेस्ट एवं स्किल टेस्ट) के आधार पर किया जायेगा। बताया गया कि खिलाड़ी इस प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने की जानकारी के लिए आशीष कुमार बनर्जी, जिला खेल समन्वयक, रांची, मो-7717732382, कार्यालय कर्मचारी मुकेश कुमार, मो-7909072789, प्रशिक्षक शाहिद अंसारी, मो-9835743984 एवं प्रशिक्षक तपन कुमार राउत, मो- 7004226411 से संपर्क कर सकते हैं।

# शुरूआती मैच में मध्य प्रदेश का मुकाबला छत्तीसगढ़ से होगा

**एजेंसी। पुणे।**
14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार को यहां मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी में शुरू होने वाली है, जिसमें टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मध्य प्रदेश का मुकाबला छत्तीसगढ़ से होगा। सेमीफाइनल 22 मार्च को होगा और फाइनल अगले दिन होगा। कुल 27 टीमें जिन्हें आठ पूलों में विभाजित किया गया है, शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। आगामी टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है क्योंकि यह महिला राष्ट्रीय टीम के लिए अगली मुख्य संभावित खिलाड़ियों को चुनने के लिए मंच के रूप में काम करेगा।



अधिकांश सीनियर महिला टीम, जिसमें भारतीय कप्तान सविता, कैप्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया, अनुभवी प्रो-मोनिका, नवनीत कौर, सलीमा टेटे जैसी अनुभवी खिलाड़ी, साथ ही दीपिका और संगीता कुमारी जैसी उभरती प्रतिभाएं शामिल हैं। सभी अपने-अपने राज्यों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार हैं। गत चैंपियन मध्य प्रदेश को बिहार और पिछले साल के उपविजेता छत्तीसगढ़ के साथ पूल ए में रखा गया है।

इस वर्ष के संस्करण के मेजबान महाराष्ट्र खुद को दिल्ली और केरल के साथ पूल बी में पाते हैं। पूल सी में झारखंड, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। जबकि पूल डी में हरियाणा, पुडुचेरी और असम हैं। ओडिशा, चंडीगढ़ और गोवा पूल ई का हिस्सा हैं। पूल एफ में पंजाब, हिमाचल, राजस्थान और मिजोरम शामिल हैं। कर्नाटक खुद को पूल जी में मणिपुर, उत्तराखंड और दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी के साथ पाता है जबकि बंगाल, तमिलनाडु, गुजरात और तेलंगाना पूल एच में हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 20 मार्च को होने वाले क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, जबकि सेमीफाइनल 22 मार्च को होगा। तीसरे/चौथे स्थान का प्ले-ऑफ 23 मार्च को निर्धारित है, जिसके बाद उसी शाम को फाइनल होगा।

# यशस्वी, एनाबेल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए

**एजेंसी। दुबई।**
'भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को फरवरी 2024 के लिए आईसीसी पुरुष खिलाड़ी ऑफ द मंथ का पुरस्कार दिया गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। यशस्वी जायसवाल ने पिछले महीने बल्ले से खूब धूम मचाई। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में दोहरे शतक (209) के साथ जायसवाल अपने प्रदर्शन के शीर्ष पर थे और फिर तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी (214) में श्रृंखला का अपना दूसरा दोहरा शतक लगाया।




जायसवाल ने अपने पहले तीन टेस्ट मैचों में 560 रन बनाए, जिसमें 20 सिक्स शामिल थे। पहला टेस्ट हारने के बाद जायसवाल की पारी से भारत को सीरीज में वापसी करने में मदद मिली। 22 साल और 49 दिन की उम्र में बैक-टू-बैक दोहरे शतक ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद टेस्ट में दो दोहरे शतक बनाने वाला दुनिया का तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज बना दिया।

जायसवाल ने आईसीसी से कहा, ''मैं आईसीसी पुरस्कार हासिल करके वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह सर्वश्रेष्ठ में से एक है और यह मेरी पहली पांच मैचों की श्रृंखला है। मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया, जिस तरह से मैंने खेला है और हमने श्रृंखला 4-1 से जीती है।

# राष्ट्रपति समयाभाव के कारण नहीं मिल पाएंगी इंडी गठबंधन के प्रतिनिधियों से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राषट्रपति द्रौपदी मर्मू ने झारखंड के इंडिया ब्लॉक के प्रतिनिधियों से मिलने का समय देने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि फिलहाल उनके पास अभी समय का आबवा है, इसलिए नहीं मिल पाएंगी । राष्ट्रपति के द्वारा समय नहीं दिए जाने पर झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं मिलना प्रदेश के लोगों के लिए दुर्भाग्यजनक है। झामुमो नेता ने कहा कि 4 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा एक पत्र राष्ट्रपति भवन को भेजा गया था, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं गठबंधन दलों के नेताओं की ओर से राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा गया था, मगर राष्ट्रपति भवन द्वारा आई सूचना के अनुसार, समय अभाव के कारण राष्ट्रपति मिलने में असमर्थ हैं।



झामुमो नेता ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कहा कि आरक्षण का दायरा बढ़ाने, सरना धर्म कोड और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता था, पर समय नहीं मिल पाया । ये तीनों मामले सभी झारखंड की अस्मिता से जुड़े हुए हैं । उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड झारखंड के आदिवासी समाज का सबसे प्रमुख मांग रहा है और इसको लेकर लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बिल को विधानसभा से पास करके राजभवन भेजा । इसके साथ ही झारखंड के लोगों के बहुत पुरानी मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति का बिल भी हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा से पास करके राजभवन को भेजा गया । मगर इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि राजभवन में लंबे समय से लटकाया और फिर सरकार को वापस भेज दिया गया।

## आईएनडीआईए में सीटों का खाका तैयार, जल्द हो सकती है घोषणा

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

झारखंड में झामुमो-कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर सहमति लगभग बन चुकी है, लेकिन अभी खुलासा नहीं किया है, पिछले दिनों मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बीच बीच बैठक भी हुई थी, जिसमें दोनों दलों के नेता भी शामिल थे । इस बैठक में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की गई है । लेकिन गठबंधन के नेता अभी कुछ बताने से कतरा रहे हैं और जल्द



ही नामों का खुलासा करने की बात कर रहे हैं । सूत्रों के मुताबिक झामुमो 5 और कांग्रेस 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि ,राजद-माले के खाते में 1-1 सीट जा सकती है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस रांची, हजारीबाग, खूंटी, गोड्डा, कोडरमा, धनबाद से लड़ सकती है । पलामू, चतरा और लोहरदगा में एक सीट पर कांग्रेस लड़ सकती है, जबकि झामुमो दुमका, राजमहल, जमशेदपुर, गिरिडीह, सिहंभूम पर चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। पलामू और चतरा सीट में से एक राजद के खाते में जा सकती है । बैठक में दोनों दल के नेताओं ने इस बात पर अधिक जोर दिया कि जीतने वाले मजबूत प्रत्याशी को ही चुनाव मैदान में उतारा जाए,

## आदिवासी-मूलवासी और खतियान नीति विरोधी है हेमंत पार्ट 2 : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी, मूलवासी, एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है। अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा पिछड़ों के आरक्षण के लिए गंभीर थी तो उसने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों के आरक्षण के क्यों करवाया। वह तो नगर निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए करने जा रही थी। पर सर्वोच्च न्यायालय के फटकार के बाद ये रुका। प्रतुल ने कहा कि जेएमएम ने सवा चार वर्षों के बाद भी पिछड़ों की आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए ट्रिपल टेस्ट की शुरूआत तक नहीं की। यही इनकी असलियत को दशार्ता है। प्रतुल ने कहा कि ये सरकार सवा चार वर्षों से शासन कर रही है। लेकिन 1932 उनके लिए एक चुनावी झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं रहा है। प्रतुल ने कहा कि 1932 के खतियान को यह सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी कर सकते थे। लेकिन इन्होंने विधानसभा भेज कर लटकाने का





## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से रश्मि ग्रुप के अध्यक्ष एसके पटवारी ने की मुलाकात



**रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में रश्मि ग्रुप, कोलकाता के अध्यक्ष एसके पटवारी ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री को उन्होंने रश्मि ग्रुप, कोलकाता द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया तथा राज्य में स्टील तथा कोल माइंस के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा जताई।**

### झारखंड हाई कोर्ट ने साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में एसपी को वर्चुअली उपस्थित होने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने दोनों बच्चों को बरामद करने मामले में हुई कार्रवाई के संबंध में पूछा। इसपर उनकी ओर से गुमशुदा बच्चों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इसपर कोर्ट ने साहिबगंज एसपी को बुधवार को अदालत में वर्चुअल रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कुलदेव साह की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाल एवं दीपक साहू ने पैरवी की। कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कम्प्लेन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।





### झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा मामले की हुई सुनवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह जिलावार बताएं कि कितने पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला है? कोर्ट ने मुआवजा नहीं मिलने वाले पीड़ितों की सूची को प्रस्तुत करने का निर्देश प्रार्थी को दिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा मामले लंबित 650 क्रिमिनल केस में से 550 केस में चार्जशीट दाखिल हो चुका है। बोकारो जिला से संबंधित दर्ज 23 क्रिमिनल केस के दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं। जिलों में लंबित केस के निष्पादन को लेकर डीजीपी ने संबंधित जिलों के एसपी को नोडल अधिकारी बनाया है। सरकार की ओर से अभी बताया गया कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वन मैन कमीशन द्वारा अनुशंसा किए गए 41 पीड़ितों में से 39 पीड़ितों को मुआवजा दे दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की।

### झारखंड में आठ आईएफएस को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आईएफएस (भारतीय वन सेवा) को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस संबंध में सोमवार देर रात अधिसूचना जारी की है। बंजर भूमि विकास बोर्ड के कार्यकारी निदेशक पद पर पदस्थापित शशिकर सामंत को अपने कार्यों के अलावा वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक झारखंड रांची का प्रधान मुख्य वन संरक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार एफडीए के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित विश्वनाथ साह को निदेशक झारपार्क्स का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दुमका के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित सतीश चंद्र राय को प्रादेशिक अंचल वन संरक्षक देवघर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक्षारत सत्य प्रकाश नेगी को कार्य नियोजना अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक की जिम्मेवारी सौंपी गई है। देवघर के वन प्रमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित राजकुमार साह को देवघर का सामाजिक वानिकी प्रमंडल का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष को मेदिनीनगर का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामाजिक वानिकी योजना अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रमंडल का वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास उज्जवल को सिमडेगा का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा को सामाजिक वानिकी प्रमंडल रांची का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देवघर से बासुकीनाथ रोड के फोरलेन योजना को दी मंजूरी

रांची। केंद्रीय पथ परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय ने झारखंड के 292.65 करोड़ की सड़क परियोजना की मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत नेशनल हाईवे 114 ए में टावर चौक से बासुकीनाथ सेक्शन सड़क को एचएएस मोड़ पर फोरलेन किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि यह सड़क परियोजना देवघर और बासुकीनाथ पर्यटन क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा और इसके बनने से आवागमन काफी आसान होगा। अभी यह रोड दो लेन है। श्रावणी मेला में इस रोड में काफी भीड़ हो जाता है। ऐसे में इसके चौड़ीकरण की आवश्यकता थी, जिसे बदलकर फोरलेन किया जाएगा। इसके बनने से पूरे क्षेत्र का आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

### देश के सात राज्यों के आठ शहरों में झारखंड के मजदूरों की मदद करेगा प्रवासन सहायता केंद्र

**रांची।** राज्य के कुशल मजदूरों को अपने राज्य से बाहर काम करने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। राज्य सरकार ने ऐसे प्रवासी युवक युवतियों के लिए देश के सात राज्यों में स्थित आठ शहरों में प्रवासन सहायता केंद्र खोला है। रांची के रेडिसन ब्लू होटल में मंगलवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता और श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा इसकी शुरूआत की। श्रम विभाग के द्वारा खोले गए प्रवासन सहायता केंद्र में झारखंड से रोजगार के लिए दूसरे राज्य जाने वाले कुशल श्रमिकों को एक महीने तक मुफ्त में रहने के अलावा भोजन मिलेगा। इस प्रवासन सहायता केंद्र में स्थानीय स्तर पर होने वाली परेशानी और समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि लेह लद्दाख जैसे क्षेत्र में भी जल्द सरकार प्रवासन सहायता केंद्र खोलने जा रही है। इन जगहों पर बड़ी संख्या में झारखंड के मजदूर काम की तलाश में जाते हैं। इन केंद्रों से मजदूरों का काफी सहायता मिल सकेगी। इस प्रवासन केंद्र के जरिए सरकार को झारखंड के श्रमिकों की विस्तृत जानकारी भी मिलेगी और उन्हें परदेश में सहायता भी मिलेगी। एक प्रवासन सहायता केंद्र में करीब 100 बेड उपलब्ध होंगे, जहां अपने माता-पिता के साथ जाने वाले श्रमिकों को ठहरने की सुविधा होगी।

## एक नजर

### दो लोडेड पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने दो लोडेड पिस्टल और चार कारतूस के साथ जेम्स मुर्मू को गिरफ्तार किया है। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की चितरागड़िया बाजार में किसी घटना को अंजाम देने के लिए जेम्स मुर्मू पिस्तौल लेकर घूम रहा है। तत्काल एसपी ने प्रभारी थाना प्रभारी गणेश पासवान को यह सूचना दी। थाना प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेम्स मुर्मू को गिरफ्तार किया। उसके पास से मैगजीन लोड दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुए। इस मामले में थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने सुबोधकांत सहाय के प्रति जताया आभार

**रांची।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी मांगों की स्वीकृति मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं झारखंड सरकार के प्रति आभार जताया। विदित हो कि विगत लगभग ढाई सौ दिनों से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से भी मांगों के संदर्भ में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया था।

# भारत अनाथों का देश नहीं कि कोई भी आए और यहां बस जाए : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि भारत अनाथों का देश नहीं है कि कोई भी आए और यहां बस जाए। देश में सीएए जैसे कानून इसीलिए लाए गए हैं। राज्यपाल ने मंगलवार को पत्रकारों के सीएए को लेकर पूछे गए सवाल पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही 140 करोड़ की आबादी वाला देश है। इसे ध्यान में रखकर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पत्रकारों ने जब उनसे सीएए लागू करने की टाइमिंग पर पूछा तो उन्होंने कहा कि जब कोई भी कानून आता है तो सवाल तो उठते हैं। लेकिन, इन सबसे अलग हमें इसके पीछे का मकसद को भी समझना होगा। सीएए को लागू करने का मकसद देश में अवैध तरीके से माइग्रेशन करके आने वालों को रोकना है।

## पुरस्कृत सभी मुखिया के साथ हो सीधा संवाद : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्या शबनम परवीन ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान हिमांशु शेखर ने गत एक वर्ष में राज्य खाद्य आयोग द्वारा किए गए कार्यों और आयोग के विशेष पहल के विषय में राज्यपाल को विस्तार से बताया। खाद्य आयोग द्वारा राज्य के सभी जिलों में आयोजित मुखिया संवाद कार्यक्रमों, जन सुनवाइयों, समीक्षा बैठकों और औचक निरीक्षण जैसे कार्यों को राज्यपाल ने प्रशंसनीय बताया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और निगरानी में बेहतर काम करने वाले हर जिले के तीन मुखिया को खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत किए जाने के पहल की भी राज्यपाल ने सराहना की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बेहतर काम करने के आधार पर खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत सभी मुखिया के साथ मुलाकात और सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की संभावना तलाशने का निर्देश भी दिया ताकि जमीनी हकीकत जानी और समझी जा सके। राज्यपाल ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं की राज्य में क्या स्थिति है इस संदर्भ की विस्तृत जानकारी आयोग के अध्यक्ष से ली। राज्यपाल ने आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी को मुलाकात के दौरान निर्देश दिया कि वो सुनिश्चित करें कि राज्य में किसी को भी खाद्यान्न का संकट न हो। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को उसी मात्रा और अहर्ता के अनुरूप मिले जिसके वो हकदार है। राज्यपाल ने आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर को खाद्य सुरक्षा अधियम से अक्षादित योजनाओं के क्रियान्वन में आ रही परेशानियों और उसे दूर करने के उपायों का उल्लेख करते हुए एक विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा।



## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ पर मंगलवार को रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, डीआरयूसीसी के सदस्य नवजोत अलंग और महेंद्र जैन मुख्य रूप से शामिल हुए। रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होने पर चैंबर अध्यक्ष ने महाप्रबंधक और डीआरएम को बधाई देते हुए प्रदेश में यात्री रेल सुविधा में बढ़ोतरी के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड से छत्तीसगढ़ के लिए रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाना आवश्यक है। उचित होगा कि यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया-दुर्ग को नागपुर तक विस्तारित करते हुए इसका परिचालन प्रतिदिन किया जाए। साथ ही, उन्होंने रांची से रायपुर और रांची से भुवनेश्वर वंदे भारत ट्रेन परिचालित करने की मांग की।

# गाय के उत्पादों से बढ़ सकती है गोपालकों की आमदनी : शाहनवाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गाय के दूध व अन्य उत्पादों के उपयोग से पशुपालकों की आमदनी बढ़ सकती है। दुग्ध जनित पदार्थों के अलावा गोबर गैस, वर्मी कंपोस्ट आदि तैयार कर गोपालन करने वाले कृषक आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं। ये बातें गव्य विकास निदेशालय के निदेशक शाहनवाज अख्तर ने मंगलवार को गव्य विकास विभाग के प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा में गव्य निदेशालय के सौजन्य से आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। 'एकीकृत डेयरी फार्मिंग से आजीविका और आर्थिक विकास' विषय पर आयोजित कार्यशाला में किसानों/पशुपालकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गाय के दूध व गोबर के उपयोग से पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। गाय पालना आजीविका का एक सशक्त साधन है। खास कर, ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक सशक्तिकरण में गोपालन काफी सहायक है। कार्यशाला में गव्य निदेशालय के उप निदेशक सह मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि पशुपालकों को गाय के दूध के अलावा गोबर के अन्य उत्पादों से भी लाभ लेने की जरूरत है। तिवारी ने कार्यशाला का विषय प्रवेश करते हुए किसानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड मिल्क फेडरेशन/ मेधा डेयरी के सहायक प्रबंधक राहुल वर्मा ने कहा कि किसान यदि समेकित डेयरी व्यवसाय करें, तो इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। वर्मा ने पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की अत्याधुनिक तकनीक की जानकारियां भी दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड कैबिनेट की बैठक...**

उनकी बहाली हुई थी। ग्रामीण विकास की योजनाओं में इनका महत्वपूर्ण योगदान था। लंबे समय से यह सभी स्वयंसेवक मानदेय के लिए आंदोलन भी कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 11 नए तीर्थ स्थलों को मिली मंजूरी :** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को मंजूरी दी गयी है। इसके तहत 11 नए तीर्थ स्थल जोड़े गए हैं। राज्य के बाहर के 20 तीर्थ स्थानों को जोड़ा गया है। कैबिनेट ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में झारखंड के चम्पाई सोरेन ने कहा कि वे 1932 का खतियान व सरना धर्म कोड व आदिवासी-मूलवासी के मुद्दे झारखंड के लिए अहम हैं।

**पाठ्यपुस्तकों की राशि में की गयी है वृद्धि :** झारखंड के सरकारी स्कूलों की कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों को दी जानेवाली पाठ्यपुस्तकों की राशि में वृद्धि की गयी है। अब बच्चों को पुस्तक खरीदने के लिए 750 रुपये के बदले 902 रुपये दिये जाएंगे। मुसाबनी से ओडिशा बॉर्डर की सड़क के लिए 35 करोड़ की राशि की मंजूरी दी गयी है। दुमका में रानेश्वर पथ के लिए 65 करोड़ की राशि मंजूर की गयी है।

**कैबिनेट ने सड़कों के लिए राशि की दी मंजूरी :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चतरा-रांची पथ के लिए कैबिनेट ने राशि की मंजूरी दी है। डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल तक फोर लेन सड़क के लिए राशि की मंजूरी दी है। प्रेझा फाउंडेशन द्वारा आठ नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का संचालन किया जाएगा।

**कैबिनेट के अन्य...**

हेहल तक 1.87 किलोमीटर रोड निर्माण कार्य के लिए 102 करोड़ 68 लाख 99 हजार मात्रा की प्रशासनिक स्थिति प्रदान करने की।

- राज्य के सरकारी सेवकों का आवास किराया भत्ता की अनुमान्यता की स्वीकृति दी गई।

-कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 36,64,47,000 रुपये की स्वीकृति दी गई।

-कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 39,07,85,000 रुपये की स्वीकृति दी गई।

-नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू अंतर्गत गढ़वा जिले के मेराल में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 36,26,39,000 रुपये की स्वीकृति दी गई।

-कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य के लिए 39,94,08,900 रुपये की स्वीकृति दी गई।

**विधायक अंबा सहित उनके पापा, चाचा...**

दौरान ही पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के कब्जे वाली जमीन का विवाद सामने आया था। सूचना है कि वर्तमान में वे गोविंदपुर धनबाद में पदस्थापित हैं। ईडी की छापामारी में नकदी की सर्वाधिक बरामदगी उनके ही आवास से होने की बात सामने आई है। जब्त दस्तावेजों का सत्यापन जारी है।

**क्या है हजारीबाग में जमीन हड़पने का मामला :** हजारीबाग शहर के हुरहुरू स्थित जिस जमीन को लेकर गत वर्ष बवाल मचा था, वह जमीन खासमहाल की जमीन थी। उसका मौजा कैंटोनमेंट, थाना नंबर 157, भवन पट्टा होल्डिंग नंबर 302, प्लाट संख्या 872, 1235, 873, 1336, 893 व 1337 है। इस जमीन का कुल रकबा 25 डिसमिल, 15 डिसमिल व दस डिसमिल यानी कुल 50 डिसमिल है। इस 50 डिसमिल जमीन के आधे हिस्से यानी 25 डिसमिल पर चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसका विरोध हुआ और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद गत वर्ष 11 नवंबर 2023 को चारदीवारी निर्माण बंद करवा दिया गया था। इस मामले में जांच के क्रम में प्रशासन ने योगेंद्र साव के साथ-साथ लीजधारक को भी नोटिस भेजा था। जमीन का लीज मोहम्मद अहसान के नाम से था, जो 31 मार्च 2008 को समाप्त हो गया था। उक्त जमीन सरकारी है। जांच में उक्त जमीन सरकारी पाए जाने के बाद प्रशासन ने उसे अतिक्रमण मुक्त कराया था।

**पतरातू में अंबा प्रसाद व उनके पिता पर आया था ये मामला :** ईडी ने जमीन घोटाले के विभिन्न मामलों में कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर दबिश दी थी। इनमें पतरातू के तालाटांड़ निवासी सरिता देवी ने भी अंबा प्रसाद व उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के विरुद्ध जमीन हड़पने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। उसने रामगढ़ के उपायुक्त को बताया था कि वर्षों पहले जिस 49 डिसमिल जमीन की उसने एग्रिमेंट करवाया था, उसपर जबरन विधायक के पिता योगेंद्र साव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ चारदीवारी करवाकर गेट लगवा दिया था।

**यहां यहां हुई...**

नजदीक, गुरुचट्टी, बड़कागांव, हजारीबाग।

**मनोज कुमार अग्रवाल :** पिता गजानंद अग्रवाल, फ्लैट नंबर 101, फर्स्ट फ्लोर, मुंका बगीचा, महेश सोनी चौक, हजारीबाग।

**उदय साव :** पिता महावीर साव, मेयातू गेट, सुल्ताना हजारीबाग।

**शशि भूषण सिंह :** पिता मकसुदन प्रसाद, रोड नंबर-5, हवाई नगर, रांची।

**योगेंद्र साव :** पतरवा चौक, हजारीबाग।

**पंकज नाथ :** ओकनी बाड़ा, हजारीबाग।

**धीरेंद्र साव :** हुरहुरु रोड, हजारीबाग।

**नायब सैनी बने हरियाणा के नए...**

साथ दोबारा राज्यपाल से मिले और सरकार गठन का दावा पेश किया। इसके बाद राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद मनोहर सरकार में मंत्री रहे कंवर पाल को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलाई गई। कंवर पाल के बाद बल्लभगढ़ के विधायक मूल चंद शर्मा, रानियां से निर्दलीय विधायक चौधरी रणजीत चौटाला, लोहारू के विधायक जय प्रकाश दलाल, डॉ. बनवारी लाल को भी बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलवाई गई। इस नई सरकार में मनोहर मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता, राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, कमलेश ढांडा तथा संदीप सिंह को अभी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 27 अक्टूबर 2019 को जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर हरियाणा में मनोहर को मुख्यमंत्री समेत 14 कैबिनेट व राज्य मंत्रियों के साथ सरकार का गठन किया था। इनमें जजपा के कोटे से उपमुख्यमंत्री समेत तीन मंत्री शामिल थे। इसके अलावा एक मंत्री निर्दलीय कोटे से रहे हैं। लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा व जजपा के बीच सोमवार को देररात गठबंधन टूट गया। इससे पहले सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर प्रदेश के सभी निर्दलीय विधायकों के साथ मुलाकात की। इसमें सभी निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को लिखित समर्थन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व गृहमंत्री अनिल विज राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को मनोहर मंत्रिमंडल के इस्तीफे सौंपकर सरकार को भंग करने की सिफारिश कर डाली।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की...**

को लेकर बैठक की जाएगी। इस दौरान डा. आशा लकड़ा ने सचिव से आयोग के क्रियाकलापों व पूर्व में निष्पादित कीर गए मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पद की प्रमुख जिम्मेदारी के साथ देश के संविधान में वर्णित शक्तियों का पालन कर असहाय व शोषितों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी और संबंधित लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहूंगी।

**आठ आईएएस का तबादला...**

निदेशक बागवानी झारखंड के साथ झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार,वरुण रंजन प्रबंध निदेशक झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड रांची का खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार तथा प्रतीक्षारत हिमांशु मोहन को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड का कार्यपालक पदाधिकारी के साथ खान एवं भू तत्व विभाग के संयुक्त सचिव और तेजस्विनी परियोजना का मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**4,450 करोड़ से तीसरी रेल...**

उन्होंने कहा कि तीसरी रेल परियोजना के उद्घाटन से मालगाड़ियों को सीधी लाइन मिलेगी। इनकी गति बढ़ेगी। साथ ही नयी ट्रेनों का परिचालन भी संभव हो पायेगा। सांसद ने कहा कि पतरातू से सोननगर तक चार हजार करोड़ रुपये एवं चियांकी से गढ़वा रोड तक 450 करोड़ खर्च कर तीसरी रेल परियोजना को पूरा किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सीटीआई बीएम पांडेय ने किया।

**तीन दिन वंदे भारत को पलामू से संचालन की कोशिश :** सांसद ने कहा कि रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को पलामू के रास्ते तीन दिनों तक चलाने की कोशिश की जा रही है। उमीद है यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन पलामू से होकर गुजरेगी।

**रांची एकमात्र राजधानी जहां से तीन...**

से अच्छी है खास तौर पर समयबद्धता में। 2.25 बजे ट्रेन गया स्टेशन पहुंची स्टेशन पर केसरिया रंग की इस नई ट्रेन के साथ सेल्फी और फोटो खींचने वाले लोगों की भारी भीड़ लगी है बहुत से लोगों को पुलिस अंदर घुसकर देखने से रोक रही थी। यहां से चलकर चार बजे ट्रेन सासाराम पहुंची जहां गाजे बाजे से इसका स्वागत किया गया बड़ी संख्या में भीड़ उपस्थित थी जो सेल्फी या फोटो खींच रही थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### नवी मुंबई में 8 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के शाहबाज गांव में एक फ्लैट में छापा मार कर पुलिस ने 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी बगैर वैध दस्तावेज के पिछले चार साल से यहां रह रहे थे। मामले की छानबीन जारी है। पुलिस के अनुसार शाहबाज गांव में अवैध तरीके से कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इनमें पांच महिलाएं और तीन पुरुष हैं, जिनकी उम्र 20 से 40 साल के बीच है।

### पीडीएस मामले में शेख शाहजहां की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कथित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) घोटाला मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने कहा कि पीडीएस मामले में शाहजहां का नाम मामले के एक अन्य आरोपी के संबंध में सामने आया, जब वह ईडी की हिरासत में था। पीठ ने कहा, इसलिए, ऐसी स्थिति में, अग्रिम जमानत की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह तीसरी बार है जब राशन वितरण मामले में शाहजहां की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की गई है।

### अमेरिका : स्कूल बस व ट्रक में टक्कर, 5 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इलिनोइस राज्य की राजधानी स्प्रिंगफील्ड से लगभग 91 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में रशविल में एक हाईवे पर एक स्कूल बस के ट्रक से टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

### पाक में इमारत ढहने से नौ की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार को तीन मंजिला एक इमारत गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जियो न्यूज ने रेस्क्यू 1122 के जिला आपातकालीन अधिकारी कलीम उल्लाह के हवाले से कहा कि यह घटना मुल्तान के मोहल्ला जवादियान में मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे हुई। घटना के बाद टीमों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मलबे में फंसे 11 लोगों में से नौ की जान चली गई। दो घायलों को निश्तार अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### यमन के हूथी ने लाल सागर में मर्चेंट शिप पर किया हमला

**सना।** यमन के हूथी विद्रोहियों ने अमेरिकी जहाज पिनोचियो पर लाल सागर में मिसाइल से हमला किया है। हूथी द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के माध्यम से प्रसारित बयान में दावा किया गया कि हमला सटीक था। हूथी ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रमजान के दौरान अपने हमले तेज करने की योजना बनाई है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने लाइबेरिया के झंडे वाले कंटेनर जहाज पिनोचियो से संबंधित एक घटना की घोषणा की, जो सोमवार को हूथी नियंत्रण के तहत एक बंदरगाह, होदेइदाह से 71 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में हुई। फिलहाल, किसी के हताहत होने या जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नहीं है।

# विकास योजनाएं सरकार बनाने का माध्यम नहीं, राष्ट्र निर्माण का मिशन : प्रधानमंत्री

- दस साल का काम सिर्फ ट्रेलर, हमें लंबा रास्ता तय करना है
- पीएम ने 10 वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, चार का विस्तार
- 6 पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों में रेलवे स्टेशन तक नहीं थे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में एक लाख छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को समर्पित किए और 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि अब तक के 10 साल का काम सिर्फ ट्रेलर है, उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। हमारे लिए ये विकास परियोजनाएं सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का मिशन हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरकारों ने सामाजिक कल्याण पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी। इसका रेलवे क्षेत्र पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा। मेरी सरकार



का जोर भारतीय रेलवे को आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का माध्यम बनाने पर है। कहा, 10 साल पहले तक 6 पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों में रेलवे स्टेशन नहीं थे। उनकी सरकार ने रेलवे क्षेत्र का परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया। हमने औसत रेल बजट को 2014 से पहले के बजट की तुलना में 6 गुना बढ़ा दिया।

**पांच वर्षों में होगा ऐसे कायाकल्प जिसकी आपने कल्पना नहीं की होगी :** उन्होंने कहा, मैं गारंटी दे रहा हूं कि अगले 5 साल में आप भारतीय रेल का ऐसा कायाकल्प होते देखेंगे, जिसकी आपने कल्पना नहीं की होगी। तेज गति से नए रेलवे ट्रैक का निर्माण, 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत जैसी नेक्स्ट जेनरेशन ट्रेन, आधुनिक रेलवे इंजन और कोच फैक्ट्रियां भारतीय रेल की तस्वीर बदल देंगी। पीएम ने आज दहेज में पेट्रोनेट एलएनजी के पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखी।

### 10 नए वंदे भारत

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरू-डॉ एमजीआर सेंट्रल (चेन्नई), पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू, रांची-वाराणसी, खजुराहो-दिल्ली (निजामुद्दीन) के बीच 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को आज हरी झंडी दिखाई।

### चार का विस्तार

अहमदाबाद-जामनगर वंदे भारत अब द्वारका तक, अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला वंदेभारत अब चंडीगढ़ तक, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत को प्रयागराज तक, तिरुवनंतपुरम-कासरगोड को मंगलुरू तक बढ़ाया गया है।

### डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

पीएम ने न्यू खुर्जा जंक्शन, साहनेवाल, न्यू रेवाड़ी, न्यू किशनगढ़, न्यू घोलवड और न्यू मकरपुरा से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर मालगाड़ियों को भी झंडी दिखाई। 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित, 51 गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल भी राष्ट्र को समर्पित, 35 रेल कोच रेस्तरां राष्ट्र को समर्पित किए।

## विश्व स्तरीय ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन

- कंट्रोल सेंटर में 200 फुट लंबी स्क्रीन लगी है जिस पर रेलवे ने 400- 400 किमी के अलग-अलग सेक्शन डिवाइड कर रखे हैं।
- इसमें पॉइंट मशीन, सिग्नल, स्टेशन पर कौन सी गाड़ी रहेगी, लोको पायलट के साथ फोन पर बातचीत, सब एक जगह से ही होगा।
- दुनिया के बड़े देशों में ऐसे ही कमांड सेंट्र हैं जिससे पूरे रेलवे की मॉनीटरिंग एक जगह से हो सके, जो पूरी तरीके से सेफ होता है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों में जो विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी और कमांड सेंटर मौजूद हैं, वह अब भारतीय रेलवे के पास भी है। इस कंट्रोल सेंटर में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस सभी उपकरण मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अहमदाबाद में इसका उद्घाटन किया।



### उत्तराखंड को भी मिली वंदे भारत ट्रेन

**देहरादून।** पीएम ने उत्तराखंड को एक और सौगात दी। पीएम मोदी ने मंगलवार को देहरादून से लखनऊ के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत की। इस दौरान 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' कार्यक्रम की भी शुरूआत की गई। देहरादून-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन में पहली यात्रा को यादगार बनाने के लिए रेलवे ने निःशुल्क टिकट मुहैया कराए थे। रेलवे ने देहरादून स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर दो से वंदे भारत एक्सप्रेस को पहली बार रवाना किया।

### यूपी को तीन नई वंदे भारत की सौगात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री जी ने पटना-लखनऊ, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी सहित देश के लिए 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार प्रदान किया। देश में माल परिवहन की सुगमता के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की माल गाड़ियों को हरी झंडी भी दिखाई।

### मप्र को मिली चौथी वंदे भारत ट्रेन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। यह मध्य प्रदेश में चलने वाली चौथी वंदे भारत ट्रेन है। मोदी ने वीसी के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें भोपाल मंडल के अंतर्गत तीन जिलों में स्थित पांच स्टेशनों पर (बीना-1,भोपाल-3,रानी कमलापति-3,नर्मदापुरम-2 एवं इटारसी-2) पर 72.5 लाख रुपये की लागत से तैयार कुल 11 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टालों का लोकार्पण किया गया। भोपाल के बैरागढ़ में वंदे भारत ट्रेन के मेंटनेंस के लिए कोचिंग काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। इस काम्प्लेक्स में एक साथ 10 वंदे भारत ट्रेन के मेंटनेंस का काम किया जा सकेगा।

### बिहार को मिली दो वंदे भारत ट्रेनें

**पटना (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार को दो नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। यह वंदे भारत ट्रेन पटना से न्यू जलपाईगुड़ी और लखनऊ के लिए सीधे चलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी वर्चुअली शामिल हुए। शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण की जाने वाली रेल परियोजनाओं में पूर्व मध्य रेल की 13,228 करोड़ रुपए की परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत वाली वाशिंग पिट लाईन के साथ कोचिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण का शिलान्यास किया। इसी तरह 5,423 करोड़ रुपए की लागत से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की न्यू चिरैला पाथु-न्यू सोननगर-न्यू डीडीयू रेलखंड को राष्ट्र को समर्पित किया। आरा और मुजफ्फरपुर में वाशिंग पिट लाईन, 16 गुड्स शेड, 1,329 करोड़ रुपए की लागत वाली 4 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, पटना, दरभंगा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर भारतीय जनऔषधि केंद्र एवं 68 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का भी लोकार्पण किया गया।



"रेलवे ऑपरेशन के हर गतिविधि को इस केंद्र से नियंत्रित किया जाता है। उदाहरण स्वरूप मान लीजिए कहीं पर मेंटेनेंस किया जाना है, और स्टेशन मास्टर ने ध्यान नहीं दिया और वहां पर गाड़ियों को जाने से रोका नहीं, तो सब कुछ इस कमांड सेंटर की स्क्रीन पर सामने आ जाएगा और यहीं से बैठकर सिग्नल को रेड या ग्रीन किया जा सकेगा।"

**-अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री**

## चुनाव आयोग की टीम ने जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों के साथ की चर्चा

**एजेंसी। श्रीनगर**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की टीम ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में लोकसभा से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। चुनाव आयोग की टीम से मुलाकात करने वालों में कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), बीजेपी, सीपीआई एम और जेएंडके अपनी पार्टी शामिल हैं। इस दौरान नेकां




प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नासिर असलम वानी ने किया, जबकि गुलाम नबी लोन हंजुरा ने पीडीपी का नेतृत्व किया। वानी और लोन दोनों ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव कराने की भी मांग की है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद, चुनाव आयोग की टीम जिला विकास आयुक्तों और एसएसपी के साथ जमीनी स्थिति की समीक्षा करेगी। आयोग की टीम यूटी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी.के.ध्रुव के साथ भी बैठक करेगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, अटल डुल्लू और डीजीपी, आर.आर.स्वैन का भी सीईसी, राजीव कुमार की अध्यक्षता वाली आयोग की टीम से मिलने का कार्यक्रम है। दिल्ली लौटने से पहले टीम बुधवार को जम्मू में इसी तरह की बैठकें और समीक्षा करेगी।


## पाक की नई सरकार में ख्वाजा आसिफ संभालेंगे रक्षा मंत्रालय



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की नई सरकार में ख्वाजा आसिफ रक्षा मंत्रालय संभालेंगे। सरकार में शामिल 19 सदस्यों के शपथ लेने के बाद मंत्रालयों की घोषणा की गई है। पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार को विदेश मंत्रालय आवंटित किया गया है। बैंकर मोहम्मद औरंगजेब को प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की वित्त टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। इसके अलावा पंजाब के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। नकवी के संसद के ऊपरी सदन के सदस्य के रूप में चुने जाने की भी संभावना जताई गई है।अहद खान चीमा को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ रक्षा उत्पादन और विमानन के अतिरिक्त विभाग भी संभालेंगे। अहसान इकबाल योजना, विकास और विशेष पहल मंत्रालय की बागडोर संभालेंगे। फिलहाल राज्यमंत्री शजा फातिमा ख्वाजा को कोई विभाग नहीं दिया गया है।

### पाकिस्तान की प्रथम महिला बनेंगी राष्ट्रपति जरदारी की बेटी आसिफा भुट्टो




पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी 31 वर्षीय बेटी आसिफा भुट्टो को औपचारिक रूप से देश की प्रथम महिला का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। प्रथम महिला का दर्जा आमतौर पर राष्ट्रपति की पत्नी को मिलता है लेकिन साल 2007 में उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या हो गई थी। जरदारी ने भुट्टो की मृत्यु के बाद दोबारा शादी नहीं की और वह जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे तो उनके पहले कार्यकाल (2008 से 2013) के दौरान भी देश की प्रथम महिला का पद खाली था। जरदारी ने रविवार को देश के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## विकसित भारत की कल्पना आत्मनिर्भरता के बिना संभव नहीं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**एजेंसी। पोखरण/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के पोखरण में तीनों सेनाओं के लाइव फायर और कौशल अभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के एक संयोजित प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को दोहराया और कहा कि विकसित भारत की कल्पना इसके बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं के अभ्यास के बाद सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलीकॉप्टर, मिसाइल सिस्टम की गर्जना ही भारत की शक्ति है। हथियार और गोला-बारूद, संचार उपकरण, साइबर और स्पेस तक हम 'मेक इन इंडिया' की उड़ान अनुभव कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भारत शक्ति का उत्सव राजस्थान में हो रहा है लेकिन इसकी गूंज सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। पोखरण को भारत के परमाणु हथियारों के परीक्षण स्थली के रूप



में जाना जाता है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पोखरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मविश्वास और भारत के आत्मगौरव की त्रिमूर्ति का साक्षी बना है। पोखरण एक समय में भारत की परमाणु शक्ति का गवाह बना था। आज स्वदेशीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की शक्ति का गवाह बन गया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि आज देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरीडोर बन रहे हैं। इनमें अब तक 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ है। आज हेलीकॉप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी फैक्टरी भारत में काम करना शुरू कर चुकी है। बीते 10 वर्षों में भारत ने अपना लड़ाकू हवाई जहाज बनाया है। भारत ने अपना एयरक्राफ्ट कैरियर बनाया है। सी295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारत में बनाए जा रहे हैं। आधुनिक इंजन का निर्माण भी भारत में होने वाला है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत की सेना और भारत का डिफेंस सेक्टर बहुत बड़ा होने वाला है। इसमें युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर बनने वाले हैं। कभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिफेंस इम्पोर्टर हुआ करता था। आज भारत डिफेंस सेक्टर में भी एक बड़ा निर्यातक बनता जा रहा है। आज भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 की तुलना में 8 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। भारत शक्ति अभ्यास में देश की शक्ति के प्रदर्शन के रूप में स्वदेशी अस्त्र प्रणालियों और प्लेटफॉर्मों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई। यह देश की आत्मनिर्भरता पहल पर आधारित है।

### जैसलमेर : तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित बाहर निकले

**जयपुर।** भारतीय वायु सेना का एक तेजस विमान मंगलवार को ऑपरेशनल ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। आईएएफ के अधिकारियों ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, भारतीय वायु सेना का एक तेजस विमान मंगलवार को एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया है।

### पहाड़ का हिस्सा गिरा तीन श्रमिकों की मलबे में दबकर मौत

**महोबा।** पत्थर उद्योग नगरी कबरई में पहाड़ का एक हिस्सा भरभरा कर गिरने से खदान में काम कर रहे तीन श्रमिकों की दबकर मौत हो गई जबकि आधा दर्जन श्रमिक मलबे में दब गए। हादसा के बाद पहाड़ों में काम कर रहे श्रमिकों में हड़कंप मच गया। श्रमिकों ने हंगामा काटा। पुलिस की मौजूदगी में रेस्क्यू का काम शुरू हो गया। और एक के बाद एक तीन शवों को निकाला गया जबकि मलबे में दबे आधा दर्जन श्रमिकों को निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। मंगलवार को पहरा स्थित पहाड़ में श्रमिक सफाई कर रहे थे तभी एकाएक पहाड़ का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया। सफाई में लगा एलएनटी चालक 25 वर्षीय धीरु सिंह पुत्र रामविशाल एलएनटी सहित मलबे में दब गया जिसे आनन-फानन में मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके साथ मलबे से निकाले गए 38 वर्षीय राम मिलन पुत्र सीताराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस के युवाओं से किया भारत से जुड़े रहने का आग्रह

**एजेंसी। पोर्ट लुइस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मॉरीशस के युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने गौरवशाली अतीत को पोषित करने और अपने उज्ज्वल भविष्य में निवेश करने के लिए भारत के साथ जुड़े रहें। देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपनी 'अमृत काल' यात्रा पर निकल पड़ा है। मॉरीशस विश्वविद्यालय में छात्रों और विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने आशा व्यक्त की कि दोनों देशों के युवा विशेष साझेदारी को प्रगाढ़ करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति 11 से 13 मार्च तक मॉरीशस दौरे पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे युवाओं के बीच दोस्ती के ये बंधन हमारे रिश्ते को ऊपर की ओर ले जाएंगे। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपनी 'अमृत काल' यात्रा शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं अपने मॉरीशस मित्रों से आग्रह करती हूं कि वे भारत से अपनी विशेष निकटता का लाभ उठाएं और यहां उपलब्ध विशाल आर्थिक अवसरों



का फायदा उठाएं। शिक्षा हमारे दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को आकार देने में एक महत्वपूर्ण साधन रही है। उन्होंने भारत की 'दूरंदेशी' नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात की, जिसके बारे में उन्होंने कहा, यह नवाचार का पावरहाउस बनने के लिए भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाएगा। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक दशक से भी कम समय में भारत ने लगभग 400 नए विश्वविद्यालय, 5,300 नए कॉलेज, 75 नए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, 14 नए एम्स, सात नए आईआईटी और सात नए आईआईएम स्थापित किए हैं, जिनमें से आधे नए विश्वविद्यालय और अधिकांश नए कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं।